बड़े मियां छोटे मियां में काम करती नजर आएंगी : सोनाक्षी सिन्हा



पेज-14


# राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ गोरखपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

गोरखपुर

शनिवार • 4 मार्च • 2023

14+4 (हस्तक्षेप) पृष्ठ, मूल्य ₹ 6.00


सर्राफा दिल्ली सोना (प्रति 10 ग्राम) ₹ 55,940 | चांदी (प्रति किलो) ₹ 64,700 | शेयर सेंसेक्स 59,809 +900 | निफ्टी 17,594 +272 | विनिमय दर ₹/$ 81.97 +0.63 | मौसम (गोरखपुर) तापमान अधिकतम 30.8° | न्यूनतम 16.6°

## संक्षिप्त खबरें

### विधानमंडल की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के संकल्प के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ₹6.90 लाख करोड़ का बजट प्रस्ताव पारित होने के बाद विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गयी। -पेज 02

### हिंसा भड़काने के प्रयास में पीएफआई सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** हाथरस कांड में हिंसा भड़काने के प्रयास में पीएफआई के सक्रिय सदस्य कमाल केपी को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। वह केरल के मलप्पुरम का रहने वाला है। इस मामले में यूएपीए के तहत गिरफ्तार हुए पत्रकार सिद्दीक कप्पन के मोबाइल से मिले वॉयस नोड के आधार पर कमाल की गिरफ्तारी हुई है। -पेज 10

### सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी को बुखार के कारण सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल का कहना है कि सोनिया गांधी को बुखार के चलते दो मार्च को 'चेस्ट मेडिसीन' विभाग के प्रमुख डॉक्टर अरूप बसु और उनकी टीम की निगरानी में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर है।'

# हो रही जासूसी, नष्ट हो रहा लोकतांत्रिक ढांचा : राहुल

**कैम्ब्रिज से कांग्रेस नेता का मोदी सरकार पर हमला**



■ मेरे फोन में पेगासस था, कई और नेताओं के फोन में भी पेगासस था। गुप्तचर अधिकारियों ने मुझे बताया कि फोन पर बातचीत करते हुए कृपया सावधान रहें क्योंकि हम रिकॉर्ड कर रहे हैं

■ **लंदन (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि उनके और कई अन्य विपक्षी नेताओं के फोन में पेगासस स्पाइवेयर था और गुप्तचर अधिकारियों ने खुद उनसे कहा था कि बातचीत करते हुए वह सावधान रहें क्योंकि उनकी बातों को रिकॉर्ड किया जा रहा है।

राहुल गांधी ने ब्रिटेन के मशहूर शिक्षण संस्थान कैंब्रिज विश्वविद्यालय में दिए व्याख्यान में यह आरोप भी लगाया कि भारत में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट कर रहे हैं। 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के प्रमुख सैम पित्रोदा ने राहुल गांधी के व्याख्यान का वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर जारी किया है। राहुल गांधी ने इस व्याख्यान में अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' और चीन के संदर्भ में विस्तार से बातचीत की है। उन्होंने भारत में विपक्षी नेताओं की 'निगरानी किए जाने' का उल्लेख करते हुए दावा किया, 'मेरे फोन में पेगासस था, कई और नेताओं के फोन में भी पेगासस था। गुप्तचर अधिकारियों ने मुझे बताया कि फोन पर बातचीत करते हुए कृपया सावधान रहें क्योंकि हम रिकॉर्ड (आपकी बातों को) कर रहे हैं।'

राहुल गांधी का कहना था, 'हम (विपक्ष) इस तरह का दबाव लगातार महसूस कर रहे हैं। विपक्ष के खिलाफ मामले दर्ज हो रहे हैं। मेरे खिलाफ कुछ ऐसे आपराधिक मामले दर्ज किए गए जो किसी भी परिस्थिति में आपराधिक मामले नहीं थे। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालने के कारण के संदर्भ में कहा 'जब लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला हो रहा है तो विपक्ष के तौर पर हमारे लिए संवाद करना बहुत मुश्किल हो जाता है इसलिए हमने भारत की संस्कृति और इतिहास की तरफ मुड़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इस 'भारत जोड़ो यात्रा' का मकसद सिर्फ दूरी तय करना नहीं था बल्कि लोगों को सुनना था।

कांग्रेस नेता ने कहा, 'हर कोई जानता है और यह खबरों में भी है भारतीय लोकतंत्र दबाव में है और इस पर हमला हो रहा है...लोकतंत्र के लिए जरूरी ढांचे, मसलन संसद, स्वतंत्र प्रेस, न्यायपालिका सभी पर नियंत्रण हो रहा है। इसलिए हम भारतीय लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे पर ही हमले का सामना कर रहे हैं।' राहुल गांधी का कहना था, 'संविधान में भारत को राज्यों का संघ कहा गया है और इस संघ के लिए संवाद जरूरी है। इस संवाद पर ही खतरा है और हमला किया जा रहा है।'

## राहुल के 'मतिभ्रम' पर हम क्या कह सकते हैं



**जासूसी के आरोपों पर भाजपा का तंज**

■ **नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस आरोप का मजाक उड़ाया कि उनकी जासूसी की जा रही है। पार्टी ने दावा किया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष 'भ्रमित' हैं और इस प्रकार के दावे इसलिए करते हैं, क्योंकि वह जहां भी जाते हैं, वहां सुर्खियां बटोरना चाहते हैं। भाजपा प्रवक्ता टॉम वडक्कन ने यहां पत्रकारों से कहा, ''हम राहुल गांधी के मतिभ्रम के लिए क्या कह सकते हैं। अगर वह चीन के साथ अपने (कांग्रेस के) समझौता ज्ञापन को सार्वजनिक करते हैं, तो हमें भी दिलचस्पी होगी और भारत के लोग भी जानना चाहेंगे।'' उन्होंने कहा, 'टेलीफोन पर हुई उनकी बातचीत में कौन दिलचस्पी रखता है।' वडक्कन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पेगासस मामले को बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि गांधी ने पेगासस मुद्दे में उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित जांच के दौरान निरीक्षण के लिए अपना मोबाइल फोन भी नहीं दिया था। उन्होंने सवाल किया कि उन्हें किस बात का भय था? उन्होंने कहा, वह विदेशों में भारतीयों पर हमले को लेकर सवाल क्यों नहीं उठा रहे हैं। यह कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में हुआ है।

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे क्वाड देश

## आतंक के नए व उभरते स्वरूपों से मुकाबला करने को बनेगा कार्यकारी समूह

■ दिल्ली में क्वाड की बैठक, चारों देशों के विदेश मंत्रियों ने जारी किया संयुक्त बयान

■ एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए क्वाड ने जताई प्रतिबद्धता



**क्वाड के सदस्य देश :** भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया

■ **नई दिल्ली (एसएनबी)।** क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए इस चार सदस्यीय समूह की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि यह कानून के शासन, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पुरजोर समर्थन करता है। क्वाड चार देशों -भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान- का समूह है। चारों देश लोकतांत्रिक हैं और निर्बाध समुद्री व्यापार तथा सुरक्षा के साझा हित का समर्थन करते हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, उनके जापानी समकक्ष योशिमासा हयाशी और आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग की मुलाकात के बाद यह घोषणा की गई कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक क्वाड कार्यकारी समूह गठित किया जाएगा। इसका उद्देश्य आतंकवाद के नए व उभरते स्वरूपों, कट्टरपंथ और हिंसक चरमपंथ का मुकाबला करने के लिए उपाय तलाशना है। उन्होंने कहा, ''हम इस वैश्विक मुद्दे पर चर्चा जारी रखने के लिए 2023 में अमेरिक में अपनी प्रथम बैठक को लेकर उत्सुक हैं।''

क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ के सभी स्वरूपों की एक स्वर में निंदा की। उन्होंने आतंकी हमलों को अंजाम देने या उनकी साजिश रचने में इस्तेमाल किए जा सकने वाले आतंकी संगठनों को वित्तीय या सैन्य सहयोग की भी निंदा की। इनमें एक देश की सीमा पार कर दूसरे देश में किए जाने वाले आतंकी हमले भी शामिल हैं। उन्होंने 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई आतंकी हमले सहित अन्य आतंकवादी हमलों और पठानकोट हमले की निंदा भी की। मुंबई हमले में क्वाड देशों के नागरिक भी मारे गए थे।

मंत्रियों ने जी7 की जापान की अध्यक्षता, जी20 की भारत की अध्यक्षता और 2023 में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) की अमेरिकी मेजबानी के दौरान क्वाड के उद्देश्यों पर करीब से काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

बैठक के बाद चारों मंत्रियों ने 'रायसीना डायलॉग' के एक सत्र में हिस्सा लिया और क्वाड सदस्य देशों के हितों के समन्वय के बारे में बातचीत की। क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के कुछ महीनों बाद आस्ट्रेलिया में समूह का शिखर सम्मेलन होना है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होने वाले हैं।

क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान में कहा, ''हमारी आज की बैठक एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करने के लिए क्वाड की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, जो समावेशी है।'' बयान में कहा गया है, 'हम स्वतंत्रता, कानून के शासन, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता, समुद्री तथा वायु परिवहन की आजादी और धमकी या बल प्रयोग का सहारा लेने के बजाय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों का दृढ़ता से समर्थन करते हैं।' इसमें कहा गया है, ''हम यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का विरोध करते हैं।

ये सभी चीजें हिंद-प्रशांत सहित अन्य क्षेत्रों में शांति, स्थिरता और समृद्धि बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं।'' पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में चीनी दखल का सीधे तौर पर संदर्भ दिए बगैर क्वाड विदेश मंत्रियों ने समुद्री मार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता के महत्व का उल्लेख किया।

### क्षेत्रीय और वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत के रूप में काम कर रहा क्वाड

बयान में चारों सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्वाड क्षेत्रीय और वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत के रूप में काम कर रहा है और यह अपने सकारात्मक और रचनात्मक एजेंडे के माध्यम से हिंद-प्रशांत क्षेत्र की प्राथमिकताओं द्वारा निर्देशित होगा। बयान में कहा गया है कि क्वाड के जरिये सदस्य देश स्वास्थ्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा अपनाने, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, बुनियादी ढांचे और संपर्क जैसी समकालीन चुनौतियों पर व्यावहारिक सहयोग के माध्यम से क्षेत्र का समर्थन करना चाहते हैं।

### किसने क्या कहा

■ हमारे लिए हिंद-प्रशांत से भविष्य काफी हद तक जुड़ा हुआ है। पूरे क्षेत्र में क्वाड और अन्य माध्यमों से हमारी भागीदारी पहले की तरह ही व्यापक और गहरी है

■ यूक्रेन में जो कुछ हो रहा है, उस पर हमारा ध्यान सही है। अगर हम रूस को वह करने देंगे जो वह यूक्रेन में कर रहा है तो ये हमलावरों के लिए हर जगह एक संदेश होगा कि वे इससे बच निकलने में सक्षम हो सकते हैं

■ क्वाड एक सैन्य समूह नहीं है। एक बातचीत चल रही है, यह हम चारों के बीच हमेशा हो रही है।

—एंटनी ब्लिंकन
विदेश मंत्री, अमेरिका

■ भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति है, इस क्षेत्र में महान शक्ति है कि भारत के बिना इंडो पैसिफिक का कोई नया स्वरूप नहीं है। हमने देखा है कि भारत एक सभ्यतागत शक्ति है जो इस समय की कुछ चुनौतियों के लिए एक अलग दृष्टिकोण लाता है।

—पेनी वोंग
विदेश मंत्री, आस्ट्रेलिया

# तीसरे दिन भी चला बुलडोजर, तीन मकान जमींदोज



■ सीएम के सख्त तेवर के बाद जिला व पुलिस महकमा ऐक्शन मोड में

■ प्रयागराज में अतीक के फाइनेंसर, कौशांबी में शूटर और मऊ में मुख्तार के बेटों का ढहाया मकान

■ **लखनऊ (एसएनबी)।** अतीक अहमद के करीबियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बुलडोजर ने तीसरे दिन प्रयागराज में अतीक के फाइनेंसर प्रधान माशूक और कौशांबी में शूटर अब्दुल कवि के मकान को ढहा दिया जबकि बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटों का मऊ में बिना नक्शा बने दो मंजिला मकान को भी ढहा दिया। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस फोर्स मौजूद रही। उमेश पाल हत्याकाण्ड के बाद लगातार हो रही कार्रवाई के क्रम में शुक्रवार को प्रयागराज विकास प्रधिकरण (पीडीए) ने असरौली में पूर्व सांसद अतीक के फाइनेंसर माशूक प्रधान उर्फ माशूकउद्दीन के मकान को तीन जेसीबी की मदद से ढहा दिया वहीं, कौशांबी में सराय अकील के भखंदा गांव में अतीक के शूटर अब्दुल कवि के मकान पर बुलडोजर चला। अब्दुल कवि का राजूपाल हत्याकाण्ड में नाम आया था। वह अतीक का पुराना शूटर हैं। इसके अलावा मऊ के दक्षिणी टोला जहांगीराबाद में अंसारी के एमएलए बेटे अब्बास व उमर अंसारी का दो मंजिला मकान था।

(संबंधित खबर पेज 10)

## बीस अतिरिक्त जज प्रमोट चार उच्च न्यायालयों में बने स्थायी न्यायाधीश

■ **नई दिल्ली (भाषा)।** विभिन्न उच्च न्यायालयों के 20 अतिरिक्त न्यायाधीशों को देश के चार उच्च न्यायालयों में स्थायी न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किया गया है। कानून मंत्रालय के न्याय विभाग ने अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा है कि पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों को मद्रास उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

बम्बई उच्च न्यायालय के चार अतिरिक्त न्यायाधीशों को भी न्यायाधीश बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि इसी प्रकार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दस तथा दिल्ली दिल्ली उच्च न्यायालय के एक अतिरिक्त न्यायाधीश को उनकी संबंधित अदालतों में स्थायी न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नति दी गई है। अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति दो साल की अवधि के लिए होती है, जिसके बाद उन्हें न्यायाधीश अथवा स्थायी न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति दी जाती है।



लखनऊ। शुक्रवार को 30 मिनट के लिए कोर्ट में तब्दील हो गयी विधानसभा। फैसला सुनाने के दौरान कटघरे में खड़े दोषी पुलिसकर्मी।

## नोएडा की कंपनी के ऑपरेशन हेड समेत तीन गिरफ्तार

**उज्बेकिस्तान कफ सिरप मामला**



■ कंपनी का मालिक व मालकिन फरार

**नोएडा (एसएनबी)।** भारत में निर्मित कफ सिरप से उज्बेकिस्तान में हुई 18 बच्चों की मौत की जिम्मेदार बतायी जा रही नोएडा की कंपनी मैरियन बायोटेक के मालिक व मालकिन फरार हैं। गाजियाबाद के ड्रग इंस्पेक्टर की शिकायत पर थाना फेस-3 पुलिस ने कफ सिरप बनाने वाली कंपनी के आपरेशन हेड समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि 2020 में उक्त कंपनी द्वारा बनाए गए कफ सिरप पीने से उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की मौत हो गई थी। इस मामले में भारत सरकार से लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच की और कंपनी में बन रही कफ सिरप के सेंपल लिए। गाजियाबाद के ड्रग्स इंस्पेक्टर आशीष ने इस मामले में थाना फेस-3 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेक्टर-67 के बी-48 में स्थित मैसर्स मैरियम बायोटेक प्रा.लि. द्वारा बनाया गया कफ सिरप मानकों के उपर खरा नहीं उतरा।

# विशेषाधिकार हनन में छह पुलिसकर्मियों को एक दिन की सजा

■ 58 साल बाद विधानसभा में लगी अदालत का फैसला

■ 18 साल पहले पुलिस लाठीचार्ज के दौरान तत्कालीन भाजपा विधायक के पैर में हो गया था फ्रैक्चर

■ **लखनऊ (एसएनबी)।** 58 साल बाद विधानसभा में लगी अदालत में बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार विधानसभा अध्यक्ष ने ऐतिहासिक निर्णय सुनाया और विशेषाधिकार हनन के मामले में पूर्व सीओ समेत छह को दिन भर की जेल की सजा सुनाई। सभी को विधानभवन में ही बनी सेल में रात 12 बजे तक रखा गया और तारीख बदलने के साथ सभी को रिहा कर दिया गया। इनमें एक रिडायर्ड सीओ समेत पुलिस के पांच अफसर शामिल हैं। विशेषाधिकार हनन का यह मामला वैसे तो 2004 का है, लेकिन करीब दो दशक बाद आज उन्हें सभा दी गयी, हालांकि दोषियों ने विधानसभा अध्यक्ष (पीठ) सदन (सभी सदस्यों) व पूर्व सदस्य (अब एमएलसी) से बिना शर्त माफी मागी, लेकिन विशेषाधिकार समिति के सजा देने के निश्चय को टाला नहीं जा सका। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव समेत सपा के सभी सदस्य सदन से बाहर रहे।

18 वर्ष पूर्व 2004 में कानपुर में आर्यनगर के तत्कालीन भाजपा विधायक सलिल विश्नोई के साथ हाथापाई करने के आरोप में तत्कालीन सीओ अब्दुल समद (अब सेवानिवृत्त) और पांच पुलिसकर्मियों को आज सदन में बनाये गये अस्थायी कठघरे में खड़ा किया गया और पूर्व विधायक के विशेषाधिकार हनन का मामला मानते हुये सभी को एक दिन की जेल की सजा सुनायी। सदन सुनने के लिए पूर्व विधायक सलिल विश्नोई भी अधिकारी दीर्घा में मौजूद होकर कार्यवाही को देख रहे थे।

प्रश्नकाल के बाद सदन की कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विशेषाधिकार हनन का मामला उठाया और कहा कि 15 सितम्बर 2004 को तत्कालीन विधायक और अब विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई ने कानपुर में बिजली आपूर्ति के मुद्दे पर धरना प्रदर्शन किया था और जब वह जुलूस की शक्ल में जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे थे तो पुलिस ने रास्ते में उनके साथ अभद्रता करने के साथ साथ हाथापाई की। इस दौरान लाठीचार्ज में श्री विश्नोई के दाहिने पैर में फ्रैचर हो गया।

श्री खन्ना ने बताया कि 28 जुलाई 2005 को सदन की विशेषाधिकार समिति ने बाबू पुरवा के तत्कालीन सीओ अब्दुल समद, किदवई नगर के तत्कालीन थानाध्यक्ष ऋषिकांत शुक्ला, तत्कालीन उपनिरीक्षक त्रिलोकी सिंह, आरक्षक छोटे सिंह यादव, विनोद मिश्रा और मेहरबान सिंह को दोषी ठहराया व उन्हें दंडित करने की सिफारिश की।

संसदीय कार्यमंत्री ने सदन में प्रस्ताव दिया कि संविधान के अनुच्छेद 194 के तहत राज्य विधानमंडल को दोषियों को दंडित करने का अधिकार है। उन्होंने सदन को अदालत में बदलने का प्रस्ताव रखा जिसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मार्शल को दोषी पूर्व सीओ व पांच पुलिसकर्मियों को सदन में अस्थाई कठघरे में लाने का निर्देश दिया। श्री खन्ना ने दोषियों को कारावास की सजा देने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे भी ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इस मसले मे सपा छोड सभी दलों के नेताओं ने विस अध्यक्ष को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया।






CMYB

सुप्रीम कोर्ट की जबरदस्त फटकार से आप की नींद टूटी। आखिर मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को देना ही पड़ा इस्तीफा। केजरीवाल जी नैतिकता के आधार पर इस्तीफा तो आपका भी बनता है।
——— मनोजतिवारी@ManojTiwariMP

## सिसोदिया ने जमानत के लिए लगाई अर्जी

**नई दिल्ली ।** आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सीबीआई की हिरासत से बाहर आने के लिए निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल की है।

## वर्गीकृत सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम सुदर्शन कुमार पुत्र रामनगीना है जबकि मेरे पासपोर्ट संख्या- **N4933494** में मेरा नाम सुदर्शन पुत्र राम नगीना हो गया है। मुझे सुदर्शन कुमार पुत्र राम नगीना के नाम से जाना व पहचाना जाय। **सुदर्शन कुमार पुत्र रामनगीना ग्राम कटाई, थाना-गौरी बाजार, देवरिया।**
MR.2202758

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का हाईस्कूल परीक्षा 2019 अनुक्रमांक 2951783 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। प्रार्थी अभिषेक पुत्र कृष्णा चन्द्र निवासी ग्राम-बैदौली पल्टन सिंह थाना-बांसगांव, गोरखपुर।
MR.2202759

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम किरन सिंह था। अब हमने अपना नाम वन्दना सिंह रख लिया है। अब मुझे वन्दना सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय। **वन्दना सिंह पत्नी अजय कुमार सिंह ग्राम अमवा पोस्ट करैलिया तहसील नौतनवा जिला महराजगंज।**
PR.4642

सभाजीत उपाध्याय पुत्र चन्द्रभान निवासी ग्राम परोई परगना बांसी पश्चिम का बैनामा क्रमांक 2356 है। दिनांक 5/12/1992 को इसकी रजिस्ट्री की गई थी। इसका मूल दस्तावेज कहीं गायब हो गया है। जिस किसी को मिले वह उक्त पता अथवा मोबाइल नम्बर 9450932196 पर सूचित करने का कष्ट करें।
PR.4957

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1824596 का अंकपत्र व सह अंकप्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। विद्यालय सर्वोदय किसान इण्टर कालेज कौड़ीराम **कुमारी सबिता पुत्री गया प्रसाद माता जामवन्ती देवी ग्राम-लालपुर, पोस्ट-वघराई, गोरखपुर।**
MR.2202755

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2998887 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। **राज कुमार पुत्र सुग्रीव प्रसाद ग्राम-चखनीखास, पोस्ट-तमकुहीराज, जनपद- कुशीनगर।**
MR.2202756

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम चिन्मुन उर्फ मोहम्मद शमीम पुत्र घुरहू है। इस नाम से मेरे ग्राम सभा में अन्य कोई व्यक्ति नहीं है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **चिनमुन उर्फ मोहम्मद शमीम पुत्र घुरहू, ग्राम व पोस्ट बढ़नीचाफा, तहसील-डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थनगर।**
PR.2047

मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2552907 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **रजनीकांत कुमार निषाद पुत्र अमरनाथ निषाद मठिया, बैजुपट्टी, पोस्ट- पिपराअगरवां (कुशीनगर)।**
PR.8227

By mistake my name is shahan in passport whereas my correct name is shahan Ahmed S/o Shamim Ahmed. I want to be known by this name now. Shahan Ahmed S/o Shamim Ahmed Vill-chakahichaura Post-madhawapur Dist-Deoria (U.P.)
PR.4348

**नाम-परिवर्तन**

**I, Pintoo Maurya S/o Ramsati** R/o 289, Koiri, Gorakhpur, UP-273013 changed my name to Aviraj Maurya.
(Bank Payment/ Noida)

**बाबू विश्राम सिंह महाविद्यालय**
**रोहारी, सिकरीगंज, खजनी, गोरखपुर**

**आवश्यकता है**

**बाबू विश्राम सिंह महाविद्यालय,** रोहारी, सिकरीगंज, गोरखपुर में बी.सी.ए. पाठ्यक्रम में 3 प्रवक्ता की, जिनकी योग्यता दी.द.उ.गो. वि.वि. परिनियमावली एवं यू.जी.सी. के मानकानुसार हो।
इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी 21 दिनों के अन्दर अपना आवेदन महाविद्यालय में भेज सकते हैं।
**प्रबन्धक**
9415210155
MR.2202757



विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद फोटो सेशन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव समेत सभी दलों के विधायक।

# कोविड काल में दूसरे प्रदेशों से लौटे 10 लाख लोगों को दिया रोजगार : श्रममंत्री

**■ लखनऊ (एसएनबी)।**

श्रममंत्री अनिल राजभर ने शुक्रवार को विधानसभा में सपा के आरके वर्मा के सवाल पर कहा कि राज्य से पलायन की कोई स्थिति नहीं है। सरकार ने कोविड काल में दूसरे राज्यों से अपने घर लौटे करीब 38 लाख लोगों में से 10 लाख को उनके ही गांव-जिले में रोजगार दिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा की जा रही अग्निवीर भर्ती की सुप्रीम कोर्ट ने सराहना की है।



राजभर ने कहा कि विपक्ष सच सुनने को तैयार नहीं है। विरोध के लिए विरोध करना इनकी आदत है। कोविड महामारी में सरकार ने दूसरे राज्यों से अपने घर लौटे लाखों लोगों को कैसे संभाला, ये देश-दुनिया जानती है। इन सभी की स्किल मैपिंग कराई गयी। प्रदेश से पलायन का मामला पिछली सरकारों का है, जिसे हम ढो रहे हैं। हमने दूसरे राज्यों से लौटे लोगों का श्रम मित्र पोर्टल पर पंजीकरण कराया। इनमें से 10 लाख लोगों को उनके घर के निकट ही रोजगार दिया है।

सपा के जयप्रकाश अंचल द्वारा सरकारी विभागों में कितनों को नौकरी दिए जाने संबंधी सवाल पर मंत्री राजभर ने कहा कि युवा हमारी प्राथमिकता है। सरकार ने बेरोजगारों को नौकरी और रोजगार देने को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक समिति बनायी है। अग्निवीर योजना पर सवाल उठाने वालों को देखना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर केन्द्र सरकार की सराहना की है। कुशल श्रमिकों को सरकार अलग प्लेटफार्म दे रही है।

सपा सदस्य प्रसन्न कुमार के सवाल पर श्रममंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरी दे रही है। इसके लिए अलग-अलग बोर्ड और संस्थाएं बनी हैं, जो सरकारी नौकरी में भर्ती के लिए समय-समय पर परीक्षा कराकर नियुक्तियां कर रही हैं।

# विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गयी

**■ लखनऊ (एसएनबी)।**

उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के संकल्प के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ₹6.90 लाख करोड़ का बजट प्रस्ताव पारित होने के बाद विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गयी।

18वीं विधानसभा का यह बजट सत्र 20 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ था। इसके बाद योगी सरकार ने 22 फरवरी को उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये 6.90 लाख करोड़ से अधिक आकार का बजट विधानसभा में पेश किया था, जिसे शुक्रवार को ध्वनिमत से विधानसभा और विधानपरिषद में पारित कर दिया गया। बजट पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करने की घोषणा की। बजट में कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया गया है, जबकि नयी योजनाओं के लिये 32721 करोड़ 96 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बजट में किसान, युवा, गरीब, जनजाति और महिलाओं समेत समाज के हर तबके को लाभान्वित करने का प्रयास किया गया है।

बजट में 84883.16 करोड़ के राजकोषीय घाटे का अनुमान लगाया गया है, जो वर्ष के लिए अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 3.48 प्रतिशत होगा। सरकार का दावा है कि भाजपा ने पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव से पूर्व लोकसंकल्प पत्र में किये गये 130 वादों में से 110 को इस बजट के माध्यम से पूरा कर लिया गया है। इसमें उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले मुफ्त गैस सिलेंडर की सरकार साल में दो बार होली और दीपावली में मुफ्त रीफिलिंग कराएगी। इसके लिये बजट में 3047 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने के अपने वादे को पूरा करते हुए सरकार ने निजी नलकूप उपभोक्ताओं को बिजली बिल में शत-प्रतिशत छूट देने का फैसला किया है, जिसके लिए 1500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पिछले बजट में सरकार ने बिजली के बिल में 50 फीसद की छूट दी थी। बजट में खाद्य आपूर्ति योजना (अन्नपूर्णा योजना) के लिए 21791.25 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है।

> ■ वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ₹6.90 लाख करोड़ का बजट प्रस्ताव पारित

अगले वित्त वर्ष में सरकार को राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) और मूल्य वर्धित कर (वैट) से 1.50 लाख करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क से 58000 करोड़ रुपये, स्टांप और पंजीकरण से 34560 करोड़ रुपये और वाहन कर से 12672 करोड़ रुपये के राजस्व संग्रह की उम्मीद है। सरकार की कुल प्राप्तियां 6.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है, जिसमें 5.70 लाख करोड़ से अधिक की राजस्व प्राप्तियां और 1.12 लाख करोड़ से अधिक की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इसकी तुलना में कुल व्यय 690242.43 करोड़ रुपये अनुमानित है, जिसमें राजस्व खाते में 502354.01 करोड़ और पूंजी खाते पर 187888.42 करोड़ रुपये शामिल हैं।

# विस में गूंजी विधायक निधि से जीएसटी खत्म करने की मांग

**■ लखनऊ (एसएनबी)।**

विधानसभा के प्रथम सत्र के समापन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए दलीय नेताओं सहित अन्य सदस्यों ने विधायक निधि से जीएसटी खत्म करने की मांग उठायी। इसके साथ ही प्रत्येक सदस्य को 200-200 हैण्डपम्प की सुविधा देने की भी मांग की। इसके साथ ही संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने सदन संचालन से जुड़े कर्मचारियों को मानदेय व भत्ता देने की घोषणा की।

> ■ दो-दो सौ हैण्डपम्प देने की बात भी उठायी
>
> ■ संसदीय कार्यमंत्री ने सदन संचालन से जुड़े कर्मचारियों को मानदेय व भत्ता देने की घोषणा की

विधानसभा में सत्र समाप्ति के समय अपने विचार रखते हुए समाजवादी पार्टी के मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस सत्र में कई नयी परम्पराएं डाली गयी हैं। सत्र के दौरान अच्छी बहस हुई। इतनी संख्या में लोगों ने कभी भाग नहीं लिया। उन्होंने कहा कि जो विधायक निधि सदस्यों को दी जा रही है। इस पर जीएसटी काट लिया जाता है जिसको समाप्त कराया जाए। कांग्रेस की आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि कई नयी परम्पाराएं शुरू की गयी हैं। उन्होंने भी विधायक निधि से जीएसटी हटाने के साथ ही प्रत्येक सदस्य को इस गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को देखते हुए दो-दो सौ हैण्डपम्प का कोटा देने की मांग उठायी। इसके साथ ही 10-10 किलोमीटर सड़क निर्माण की भी सुविधा देने की बात कही।

इसी तरह जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भइया' ने भी दो-दो सौ हैण्डपम्प देने की मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विधायक निधि जितनी भी दी जाए उसकी जानकारी जनता को जरूर होनी चाहिए। बसपा के उमाशंकर सिंह ने विधायक निधि से जीएसटी हटाने के साथ ही विधायकों का वेतन भत्ता भी बढ़ाने की मांग उठायी। अन्य दलों के दलीय नेताओं के साथ कई सदस्यों ने भी विधायक निधि से जीएसटी हटाने का मुद्दा उठाया।

संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सुरक्षा कर्मियों व शेष कर्मचारियों के लिए उसी दर से मानदेय दिया जाएगा जिस दर से बीते वर्ष मुख्यमंत्री (नेता सदन) ने देने की घोषणा की थी। इसके साथ ही लिफ्ट चालकों को तीन हजार रुपये का मानदेय दिया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग व राज्य सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों से बात भी हो गयी है। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को पौष्टिक आहार भत्ता देने की भी बात कही है।

# 30 मिनट तक कोर्ट में तब्दील रही विधानसभा

**लखनऊ (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में करीब 58 वर्ष बाद 3 मार्च 2023 की तारीख इतिहास बना गयी। सूबे की 25 करोड़ जनता के लिए कानून बनाने वाली विधानसभा 30 मिनट के लिए कोर्ट में तब्दील हो गयी और निहित न्यायिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए छह पुलिस अफसरों को दंडित किया गया। इनमें एक रिटायर्ड सीओ भी शामिल है। हालांकि 2004 की घटना में सजा पाने वाले अफसरों में पांच अभी सरकारी सेवा में हैं और उन्हें सर्विस में प्रमोशन भी मिल चुका है। कोर्ट भी भाषा में कहे तो संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन में वकील के रूप में पक्ष को रखा और सजा को लेकर कड़ी जिरह की। न्यायाधीश की शक्तियां विधानसभा अध्यक्ष में निहित रही और उनके आदेश को तामील कराने का जिम्मा विधानसभा के मार्शल पर रहा। सदन में दोषी साबित असफरों को नैसर्गिक न्याय का पालन करते हुए उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। सभी दलीय नेताओं को दोषियों पर सजा मुकर्रर करने के लिए पक्ष रखने का समय मिला, लेकिन कांग्रेस, बसपा, सुभासपा, अपना दल, जन सत्ता दल सभी ने विधानसभा अध्यक्ष पर निर्णय करने का जिम्मा दे दिया और सहमति जतायी। दोषी अफसर जब सदन में आये तो उन्हें अपने किये का पछतावा जरूर हुआ। जब उन्हें सदन (कोर्ट) के समक्ष अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया तो वह वह माफी मागने के अलावा कुछ भी न कह सके।

**सजा कम करने के पक्ष में थे शाही :** उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सदन के समक्ष दोषी के तौर पर पेश अफसर प्रताडना महसूस कर रहे हैं, ऐसे में सदन से उन्होंने पुनर्विचार करने का आग्रह किया तो सदस्य टोका-टाकी करने लगे। विस अध्यक्ष ने भी कहा कि अब सदन में प्रस्ताव पारित हो चुका है, ऐसे में सजा पर विचार नहीं हो सकता है,लेकिन कोर्ट उदारता दिखाएगी। श्री खन्ना ने सजा के दौरान दोषियों को पानी व भोजन की व्यवस्था कराने का आग्रह जरूर किया।

**विधान भवन में ही बनी है जेल (सेल) :** आमतौर पर लोगों को इसकी शायद ही जानकारी रही हो कि विधानभवन में भी जेल (सेल) है। जिसमें दोषी लोगों को कैद में रखा जाता है। इसकी जानकारी जब विधानसभा अध्यक्ष ने दी और मार्शल को सदन (कोर्ट) के लॉकअप (कठघरे) से जेल में ले जाने का आदेश दिया तभी इसका खुलासा हो पाया। विशेषाधिकार हनन या दूसरी कमेटी के समक्ष दोषी पाये जाने पर सजा होने की सूरत में दोषियों के रखने का इंतजाम भी इसी विधानभवन में है।

**यह सजाएं दे सकती है विधानसभा :** विधानसभा सदस्यों को मिलकर बनने वाली विशेषाधिकार समिति की सिफारिश पर विधानसभा छह प्रकार की सजाएं दे सकती है। इनमें भर्त्सना, शास्ति, सदस्य का निलम्बन, जुर्माना, सदस्य का निष्कासन और कारावास (इसकी अवधि सदन के प्रस्ताव पर निर्भर करती है)। अन्य कोई और दंड, जिसे सदन अनुच्छेद 194 के उपबन्धों के तहत उचित व ठीक समझे।



लखनऊ : राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह से शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## 83.38 घंटे चला विधानसभा का प्रथम सत्र

**लखनऊ (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश 18वीं विधानसभा का वर्ष 2023 का प्रथम सत्र 11 दिनों में 83.38 घंटे चला। इस दौरान विपक्ष के हंगामे के चलते इसे मात्र 36 मिनट के लिए स्थगित किया गया और कुल दिनों में 1.51 घंटे के लिए भोजनावकाश किया गया। इस तरह कुल 83.02 घंटे की कार्यवाही चली। बजट सत्र के दौरान इन 11 दिनों में 201 सदस्यों द्वारा 3866 याचिकाएं प्रस्तुत की गयीं। इनमें 3046 याचिकाओं को ग्राह्य करते हुए उन्हें कार्यसूची में सम्मिलित किया गया। 820 याचिकाओं को अग्राह्य कर दिया गया। इसी तरह सदस्यों की ओर से 3369 प्रश्न प्राप्त किये गये। इनमें से 2883 प्रश्न स्वीकृत किये गये। इसमें 2 अल्पसूचित तारांकित प्रश्न, 362 तारांकित प्रश्न व 2519 अतारांकित प्रश्न शामिल थे। इनमें 1259 का उत्तर दिया गया। इसमें 1 अल्पसूचित तारांकित प्रश्न, 129 तारांकित प्रश्न व 1129 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। इन 3369 प्रश्नों में से 1410 सदस्यों से आनलाइन प्राप्त हुए।

# कृषि बजट पर मंत्री ने उपलब्धियां गिनायीं तो विपक्ष ने खोली कलई

**■ लखनऊ (एसएनबी)।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन योगी सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय बजट पारित करने के लिए सदन में रखा। इस दौरान उन्होंने योगी सरकार के कृषि के क्षेत्र में उठाये गये अहम कदमों की सिलसिलेवार करीब 40 मिनट तक जानकारी दी। उन्होंने किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किसानों का भी ब्योरा रखा। इसके साथ ही कृषि उपज में हुए इजाफे के आंकड़े भी सदन को बताये।

उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र को लेकर पूर्व की सरकार को घेरा और कहा कि ये विज्ञान केन्द्र पहले यूपी में आ जाते, तो किसानों का भला होता, लेकिन तब के मुख्यमंत्री ने पूछा था कि यह कृषि विज्ञान केन्द्र क्या होते हैं। उन्होंने मृदा परीक्षण से लेकर मुफ्त में खाद-बीज वितरण सहित कई आंकड़ों को सदन में बताया। शाही ने आग्रह किया कि बिना कटौती के किसान हित में आये बजट को सदन पारित करे।

हालांकि, विपक्ष की ओर से सपा के मुख्य सचेतक व पूर्व की सरकार में कृषि मंत्री रह चुके मनोज पांडेय ने कटौती प्रस्ताव रखा। उन्होंने योगी सरकार की कई योजनाओं को पूर्व की सपा सरकार की बतायी और कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर सरकार कठघरे में है। उन्होंने कहा कि पहले 32834 किसानों को धनराशि दी और अब अपात्र बताकर वसूली की जा रही है और अन्नदाता भागा-भागा फिर रहा है।

उन्होंने कहा कि जब सरकार पुराने बजट को ही खर्च नहीं कर पायी है, तो इस जम्बो बजट को लाने का औचित्य नहीं है। वह किसानों की आय दोगुनी करने के नाम पर गाल बजा रही है,जबकि प्रदेश की कृषि विकास दर पूर्व की सपा सरकार से दो फीसद नीचे आ गयी है। यह सरकार आंकड़ों में अन्नदाता को भी उलझा रही है। हालांकि, सदन में करीब डेढ़ घंटा की चर्चा के बाद कृषि के बजट को बिना कटौती के ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

# 'समाजवाद' के मुद्दे पर सपा विधायकों का विस से वाकआउट

**■ लखनऊ (एसएनबी)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दो दिन पूर्व विधानसभा में 'समाजवाद' को लेकर की गई टिप्पणियों के मुद्दे पर शुक्रवार को नेता विपक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर संविधान को नहीं मानने, डा. भीमराव आंबेडकर के संविधान और डा. राममनोहर लोहिया के सिद्धांत के खिलाफ होने का आरोप लगाते हुए पार्टी विधायकों के साथ सदन से वाकआउट किया। सदन में जब यह मुद्दा उठा, तब मुख्यमंत्री मौजूद नहीं थे। हालांकि, संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रतिवाद करते हुए कहा कि नेता सदन (योगी आदित्यनाथ) ने संविधान पर कुछ भी नहीं कहा है।

प्रश्नकाल के बाद अध्यक्ष सतीश महाना ने विशेषाधिकार के एक मामले पर कार्यवाही शुरू करनी चाही, तभी सपा के वरिष्ठ सदस्य व पूर्व अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने औचित्य का प्रश्न उठाते हुए मुख्यमंत्री द्वारा सदन में दो दिन पहले बजट भाषण में समाजवाद को लेकर सपा पर किए गये हमले का मुद्दा उठाना चाहा। अध्यक्ष ने इसकी अनुमति नहीं दी, तो नेता विपक्ष अखिलेश यादव ने खुद ही मोर्चा संभाला।

उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण और संविधान का सवाल है, जिसे माता प्रसाद पाण्डेय उठा रहे हैं। देश की आजादी के लिए न जाने कितने लोगों को कुर्बानी देनी पड़ी। अंग्रेजों ने न जाने कितनों को फांसी पर चढ़ा दिया। संसदीय कार्यमंत्री जिस शहर (शाहजहांपुर) से हैं, वहां तो कई लोग शहीद हुए।

> ■ नेता विपक्ष अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी पर लगाया समाजवाद की गलत व्याख्या का आरोप
>
> ■ मुख्यमंत्री ने संविधान पर कुछ नहीं कहा : संसदीय कार्यमंत्री

नेता विपक्ष ने कहा कि सदन में नेता सदन (योगी) ने न जाने कौन सी स्पीच की हिन्दी कर समाजवाद की व्याख्या की। देश के एक प्रधानमंत्री का किस रूप में क्या और किस वजह से अंग्रेजी में भाषण दिया गया था, उसकी हिन्दी नेता हमें समझा रहे थे।

उन्होंने कहा कि समाजवाद बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के दिये संविधान की 'प्रिंबल' (प्रस्तावना) में है। उसके बारे में आपके (नेता सदन) के ये विचार हैं। वे अंग्रेजी में कहां से सीख कर आये थे, जब नेता सदन दूसरे सदन में थे, तक उन्होंने समाजवाद की दूसरी परिभाषा बतायी थी।

अध्यक्ष महाना ने कहा कि सभी सदस्यों को अपनी बात सदन में रखने का पूरा अधिकार है। सदन में नेता सदन ने जब ये बात कही थी, तब माता प्रसाद पाण्डेय और अन्य सपा सदस्य मौजूद थे, तब आपको अपनी बात कहनी चाहिए थी। किसी को रोका नहीं था।

नेता विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री की तरफ से मोर्चा संभालते हुए संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि आज नेता सदन यहां मौजूद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी, 1949 को संविधान को आत्मार्पित किया गया था। उसके बाद 3 जनवरी, 1977 में संविधान संशोधन कर इसमें समाजवाद शब्द जोड़ा गया।

खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सदन में अपने विचार रखे। इसके पहले भी साम्यवाद, समाजवाद और पूंजीवाद पर लोग अपने विचार व्यक्त करते रहे हैं। नेता सदन ने संविधान पर कुछ नहीं कहा। उन्होंने संविधान का नाम भी नहीं लिया। इसलिए दोनों को जोड़ना नहीं चाहिए। हम संविधान का पूरा आदर और सम्मान करते हैं। संविधान की हमने शपथ ली है, उसको निभाएंगे। यह प्रकरण औचित्य का नहीं है। इसलिए अध्यक्ष इसे स्वीकार नहीं करें। अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने इसे स्वीकार ही नहीं किया।

ऐसे में नेता विपक्ष यादव ने कहा कि न जाने किस अंग्रेजी की स्पीच का हिन्दी कर संविधान की प्रस्तावना में दर्ज समाजवाद को इस तरह कहा जायेगा। इससे साफ है कि ये सरकार संविधान को नहीं मानती है। सरकार डा. आंबेडकर के दिए गये संविधान और डा. लोहिया के दिए सिद्धांत को भी नहीं मानती है। इसके साथ ही यादव ने पार्टी विधायकों के साथ सदन से बहिर्गमन कर दिया।

# लोकतंत्र में सत्ता पक्ष व विपक्ष की जिम्मेदारी बराबर : महाना

**लखनऊ (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जितनी भूमिका सत्ता पक्ष की होती है, उतनी ही भूमिका विपक्ष की भी होती है। लोकतंत्र में सबको मिलकर चलना होता है। एक दूसरे को कमजोर कर लोकतंत्र पूरा नहीं हो सकता है। सत्र के दौरान समय-समय पर सरकार की उपलब्धियों के साथ कई और नये कार्य देखने को मिले। उन्होंने विधानसभा में कहा कि अगर इस सत्र की तुलना हम पिछले सत्रों से करें, तो इस बार सदन दोगुना चला है। 18 वीं विधानसभा के चौथे सत्र में समय-समय पर सरकार ने अपनी उपलब्धियां गिनाईं तथा विपक्ष ने सकारात्मक आलोचना भी की। सदन संचालन में सभी दलों का सहयोग मिला। नेता प्रतिपक्ष ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इस बार सदन में बहुत सारी नई व्यवस्थाएं देखने को मिलीं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष व विपक्ष के बिना लोकतान्त्रिक ढांचा पूरा नहीं हो सकता है, जब दोनों साथ मिलकर चलतें है, तब यह पूरा होता है। एक-दूसरे को नीचा दिखाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को पूरा नहीं किया जा सकता है। महाना ने कहा कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और चौथे स्तंभ के रूप में महत्वपूर्ण पत्रकारिता को, सबको मिलकर चलना होगा। इसमें कहीं प्रतिस्पर्धा का भाव नहीं दिखना चाहिए।

महान साहित्यकार, 'पद्म भूषण' रघुपति सहाय 'फिराक गोरखपुरी' की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उनकी कालजयी रचनाएं साहित्य जगत के लिए अनुपम धरोहर हैं।

—— योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

# ऑटो चालक की चाकू से गोदकर हत्या

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एक ऑटो ड्राइवर की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। सुबह उसकी लाश गांव के बाहर खड़ी उसकी ऑटो में मिली है। उसके पेट में चाकुओं से कई वार किए गए थे। घटना हरपुर बुदहट और खजनी इलाके के बीच स्थित कटया सुरैनी गांव के सिवान की है। सूचना पर पहुंची खजनी थानेदार संजय कुमार मिश्रा व हरपुर-बुदहट पुलिस ने जांच शुरू कर दी। घटनास्थल खजनी का होने की वजह से खजनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



हमारे **खजनी व उनवल प्रतिनिधियों** के मुताबिक ऑटो चालक की पहचान खजनी इलाके के ग्राम सभा बेलभदराचक निवासी राम सिंह (35) पुत्र बुद्धिराम के रूप में हुई। वह ऑटो चलाकर अपना परिवार चलता था। परिवार के लोगों के मुताबिक हर रोज की तरह गुरुवार को भी राम सिंह ऑटो लेकर अपने काम पर गया था। फोन करने पर बगल के गांव में होने की बात कही थी लेकिन, वह रात तक अपने घर नहीं पहुंचा। देर हुई तो परिवार के लोग चिंता करने लगे। घर वालों ने उसे फोन किया। फोन करने पर उसने बगल के सुरैनी गांव में पार्टी में होने की बात कह कर फोन काट दिया। परिवार को लगा कि वह रात में वहीं पर रुक जाएगा। सुबह होते ही राम सिंह की पत्नी के पास फोन आया कि राम सिंह का शव गांव के बाहर ऑटो में पड़ा है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। शव को देखकर कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई की पत्नी ने बताया कि मेरे जेठ की हत्या कर शव फेंक दिया गया है। रात में फोन से बात हुई थी तब तक वह ठीक थे। राम सिंह की तीन नाबालिग बेटियां हैं। पुलिस की जांच में पता चला कि ऑटो चालक रामसिंह के पेट और नाभि में कई बार चाकू से गोदा गया है।

**मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने की जांच :** काफी अधिक खून गिरने से राम सिंह की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की उसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। आस-पास के इलाके के फुटेज की भी पुलिस से जांच शुरू कर दी है। गांव में शांति व्यवस्था के लिये हरपुर और खजनी की पुलिस टीम तैनात है। घटना के संबंध में सीओ सर्किल खजनी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि केस दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

> गांव के बाहर आटो में मिली रामसिंह की लाश
>
> आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

# निगम के कंट्रोल रूम में 24 घंटे तैनात होगी रिस्पांस टीम

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने सफाई को लेकर सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। निगरानी के लिए भी नई व्यवस्था लागू की गई है। गड़बड़ी मिलने पर एक्शन के लिए रिस्पांस टीम भी गठित की गई है।

नगर आयुक्त शहर के बस अड्डों को ठीक कराने और इन पर विज्ञापन लगाकर व्यावसायिक इस्तेमाल करने का भी निर्देश दिया। शुक्रवार को नगर आयुक्त ने बैठक के दौरान निर्देश दिया गया कि नगर निगम के सभी वार्डो में सफाई सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज होनी चाहिए। अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा को निर्देशित किया कि नगर निगम के नवीन भवन स्थित डेडिकेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम में 10 कर्मचारियों को तैनात करें। ये कर्मचारी प्रतिदिन सुबह आठ बजे से प्रत्येक वार्ड के सफाई सुपरवाइजर से फोन से संपर्क कर सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति एवं उनके बीट पर सफाई व्यवस्था की स्थिति को चेक करेंगे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी समस्त सफाई सुपरवाइजर का नाम एवं मोबाइल नंबर एवं उनके वार्ड में बने बीट का विस्तृत विवरण कंट्रोल रूम में उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में 24 घंटे एक कि रिस्पांस टीम की तैनाती करने का निर्देश अपर नगर आयुक्त को दिया। टीम में स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, निर्माण विभाग एवं पथ प्रकाश विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तैनात होंगे। कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए कि रिस्पांस टीम को मौके पर भेजा जाएगा। इस दौरान नगर आयुक्त ने निलंबित चल रहे सफाई सुपरवाइजरों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। वहीं, होली पर्व के मौके पर पर निकलने वाले शोभायात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने के मद्देनजर शोभायात्रा के पूरे रूट पर सड़कों का पैच वर्क कराने एवं आवश्यकतानुसार नालियों पर स्लैब रखवाने के लिए मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, उप नगर आयुक्त संजय शुक्ला, मुख्य अभियंता संजय चौहान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मुकेश रस्तोगी, सहायक नगर आयुक्त डा. मणिभूषण तिवारी एवं अविनाश प्रताप सिंह तथा अधिशासी अभियंता नर्वदेश्वर पांडेय आदि मौजूद रहे।

> नगर आयुक्त ने बढ़ाया सफाई पर फोकस, निगरानी की भी बनी व्यवस्था

## हर गली रोशन करेगा नगर निगम

**गोरखपुर (एसएनबी)।** महानगर में खराब स्ट्रीट लाइट्स को दुरुस्त किया जाएगा। नगर आयुक्त ने सभी सुपरवाइजरों से रिपोर्ट मांगी है। सुपरवाइजर वार्डो में शाम को निरीक्षण कर खराब स्ट्रीट लाइट्स के स्थान को अंकित करते हुए रिपोर्ट देंगे। इसके बाद निगम दुरुस्त कराएगा। नगर निगम क्षेत्र के किसी भी गली में अंधेरा नहीं रहेगा। नगर निगम ने महानगर में सोडियम लाइट हटाकर सीएफएल लाइट लगवाया है। इसके लिए एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) से करार किया गया था। ईईएसएल ने 33 हजार से ज्यादा पथ प्रकाश बिंदु लगाए हैं। कंपनी को पांच साल तक अनुरक्षण का भी कार्य दिया गया था। अब नगर निगम खुद खराब बिंदुओं को ठीक करा रहा है। हाल के दिनों में वार्डो में कई पथ प्रकाश बिंदु खराब हो गए हैं। इसे लेकर निवर्तमान पार्षदों ने नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल से मुलाकात की थी। गोलघर समेत महानगर के कई इलाकों में भूमिगत केबल बिछाए जाने के बाद बिजली निगम ने अपने पोल हटा दिए हैं। इस कारण गलियों में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। काफी समय से इन गलियों में प्रकाश की व्यवस्था करने की मांग हो रही थी। अब नगर निगम ने इन गलियों में पोल लगाकर प्रकाश की व्यवस्था करने की तैयारी शुरू की है।

> नगर आयुक्त ने खराब स्ट्रीट लाइट्स की सुपरवाइजरों से मांगी रिपोर्ट

## गैंगस्टर के जुर्म में दो को दो साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैंगस्टर का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट सुबोध वाष्णेय ने राजघाट थाना क्षेत्र के तुर्कमानपुर निवासी अभियुक्त रियासत अली व पिपराइच थाना क्षेत्र के हैदरगंज निवासी अभियुक्त अरबाज खान को दो साल के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह एवं अखिलेश शुक्ल का कहना था कि थानाध्यक्ष विनय कुमार सरोज द्वारा 25 मई 2021 को थाना स्थानीय के कार्यालय में बैठकर थाना क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर रहे थे।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अभियुक्तों द्वारा संगठित होकर अपराध किया जाता है।इस गिरोह के गतिविधियों के बारे में पता किया गया तो पता चला कि गिरोह का सरगना रियासत अली है और अपने गैंग के सदस्य अरबाज खान के साथ मिलाकर जघन्य अपराध कारित करता है और आर्थिक,भौतिक व सामाजिक लाभ प्राप्त करता है।

# कानूनी जंग के आसार घटे, मजीठिया पीछे हटे

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सदर एवं चौरीचौरा तहसील में चल रही सीलिंग कार्रवाई में जिला प्रशासन को पांच सौ एकड़ से अधिक जमीन मिलने की उम्मीद है। दो स्थानों पर ही एकमुश्त ढाई सौ एकड़ से अधिक जमीन मिलने का दावा किया जा रहा है। इन स्थानों पर प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए जमीन आवंटित किये जाने की तैयारी है। इनमें फ्लाइंग स्कूल, वेटनरी कालेज, महिला विश्वविद्यालय और रिजनल फिल्म सिटी जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। दोनों तहसीलों में सीलिंग की जमीनों की पैमाइश के साथ ही कहां किस परियोजना के लिए जमीन मुहैया कराई जाएगी, इसका खाका तैयार किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने जनवरी 2023 में पहले चौरीचौरा और फिर सदर तहसील के सभी सीलिंग की जमीन वाले गाटों का नंबर सावर्जनिक करते हुए आपत्ति मांगी थी। साथ ही रजिस्ट्री विभाग को इन गाटा नंबरों की जमीन के बिक्री पर रोक लगा दी है। इसके बाद से ही दोनों ही तहसीलों के तमाम गांवों के लोगों में खलबली मची है। कई सौ लोगों ने आपत्तियां भी दर्ज करायी हैं। लोगों की आपत्तियों का निस्तारण कराया जा रहा है। वहीं दोनों तहसीलों में सैकड़ों एकड़ सीलिंग भूमि के विवाद को लेकर मजीठिया परिवार और प्रशासन के बीच कई दशक से चली आ रही कानूनी लड़ाई अब काफी हद तक समाप्त होती दिखाई पड़ रही है। नवम्बर 2022 में सरैया चीनी मिल के पूर्व चेयरमैन दिलीप सिंह मजीठिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व कमिश्नर रवि कुमार एनजी को पत्र लिखकर सीलिंग भूमि विवाद को न्यायालय के बजाए आपसी समझौते से समाधान करने करने की इच्छा जतायी थी। वहीं अब जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश से वार्ता के बाद चीनी मिल के प्रबंध निदेशक रहे स्व. ब्रह्मज्ञान सिंह मजीठिया की पत्नी रोहिणी मजीठिया की ओर से हाईकोर्ट में दाखिल रिट को भी एक मार्च 2023 को उठा लिया गया है। केस उठाने संबंधी समझौते के लिए चौरीचौरा तहसील प्रशासन की एक टीम दिल्ली स्थित रोहिणी मजीठिया के घर भी गई थी। वहां से टीम के लौटते ही रोहिणी मजीठिया की ओर से होई कोर्ट से केस उठा लिया गया।

> प्रशासन को सीलिंग की 500 एकड़ लैंड बैंक की आस
>
> फ्लाइंग स्कूल, वेटनरी कालेज, महिला विश्वविद्यालय के साथ फिल्म सिटी के लिए भी यहीं जमीन देने की तैयारी



सदर और चौरीचौरा तहसील क्षेत्र में सीलिंग की जमीन सुरक्षित करने की कार्रवाई चल रही है। दोनों ही तहसीलों में मिलाकर प्रशासन को 500 एकड़ से अधिक लैंड बैंक मिलने की उम्मीद है जहां कई बड़ी परियोजनाएं लांच की जाएंगी। इसकी रुपरेखा तैयार की जा रही है। सीलिंग की ज्यादातर जमीन को लेकर मजीठिया की तरफ से ही कोर्ट में केस चल रहा था। अब रोहिणी मजीठिया ने भी केस उठा लिया है। ऐसे में अब कानूनी अड़चन भी सुलझ गई है। **-कृष्णा करूणेश, जिलाधिकारी**

**केस की वजह से ही मलमलिया में नहीं बन सका आयुष विश्वविद्यालय :** चौरीचौरा तहसील के मलमलिया में सीलिंग प्रभावित करीब सवा सौ एकड़ जमीन बताई गई थी। यह जमीन सरदार दिलीप सिंह मजीठिया व ब्रह्मज्ञान सिंह मजीठिया के हिस्से से कटी है। इस जमीन पर लंबे समय से किसान खेती करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में ही यहां आयुष विश्वविद्यालय के लिए करीब 60 एकड़ जमीन चिह्नित की गई थी और 10 करोड़ रुपये भी आवंटित किए जा चुके थे। इसी बीच रोहिणी मजीठिया की ओर से हाईकोर्ट में रिट दाखिल कर दिया गया जिसपर कोर्ट ने प्रशासनिक कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। इसके बाद आयुष विश्वविद्यालय के लिए भहटह में जमीन फाइनल करनी पड़ी।

अब रोहिणी मजीठिया की ओर से हाईकोर्ट में यह केस वापास ले लेने से प्रशासन को यहां सौ एकड़ के आसपास जमीन मिल सकती है। कुछ जमीन पर लोगों ने स्थायी निर्माण कर लिया है। बताया जा रहा है कि प्रशासन की ओर से उन्हें प्रभावित नहीं किया जाएगा।

**यहां भी जमीन का बड़ा हिस्सा मिलने की उम्मीद :** माड़ापार के पास कोनी में फोरलेन के जंक्शन पर भी मजीठिया परिवार की काफी जमीन सीलिंग प्रभावित है। यहां कुछ जमीन पर प्रशासन पहले ही पत्थर लगवा चुका है। कुछ जमीन पर किसान फसल उगाते हैं। यहां भी सौ एकड़ से अधिक सीलिंग की जमीन मिलने की उम्मीद है। इसके बाद बहरामपुर व रुद्रापुर में सीलिंग की अच्छी जमीन है। यहां भी प्रशासन कई परियोजनाएं लाने की तैयारी में है। दुधई में सीलिंग की जमीन पर करीब सौ लोगों ने निर्माण करा लिया है जबकि कुछ जमीन पर किसान खेती करते हैं।

## आईएमए की फ्री फिजियोथेरेपी आज से

**गोरखपुर (एसएनबी)।** आईएमए शनिवार से निशुल्क फिजियोथेरेपी क्लीनिक शुरू करेगा। यह क्लीनिक सीतापुर आई हस्पिटल स्थित आई एम ए कार्यालय में संचालित होगी। अध्यक्ष डा. राजेश गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2017 से निशुल्क आईएमए ओपीडी एवं टीकाकरण केंद्र चला रहा है। यहां पर प्रतिदिन अलग-अलग स्पेशियल्टी के डाक्टर अपनी निशुल्क सेवाएं देते हैं। प्रत्येक शनिवार बच्चों का टीकाकरण किया जाता है। ओपीडी में मरीजों और खास तौर पर हीमोफीलिया से पीड़ितों के लिए द्वारा निशुल्क फिजियोथेरेपी की जाएगी। यह उपकरण इनरव्हील क्लब ने के सहयोग से प्रदान किया है। सचिव डा. अमित मिश्रा व मीडिया प्रभारी डा. इमरान अख्तर ने बताया कि हीमोफीलिया से पीड़ित के शरीर में रक्तस्राव होने लगता है। इससे शरीर के जोड़ खराब हो जाते हैं। खून जमने से जोड़ जाम हो जाते हैं। ऐसे में फिजियोथेरेपी से इसका इलाज किया जाता है।







भारत का मूल चिंतन विश्व बंधुत्व और लोककल्याण का है। भारत के गांव-गांव में बच्चा-बच्चा यह उद्घोष करता है कि 'धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो।' —— शिवराज सिंह चौहान, सीएम, मप्र

## संक्षिप्त खबरें

### पति समेत तीन पर मारपीट का केस दर्ज

**फुटहवा ईनार।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरी सबुनी निवासिनी नीतू पत्नी गुड्डू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा पति गुड्डू,ससुर रामकेवक, तथा अनिल एक जुट होकर गाली गलौज देते हुए मुझे मारापीटा व जानमाल की धमकी दी है। महिला का आरोप है कि पति बोल रहा है कि तुमको घर में नहीं रहने देंगे। मुझे घर से निकाल रहे हैं। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### मां सम्मय जी स्थान से घंटा और दान-पात्र चोरी

**हरपुर-बुदहट।** थाना क्षेत्र के ग्रांप कटाई टिकर मिश्रौलिया स्थित मां सम्मय जी के स्थान से गुरुवार की रात में घंटा व दानपात्र चोरी हो गया। चोरों ने मंदिर का एक पाया भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना थाने पर दे दी गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव का कहना है कि मामला संज्ञान में है। जल्द ही अराजक तत्वों/चोरों का पता लगा लिया जाएगा।

### आटो सवार का गिरा बैग

**गोरखपुर।** देवरिया जिले के गौरी बाजार थाने के कतौरा निवासी भरत कुमार पुत्र नंदलाल दो मार्च को गोरखपुर किसी काम से आए थे। कैंट इलाके के गोलघर (गणेश) चौराहे के पास आटो से कहीं जा रहे थे। आटो से बैग गिर गया जिससे उसमे सामान गायब हो गया। कैंट पुलिस को दिये तहरीर में भारत कुमार ने बताया कि मेरे पिता नंदलाल राप्तीनगर स्थित पावर हाउस में कार्यरत है। भरत दो मार्च को बस स्टेशन पर उतरे और वहां से आटो में बैठकर राप्तीनगर जा रहे थे। गोलघर में बैग गिर गया। बैग में मार्कशीट, आधार कार्ड मोबाइल सहित अन्य सामान गायब हो गया।

### धोखाधड़ी के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** पीपीगंज थाने पर तैनात एसआइ अभिनव मिश्रा ने हमराही सिपाही प्रदीप पाल के सहयोग से धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम श्याम मोहन यादव पुत्र रामसरोज यादव निवासी भक्सा थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर बताया। पीपीगंज थानेदार ने बताया कि थाना सहजनवा में पंजीकृत मुअसं 649/18 धारा 420, 467, 468, 406, 504, 506 भादवि जिसकी विवेचना थाना पीपीगंज थाना द्वारा की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपित को पकड़ा गया है। उसे रिमांड के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### डीजे व लाउडस्पीकरों पर न बजाएं फूहड़ गाने

**जैतपुर।** गीडा थाना प्रभारी ने शुक्रवार को क्षेत्र के डीजे और लाउडस्पीकर बजाने वाले मालिकों के साथ थाने में बैठक की। बैठक बारावफात और आगामी होली पर्व पर शांति व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील के लिए की गयी थी। थानेदार कहा कि डीजे और लाउडस्पीकरों पर फूहड़ गाने नहीं बजने चाहिए। डीजी या लाउड स्पीकर के माध्यम से फूहड़ गाने बजाते पकड़े जाने पर संबंधित जिम्मेदार के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। डीजे को सीज़ कर दिया जाएगा। सभी से नोटिस फार्म भरवाया गया। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि त्योहारों को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाएं। यह ध्यान रखें कि आपके द्वारा किसी का अहित या किसी प्रकार का नुकसान न हो।

# महिला प्रोफेसर्स व छात्राओं ने प्राकृतिक रंगों से खेली होली

**डीडीयू में होली उत्सव एवं हस्त निर्मित वस्तुओं की लगी प्रदर्शनी**

**होली से जुड़े खाद्य पदार्थों एवं वस्त्रों की हुई बिक्री**

**गोरखपुर(एसएनबी)।** गोविवि. के गृह विज्ञान विभाग व महिला अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं एवं महिला स्वयं समूहों के द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें प्राकृतिक रंगों से जहां छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली का आनन्द उठाया, वहीं होली के अवसर से जुड़े खाद्य पदार्थों एवं वस्त्रों की खरीदादारी भी की।

दीदउ गोविवि. में कार्यक्रम का आयोजन गृह विज्ञान विभाग की प्रोफेसर दिव्या रानी सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने उद्यमिता को नारी स्वावलंबन का आधार बताते हुए कहा कि नारी स्वाबलंबी होकर स्वयं ही सशक्त हो सकती है। प्रदर्शनी में अचार, पापड़, चिप्स, बेकरी प्रोडक्ट, नमकीन, गुजिया, मठरी एवं प्राकृतिक रूप से बने रंग-गुलाल तथा उपहारों की पैकिंग हेतु विभिन्न प्रकार के डब्बे एवं वस्त्रों के स्टॉल लगाए गए।

इस कार्यक्रम में प्रोफेसर नंदिता सिंह, अधिष्ठाता कला संकाय, प्रोफेसर उषा सिंह अधिष्ठाता ललित कला संकाय, प्रोफेसर सुधा यादव, प्रोफेसर वीना बत्रा कुशवाहा, प्रोफेसर अनुभूति दुबे, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. विनीता, डा. अरुंधति सिंह, डा. स्वर्णिमा व डॉ. अमित, डॉ. अनुपमा कौशिक, डॉ. नीता सिंह सहित शोध छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कार्यक्रम में विभाग के छात्र छात्राओं ने उत्साह एवं जोश के साथ प्रतिभाग किया।

# रीबू श्रीवास्तव का स्वागत


महिला सभा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव का स्वागत करते सपाई।

**गोरखपुर (एसएनबी)।** समाजवादी महिला सभा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव का सपा के बेतियाहाता स्थित कार्यालय पर उनके प्रथम आगमन पर महिला सभा की निवर्तमान अध्यक्ष बिंदा देवी सहित महिला सभा की निवर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों व पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश यादव सहित पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। रीबू श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जिम्मेदारी सौंपने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले में महिला संगठनों की समीक्षा कर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए निकली हूं। 15 जिलों का दौरा हो चुका है।

## बैग से गायब जेवरात बरामद करने से कतरा रही पुलिस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गोरखनाथ थाने के जटेपुर उत्तरी निकट काली मंदिर निवासी संगीता राय पुत्री डा. महेन्द्र राय का कहना है कि 28 मार्च को गाजीपुर से गोरखपुर आ रही थी। नौसढ़ के पास महिला ने बैग से 53 हजार नकदी और करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात पास में बैठी महिला चुरा लिया। छानबीन के दौरान महिला मिल गयी जहां उसके पर्स से नकदी बरामद हो गयी लेकिन गहने नहीं मिले। पुलिस पर आरोप है कि महिला को बिना जेवरात बरामद किये उसे छोड़ दिया गया। संगीता राय ने सीएम और एसएसपी को दिये गए शिकायती पत्र के हवाले से कहा कि बैग से नकदी और जेवरात गायब होने के बाद छानबीन शुरू किया तो पता चला कि पास में बैठी एक महिला ने सामान चुरा लिया है। अपोलो हास्पिटल में दवा कराने आयी थी। महिला को पकड़ा गया तो उसके बैग में नकदी मिला लेकिन जेवरात नहीं मिले। मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी लेकिन पुलिस मदद नहीं की है।

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी की जननी है गणित : प्रो. अनिल सिंह

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में गणित की भूमिका पर सेमिनार**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** महात्मा गांधी पीजी कॉलेज गोरखपुर के गणित विभाग द्वारा शुक्रवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया।'विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में गणित की भूमिका' विषयक कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि गणित से ही बिज्ञान शुरू होता है और विज्ञान से प्रौद्योगिकी। अतः हम कह सकते हैं कि गणित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की जननी है।

विभागाध्यक्ष प्रो.उमेश कुमार गुप्त ने कहा कि गणित का उपयोग स्मार्टफोन, आर्टिफिशियल इंटेलेंजिस, मशीन लर्निंग, कोडिंग थ्योरी में किया जाता है। गणित छात्रों में दृढ़ता तथा आत्मविश्वास उत्पन्न करता है। डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता ने स्वागत और डॉ. आकाश पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सेमिनार के संयोजक डॉ. अमित कुमार राय और डॉ. आकाश पांडेय रहे। कार्यक्रम में डॉ. रवीन्द्र नाथ शुक्ला, डॉ. आर एन यादव सहित बीएससी भाग तीन के छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी डॉ. नितिन कुमार बक्शी ने दी।

# कोआपरेटिव बैंक में ऋण मेला

**गोरखपुर (एसएनबी)।** उप्र कोआपरेटिव बैंक लि. गोरखपुर शाखा द्वारा 3 मार्च, दिन शुक्रवार को अनिल कुमार सिंह, नोडल अधिकारी



कोआपरेटिव बैंक ऋण वितरण शिविर मे उपस्थित चेयरमैन विजय प्रताप सिंह व अन्य।

गोरखपुर शाखा/उप महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में शाखा में अमृत निक्षेप पखवाड़ा के अंतर्गत ऋण मेला का आयोजन किया गया।

बैंक के सभापति विजय प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उनके द्वारा ऋण मेले का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता विष्णु शंकर श्रीवास्तव और जिला सहकारी बैंक के सचिव/महाप्रबंधक मनोज कुमार पांडेय, कोआपरेटिव बैंक लि, मुख्यालय के प्रतिनिधि रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, प्रबंधक एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने समारोह में भागीदारी की।

शाखा प्रबांक सुशील कुमार गौतम, सहायक प्रबांक राजकुमार, हेमंत कुमार नायक, राजीव कुमार नायक ने लोगों को योजनाओं से संबंधित पुस्तिका का वितरण किया तथा आश्वस्त किया कि सभी ग्राहकों को बेहतर सुविाायें दी जायेंगी।

# गीत-संगीत की प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने बांधी समां

**डीवीएनपीजी कालेज में अभिनंदन समारोह संपन्न**

**मिस्टर फ्रेशर सत्यम तिवारी व मिस फ्रेशर दिव्या दूबे बनीं**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर एमए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का अभिनन्दन समारोह (फ्रेशर पार्टी) का आयोजन एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मंगलाचरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से मिस्टर फ्रेशर सत्यम तिवारी व मिस फ्रेशर दिव्या दूबे को चुना गया। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, संगीत, स्वागत नृत्य, सोलो नृत्य, ग्रुप नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि अनुशासित और संस्कार युक्त शिक्षा से ही सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है जिसके लिए महाविद्यालय प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान प्रतियोगी वातावरण में सफलता के लिए शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया।

राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी इन्द्रेश कुमार पाण्डेय ने सभी विद्यार्थियों को राजनीति विज्ञान विषय की वर्तमान समय में उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा आयोजन के लिए विभाग के प्राध्यापक डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ.अखिल कुमार श्रीवास्तव सहित एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को भी धन्यवाद दिया।



डीवीएनपीजी कालेज में आयोजित अभिभावक शिक्षक सम्मेलन में पूर्व प्राचार्या डा. गीता दत्त को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश सिंह।

**अभिभावक शिक्षक सम्मेलन का हुआ आयोजन**

इसी क्रम में महाविद्यालय में अभिभाावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. गीता दत्त ने कहा कि अभिभावक एक रोल माडल के रूप में बच्चे को जिम्मेदार नागरिक बनाने में मदद करता है। अभिभावक कप्तान सिंह, राम बड़ाई यादव इत्यादि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी ने किया। आज के इस कार्यक्रम में कुल 107 अभिभावकों द्वारा फीडबैक प्राप्त हुआ।

## शैक्षिक गुणवत्ता को नैक अनिवार्य : डॉ. संजीत

**गोरखपुर (एसएनबी)।** डीएवीपीजी कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के आचार्य डॉ. संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में महाविद्यालयों के लिए नैक उनकी आवश्यकता बन गयी है।

उन्हाने नैक मूल्यांकन के सभी सात बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया। पाठ्यक्रम को समृद्ध करने हेतु उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने हेतु शैक्षिक कलेण्डर के अनुपालन पर जोर दिया। इसी विषय पर शिक्षकों से बात करते हुए फीडबैक प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय में छात्र गतिविधियों हेतु रोवर्स व रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कर इसके महत्वपूर्ण अंग है। इसके माध्यम द्वारा छात्र- छात्राओं के व्यक्तिव का विकास होता है। द्वितीय सत्र में प्रो. गुप्ता ने शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से नैक पर विमर्श किया तथा महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इसके पूर्व महाविद्यालय को प्राचार्या ने मुख्य अतिथि का स्वागत अंगवस्त्रम व मोमेंटो से किया। कार्यक्रम का संचालन संजय मिश्र व आभार ज्ञापन डॉ. संजय पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकों सहित कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मुंडेरा बाजार वार्ड नंबर दो निवासी संगम मिश्रा पुत्र शिवशंकर मिश्रा गत 01 मार्च को बघाइ गांव के सामने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा था। बीते रात संगम मिश्रा की हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने एसपीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन घायल युवक को इलाज के लिए एसपी पीजीआई ले जा रहे थे कि रास्ते में ही संगम ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस शव को पीएम के लिए भेज दी। इसी क्रम में चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरी निवासिनी लक्ष्मीना देवी पत्नी वर्मानन्द ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे पति बदुरहिया चौराहे से सब्जी लेकर साईकिल से घर लौट रहे थे। चौराहे पर एक बाइक सवार ने ठोकर मार दिया जिसमें मेरे पति को काफी चोटे आई है। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर बाइक तथा अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है। वहीं चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा चौरी के निबियहवा ओवर ब्रिज पर बाइक सवार युवक को सामने से एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए ठोकर मार कर मौके पर फरार हो गया था। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस के मुताबिक घायल युवक का नाम दिनेश सिंह निवासी हरखौली, महुआडीह जिला देवरिया बताया जा रहा है।

### अंगूठा लगवाकर निकाल लिया ₹27 हजार

**झंगहा (एसएनबी)।** झंगहा थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा निवासिनी दुर्गावती के खाते से ठगों ने तीन बार में 27 हजार रुपए निकाल लिया। जालसाज महिला को कोविड टेस्ट कराए जाने का झांसा देकर उसका कागज पर अंगूठा लिया था और आधार कार्ड के जरिए तीन बार में उसका पैसा बैंक खाते से निकाल लिया। दुर्गावती अनपढ़ है और गरीब भी है। वह मेहनत मजदूरी कर बच्चों के लिए उक्त पैसा इकट्ठा कर बैंक खाते में रखा था। पीड़िता की तहरीर पर झंगहा पुलिस अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### छापेमारी में 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जिला आबकारी टीम एवं गोरखनाथ सर्किल के गोरखनाथ व शाहपुर की पुलिस टीम ने शुक्रवार को पादरीबाजार एवं एन्य स्थलों पर स्थित अवैध कच्ची शराब बिक्री के अड्डे पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान टीमों ने 25 लीटर कच्ची बरामद की। पुलिस ने इस मामले में दो अभियोग भी पंजीकृत किया है। आबकारी आयुक्त द्वारा चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक सेक्टर-01 अरविंद मिश्रा, आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन -1 दीपा केसरी द्वारा एसीएम सेकेण्ड व सीओ गोरखनाथ के नेतृत्व में एसओ गोरखनाथ एवं चौकी इंचार्ज पादरी बाजार के साथ कच्ची के विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी गई। शराब दुकानों का निरीक्षण किया गया। दबिश के दौरान लगभग 25 ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। इसके अतिरिक्त आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत दो अभियोग पंजीकृत किए गए।

### ट्रैक्टर-ट्राली लूट व चौकीदार के अपहरण का केस

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के समुदा स्थित डीएनडी मार्का ईंट भट्ठे के चौकीदार का अपहरण करने के बाद हुई ट्रैक्टर-ट्राली लूट में स्थानीय पुलिस ने चार पहिया वाहन सवार छह बदमाशों के विरूद्ध लूट और अपहरण का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बुधवार की रात 10 से 11 बजे के बीच समुदा स्थित ड़ीएऩडी ईंट भट्ठे पर चार पहिया वाहन से 6 बदमाश पहुंचे। चौकीदार ओमप्रकाश को बधंक बना लिया। उसमे से दो बदमाश ईंट-भट्ठा प्रांगण में रखी ट्रैक्टर- ट्राली को लूटकर अपने साथ लेते गए। अन्य चार बदमाश चौकीदार के आंख पर पट्टी बाधंकर उसे अपने साथ चार पहिया वाहन में डालकर उठा ले गए। चौकीदार को बदमाशों ने बेलघाट थाना क्षेत्र के कम्हरियाघाट पर ले जाकर चार पहिया वाहन से धक्का देकर उतार दिया था। इस मामले में पुलिस ने प्रथम दृष्टया जांचोपरांत भट्ठा मालिक अवनीश तिवारी की तहरीर पर अज्ञात छह बदमाशों के खिलाफ धारा 392, 365 आईपीसी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि भट्ठा मालिक की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट और अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर ट्रैक्टर-ट्राली बरामद की जाएगी।

### धूमधाम से मना एआईएमआईएम का स्थापना दिवस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** आल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का 65वां स्थापना दिवस बनकटी चक कैम्प कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मुहम्मद अहमदुल्लाह व महानगर अध्यक्ष मु. कैश अंसारी ने संयुक्त रूप से पार्टी का झंडा फहराकर मनाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मु. अहमदुल्लाह ने कहा कि आल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के संस्थापक अब्दुल वहीद ओवैसी एवं सैयद सलाहुद्दीन ओवैसी ने देश की तकदीर और तस्वीर बदलने के साथ ही कौम के भाग्य को बदलने का संकल्प लिया था। उसी उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए सांसद असददुदीन औवैसी कृत संकल्पित हैं। महानगर अध्यक्ष मु. कैश अंसारी ने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी के 65 वें स्थापना दिवस पर हम सभी को मिलकर संकल्प लेना होगा कि असददुदीन ओवैसी के सिद्धांतों पर चलते हुए राजनीति में रुचि लेकर जनता की समस्याओं का निस्तारण व समाधान करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन मु. सैफ अंसारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सीताराम भारती, लल्लन पटेल, एम इरफानुल्लाह मुगल, मु. वामिक, मुहम्मद शरीफ, सीताराम यादव, मुहम्मद शमीम, सलमान अली, सुरेंद्र कुमार, हसन कमाल, सेराज अहमद, मुहम्मद सैफ अंसारी, अहमद जमाल, मुहम्मद युनूस, मुश्ताक अली, मुहम्मद अहमद, मुहम्मद सलीम एवं अमजद अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### अभ्युदय योजना में मिलेगा 50 हजार तक का अनुदान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में अनुसूचित जाति के इच्छुक युवा समाज कल्याण विभाग के उप्र अनु. जाति वित्त एवं विकास निगम लि. द्वारा बैंक ऋण लिंक्ड अनुदान प्राप्त कर समूह में अपना व्यवसाय प्रारम्भ कर सकते हैं। अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु यह भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/पदेन जिला प्रबंधक वेद प्रकाश मिश्र ने बताया है कि उक्त योजना में समूह के प्रति व्यक्ति को प्रति व्यक्ति लागत का 50 प्रतिशत या ₹50 हजार जो भी न्यूनतम हो, का अनुदान विभाग द्वारा दिया जायेगा। शेष राशि बैंक ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जायेगी। योजनान्तर्गत व्यक्तिगत लाभ न देते हुए समूह में परियोजना तैयार कर लाभ प्रदान किया जायेगा।

### बाबू परमेश्वरी दयाल की 123वीं जयंती मनी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** दी कमिश्नर्स कोर्ट बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को बार के संस्थापक अध्यक्ष बाबू परमेश्वरी दयाल की 123वीं जनयंती बनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय पांडेय एवं संचालन मंत्री आदर्श कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन गोलोक नारायण सेवक पांडेय रहे। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया। कार्यक्रम को बाबू परमेश्वरी दयाल के पौत्र पीयूष दयाल, जय प्रकाश नारायण श्रीवास्तव, इंदुभूषण श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र,मिठाईलाल, घनश्याम,ौभव त्रिपाठी आदिने संबोधित किया।

### महिलाओं का स्वस्थ होना आवश्यक : मधुमिता रंगारी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तीसरे दिन सीआरसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. मधुमिता रंगारी ने कहा कि परिवार के संपूर्ण संचालन के लिए महिलाओं का स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम डिजिट आल-लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी तय किया गया है। सीआरसी गोरखपुर के रेजिडेंट कोअर्डिनेटर नीरज मधुकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह के अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञ जैसे विधिक विशेषज्ञ, चिकित्सक, योगाचार्य तथा मनोचिकित्सकों को एक अगले सप्ताह तक अलग-अलग दिनों में सीआरसी में आमंत्रित किया जाएगा तथा आवश्यक विषयों पर चर्चा करते हुए परामर्श प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन विकासात्मक चिकित्सक संजय प्रताप सिंह ने किया।

### बीआरडी में 345 मरीजों की एनीमिया जांच

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बीआरडी मेडिकल कालेज में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों के संगठन फाग्सी फ्री एनीमिया चेकअप कैंप का आयोजन किया। इस दौरान 345 मरीजों में एनीमिया की जांच की गई। इसके अलावा मेडिकल कलेज में पढ़ रहे एमबीबीएस छात्राओं की भी खून की जांच की गई। फाग्सी की अध्यक्ष डा. अमृता जयपुरिया और सचिव डा. अरुणा छापरिया ने बताया कि उद्देश्य समाज में एनीमिया के खतरे को प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. गणेश कुमार मौजूद रहे।


### पुरानी पेंशन के लिए कफन ओढ़ेंगे कर्मचारी : रुपेश

गोरखपुर (एसएनबी)। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की संयुक्त बैठक शुक्रवार को पीआरकेएस भवन रेलवे स्टेशन पर संपन्न हुई। बैठक में परिषद के अध्यक्ष रुपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मैं आप से गुहार लगाता हूं ,मान जाइए, मान जाइए, मान जाइए' कर्मचारियों को उनकी पुरानी पेंशन वापस करिए। क्योंकि इसके बिना कर्मचारियों का बुढ़ापा मौत से भी बदतर है। इसलिए हम सभी कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि होली के बाद पुरानी पेंशन बहाली के लिए हम सभी कफन ओढ़ कर प्रदर्शन करेंगे। बैठक का संचालन कर रहे पीआरकेएस के महामंत्री विनोद कुमार राय ने कहा की यह ऐसा मुद्दा है जिस पर देश के सभी कर्मचारी संगठन एकजुट हैं। इस दौरान परिषद के उपाध्यक्ष मदन मुरारी शुक्ल ने कहा कि जिन राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो गई है उस राज्य के कर्मचारियों के एनपीएस का पैसा केंद्र सरकार वापस नहीं कर रही है। जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक को दीपक चौधरी, राजेश सिंह, कनिष्क गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता रुपेश कुमार ने किया।

## राशिफल/पंचांग

पं. कृष्ण गोपाल मिश्र

**शनिवार, 4 मार्च, 2023**




**दैनिक सूर्योदय :** दिल्ली-प्रातः 06:43, काशी-प्रातः 06:18, कानपुर-प्रातः 06:30, पटना-प्रातः 06:10, देहरादून-प्रातः 06:41, गोरखपुर-प्रातः 06:18, लखनऊ-प्रातः 06:27 बजे। **दैनिक सूर्यास्त :** दिल्ली-सायं 06:22, काशी-सायं 06:01, कानपुर-सायं 06:11, पटना-सायं 05:52, देहरादून-सायं 06:18, गोरखपुर-सायं 05:59, लखनऊ-सायं 06:08 बजे। **दैनिक चंद्रोदय :** दिल्ली-अप. 03.33, काशी-अप. 03.16, कानपुर-अप. 03.25, पटना-अप. 03.07, देहरादून-अप. 03.26, गोरखपुर-अप. 03.12, लखनऊ-अप. 03.22 बजे। **दैनिक चंद्रास्त :** दिल्ली-अर्द्धरात्रियोत्तर 05.39, काशी-अर्द्धरात्रियोत्तर 05:09, कानपुर-अर्द्धरात्रियोत्तर 05:22, पटना-अर्द्धरात्रियोत्तर 05:01, देहरादून-अर्द्धरात्रियोत्तर 05:39, गोरखपुर-अर्द्धरात्रियोत्तर 05:10, लखनऊ-अर्द्धरात्रियोत्तर 05:20 बजे। राहुकाल 09:00 बजे से 10:30 बजे। राष्ट्रीय फाल्गुन 13, शक् संवत् 1944। फाल्गुन शुक्ल द्वादशी, संवत् 2079, सौर (कुम्भ) फाल्गुन मास की 20, प्रविष्टें। सावान 11, हिजरी 1444 (मुस्लिम)। शिशिर ऋतु। फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी पूर्वा. 11:44 बजे तक, तदन्तर त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ। पुष्य नक्षत्र सायं 18:42 बजे तक, तदन्तर ओषा नक्षत्र प्रारम्भ। शोभन योग रात्रि 19:36 बजे तक, तदन्तर अतिगणड योग प्रारम्भ। चन्द्रमा पूरा दिन-रात कर्क राशि में ही संचरण करेगा। गोविन्द द्वादशी, शनि प्रदोष व्रत, श्याम बाबा खाटू वाले का मेला (राजस्थान)।

**मौसम :** उत्तरीय क्षेत्रों सहित उत्तर के मैदानी इलाकों में पूर्ववत् दिन की अपेक्षा तापमान कम होगा। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं कहीं वर्षा होगी।

### -- दैनिक राशिफल --

**मेष :** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ नई अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता के क्षेत्र में केंद्रित लोगों को लाभकारी अवसर प्राप्त होंगे।

**बृषभ :** क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां मन में आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा।

**मिथुन :** भौतिक-सुख साधन हेतु व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होंगी। रोजगार संबंधी यात्रा संभव।

**कर्क :** उच्छृंखलता व ब्यग्रता महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नई आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**सिंह :** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अवसर मिलेंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :** पिता के सहयोग से विषम स्थिति में राहत मिलेगी। कुछ असंयमित शब्दों का प्रयोग सगे-संबंधियों के बीच कटुता ला सकता है। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन गलत निर्णय लेगा।

**तुला :** किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था के लिए चिंतित होंगे। भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मक न पालें।

**वृश्चिक :** अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्यों की समयानुकूल पूर्ति करेंगे। किसी पुराने संबंधी से विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति बनी रहेगी।

**धनु :** कुछ प्रबल भौतिक इच्छाएं उद्वेलित करेंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। भावनाओं पर नियंत्रण रख दायित्वों के प्रति सजग हों। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित परिणाम का लाभ प्राप्त होगा।

**मकर :** सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी अभिव्यक्ति से संबंध मधुर होंगे। राजनीतिज्ञों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। सामाजिक संबंधों में आपकी गरिमा बढ़ेगी।

**कुंभ :** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित करेगी। उच्च महत्वकांक्षाएं रोजगार में अधिक परिश्रम हेतु प्रेरित करेंगी। परिजनों से भावनात्मक कष्ट हो सकता है।

**मीन :** नये संबंध प्रगाढ़ होंगे। घरेलू वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होंगे। आवेश पर नियंत्रण रखें। निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें।

## बनारस की तर्ज पर गोरक्षनाथ घाट पर खेली जायेगी मशान होली

**गोरखपुर (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गुरु गोरक्षनाथ घाट व रामघाट को बहुत ही सुंदर व आकर्षक पक्का घाट हम सभी गोरखपुरवासियों के लिए बनवाया है। उसी घाट पर मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन के बाद से ही गुरु गोरक्षनाथ आरती समिति का गठन कर प्रत्येक मंगलवार गंगा आरती करती चली आ रही है। भविष्य में भी प्रत्येक दिन आरती करने की योजना आरती समिति की है। समिति 7 मार्च सांयकाल 4 बजे से होली के अवसर पर गुरु गोरक्षनाथ घाट पर बनारस की तरह शहर में भी पहली बार मशान की होली खेली जाएगी। जिसमें भगवान शंकर का विधिवत पूजन अर्चन कर बनारस के प्रदीप महाकाल ग्रुप द्वारा मशान की होली पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष एमएलसी डॉ. धर्मेद्र सिंह विशिष्ट अतिथि ग्रामीण विधायक विपिन सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, डॉ. रुप कुमार बनर्जी, पुष्पदंत जैन, सीताराम जायसवाल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पार्षद संजय श्रीवास्तव करेंगे। उक्त बातें एक प्रेसवार्ता में समिति अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, संरक्षक मदन अग्रहरी एवं महामंत्री अनुराग मझवार ने संयुक्त रुप से कहीं।

# फिराक की लेखनी में भारतीय संस्कृति की खुशबू

**फिराक गोरखपुरी की पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह व मुशायरे का आयोजन**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** फिराक लिटरेरी सोसायटी के तत्वाधान में फिराक गोरखपुरी की पुण्य तिथि के अवसर पर फिराक सम्मान व मुशायरे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोरखपुर यूनिवर्सिटी के पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अफगानुल्लाह खान द्वारा फिराक गोरखपुरी पर लिखित किताब फिराक की शायरी का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर चितरंजन मिश्र ने किया। मुख्य अतिथि रहे गुरुग्राम से पधारे डॉक्टर गुरविंदर बांगा व कार्यक्रम का संचालन महबूब सईद हारिस ने किया।

प्रोफेसर चितरंजन मिश्र ने कहा कि आज मशहूर शायर फिराक गोरखपुरी की पुण्य तिथि है। फिराक साहब की लेखनी में मुहब्बत का रंग और भारतीय संस्कृति की खुशबू की महक आती थी। वरिष्ट पत्रकार व शायर महेश अश्क ने कहा कि फिराक गोरखपुरी को मैने बहुत करीब से देखा है। इस अवसर पर गोरखपुर यूनिवर्सिटी के पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अफगानुल्लाह खान द्वारा उर्दू भाषा में लिखित पुस्तक फिराक की शायरी का हिंदी रूपांतर किया। डॉ. विजाहत हुसैन ने इस पुस्तक का लोकार्पण प्रो. चिरंजन मिश्र, डॉ. गुरविंदर बांगा, डॉ. सौरभ पांडेय, डॉ. अनामिका श्रीवस्ता, महेश अश्क के हाथों किया गया। फिराक लिटरेरी सोसायटी द्वारा वर्ष 2023 का फिराक लिटरेरी अवार्ड डॉ. गुरविंदर बांगा को दिया। इसी क्रम में वर्ष 2023 का मु. हामिद अली अवार्ड, प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ. सौरभ पाण्डेय को तथा 2023 का एम. कोठियावी अवार्ड पत्रकार अमित सिंह को दिया गया। इस अवसर पर एक मुशायरे का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुहम्मद अनवर जिया, सरवत जमाल, डॉ. जैद कैमूरी, डॉ.अनामिका श्रीवास्तव, नदीमुल्लाह, आसिफ सईद, मैकश आजमी, मसरुरुल हसन बहार व युवा शायर वसीम मजहर ने अपना कलाम पढ़ा, संचालन मुहम्मद फर्रुख जमाल ने किया।


फिराक गोरखपुरी की पुण्यतिथि पर पुस्तक का लोकार्पण करते प्रो. चितरंजन मिश्र, डॉ. सुरेन्दर सिंह, महेश अश्क, डॉ. अनामिका श्रीवास्तव, डॉ. विजाहत हुसैन, रिजवानउल्लाह खा व अन्य।

हमारा राजस्थान चिंकारा, बाघ व मोर जैसे जीवों की विभिन्न प्रजातियों से समृद्ध है। प्रकृति संरक्षण के संदेशवाहक विश्व वन्यजीव दिवस में वन्य जीवन की रक्षा का प्रण लेकर इसे सार्थक बनाएं।

—— अशोक गहलोत, सीएम, राजस्थान



# दुकानों व गोदाम में आग से 47 लाख का सामान राख

**गोरखपुर (एसएनबी)।** झंगहा थाना क्षेत्र के रामपुर चौराहे पर स्थित एक व्यक्ति की जनरल स्टोर एवं कॉपी किताब की दुकान में जबकि कि बड़हलगंज थाना क्षेत्र के कस्बा के बेइली स्थित एक गिफ्ट की दुकान और गोदाम में आग लग जाने से क्रमशः 17 और 30 लाख का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर बेइली पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। वहीं, झंगहा के रामपुर में फायरब्रिगेड की टीम दो घंटे बाद मौके पर पहुंची लेकिन तब तक सबकुछ राख हो चुका था।

**झंगहा व बड़हलगंज थाना क्षेत्र में लगी आग**

हमारे **झंगहा एवं ब्रह्मपुर प्रतिनिधियों** के मुताबिक झंगहा थाना क्षेत्र के रामपुरा निवासी सत्यनारायण पुत्र श्यामसुंदर की रामपुर चौराहे पर जनरल स्टोर एवं कापी किताब की दुकान है। रोज की भांति सत्य नारायण रात को अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। बीती रात 2 बजे के आसपास विजली की शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गयी। दुकान से आग की लपटें और धुंआ निकलता देख बगलगीर विनोद प्रजापति ने दुकान के मालिक को सूचित किया। जब तक दुकानदार एवं आसपास के लोग जुटते तब तक आग ने दुकान को पूरी तरह से अपनी आगोश में ले लिया था।






सूचना पाकर फायर विग्रेड 2 घंटे बाद पहुंची तब तक ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया था लेकिन दुकान का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने से बगल के डा. कुलवंत के मकान में भी काफी नुकसान हुआ है। दुकान मालिक द्वारा बताया गया कि अभी दो दिन पूर्व ही होली के मद्देनजर बेचने के लिए 70 हजार की बाजार किया था। उसने बताया कि मेरा 17 लाख का नुकसान हुआ है। पूरे मार्केट में की सबसे बड़ी व अच्छी दुकान थी । सूचना पाकर हल्का लेखपाल एवम पुलिस की टीम आयी थी जो लिखा पढ़ी कर चली गयी।

**आग से बड़हलगंज में 30 लाख का सामान जला :** हमारे **बड़हलगंज कार्यालय** से मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय कस्बे के बेइली में गिफ्ट की दुकान व गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गयी जिससे सारा सामान जल गया। दुकान मालिक के मुताबिक आग से 30 लाख का सामान जला है। शुक्रवार को कोतवाली में दिए गए तहरीर में महादेवा मुहल्ला निवासी शिवम् कुमार ने लिखा है हमारी गिफ्ट की दुकान/गोदाम बेइली में है। शुक्रवार को सवा दो बजे अज्ञात कारण से गिफ्ट की दुकान व गोदाम में आग लग गयी। तत्काल फायर बिग्रेड व पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से घंटों बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना पर मौके पर पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने आग से हुए नुकसान की जानकारी एसडीएम को देकर व्यापारी का सहयोग करने की अपील की और व्यापारी शिवम को ढ़ाढस बंधाया।

# दो सौ रुपए दो तब कराऊंगा नकल, विडियो वायरल

**ककरही (एसएनबी)।** तू डाल-डाल, हम पात-पात के तर्ज पर शिक्षा माफिया सरकार की नकल विहीन परीक्षा के दावे पर पानी फेर रहे हैं। बिना किसी भय के विद्यालय प्रबंधन के द्वारा प्रति परीक्षार्थियों से रूपया लेकर नकल कराया जा रहा है। जिसका प्रमाण गोला क्षेत्र के एक विद्यालय प्रबंधक का वॉयरल हो रहा विडियो दे रहा है।



**गोला में एक विद्यालय के प्रबंधक द्वारा पैसा मांगे जाने का विडियो हो रहा तेजी से वायरल**

**एक परीक्षार्थी का आरोप सीसीटीवी कैमरा बंद करा कर भरवाया जाता है ओएमआर सीट**

वायरल हो रहा विडियो गोला क्षेत्र के देवकी रामचन्द्र पाण्डेय इंटर कलेज नवली,गोपालपुर, गोरखपुर के प्रबंधक लक्ष्मी नरायण मिश्रा का बताया जा रहा है। जिसमें प्रबधंक ओएमआर सीट भराने की एवज में प्रत्येक परीक्षार्थी से दो-दो सौ रूपया मांग रहे हैं। ऐसा ना करने पर नीट एण्ड क्लीन परीक्षा कराने व भगवान भरोसे छोड़ने की बात कह रहे हैं। विडियो बनाने वाले एक परीक्षार्थी ने बताया कि नकल कराने के लिए क्रमशः कमरों का सीसीटीवी कैमरा कुछ देर के लिए बंद कर दिया जाता है तथा उस समय में छोटे प्रश्नो का उत्तर लिखा दिया जाता है। नकल कराने की जिम्मेदारी प्रबंधक के भतीजे की है। यह भी जानकारी मिली है कि नियुक्त व्यवस्थापकों ने इसको लेकर नाराज़गी भी व्यक्त कर चुके हैं। इस संबंध में प्रबंधक एलएन मिश्र ने बताया कि वायरल हो रहे किसी विडियो के बारे में हमें जानकारी नहीं है। नकल कराने की खबर झूठी है। परीक्षा सुचितापूर्ण तरीके से संपन्न हो रही है। इस संबंध में डीडीआर रेखा दिवाकर ने कहा कि वीडियो देखकर मामले की जांच की जाएगी। सत्यता पाने पर कार्रवाई होगी।

# होली के मद्देनजर डीएम-एसएसपी ने परखी सुरक्षा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** होली और शब्बा-ए-बारात त्योहार के मद्देनजर आज जिलाधिकारी कृष्णा करु णेश और एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस फोर्स के साथ राजघाट और कोतवाली इलाके का जायजा लिया।

**राजघाट,कोतवाली ,इलाके में अफसरों ने लिया जायजा**

होलिका दहन व होली पर्व के अवसर जूलुस में सीएम सिरकत करते है। ऐसे में राजघाट और कोतवाली इलाका पहले से संवेदनशील माना जाता है। शुक्रवार को जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने थाना राजघाट व थाना कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मय फोर्स के साथ पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । भ्रमण के दौरान विभिन्न संभ्रान्त व्यक्तियों, दुकानदारों, व्यापारियों व आमजन से वार्ता किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । इस दौरान पुलिस अधिक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी कोतवाली व अन्य प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे ।




**घण्टाघर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ भ्रमण करते जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व अन्य।** फोटो : एसएनबी

# सावधान ! गंदगी फैलाने पर आज से निगम काटेगा चालान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** आज से नगर निगम कूड़ा इधर-उधर कूड़ा फेंक कर गंदगी फैलाने वालों, होटलों का कूड़ा फेंकने, मलबा फेंकने, घर से बिना अलग-अलग किए कूड़ा फेंकने पर जुर्माना वसूलेगा। मछली-मुर्गा का अपशिष्ट सड़क पर फेंकने पर 750 रुपए जुर्माना देना होगा। सड़क पर कूड़ा फेंकते हुए जिन्हें पकड़ा जाएगा उनसे 200 रुपए जुर्माना वसूला जाएगा।

स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के खास अभियान '10 तक' डोर-टू-डोर के अंतर्गत तीसरे चरण में अब चालान कटेगा। घर से लेकर होटल तक गंदगी फैलाने पर चालान का प्रावधान किया गया है। स्रोत स्थल पर गीले और सूखे कूड़े को अलग न करने व निर्धारित स्थान पर कूड़ा न फेंकने पर 200 रुपए जुर्माना लगेगा। निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट को जहां तहां फेंकने पर 2000 रुपए और उद्यान अपशिष्ट फेंकने पर 200 रुपए जुर्माना लगेगा। थोक अपशिष्ट उत्सर्जकों को फेंकने पर 1000 रुपए का जुर्माना लगेगा।

**वसूला जाएगा जुर्माना : मणिभूषण**
सहायक नगर आयुक्त व एसबीएम के प्रभारी डा. मणिभूषण तिवारी ने बताया कि चार मार्च से गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी। नगर निगम के सभी इंस्पेक्टर प्रतिदिन प्रत्येक वार्ड में 50 घरों की जांच करेंगे। घर पर ही सूखे और गीले कूड़े को अलग-अलग न करने पर भी जुर्माना वसूला जाएगा।

**टोल फ्री नंबर 1533 पर करें शिकायत :** सड़क पर गंदगी फैलाने, थूकने, खुले में मूत्र एवं मल त्याग करने पर जुर्माना किया जा सकता है। शिकायतों को दर्ज कराने के लिए नगर निगम ने टोल फ्री नंबर (1533) जारी किया है। इस नंबर पर फोन करके अथवा स्वच्छता एप के माध्यम से सचित्र अपनी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## भगवान नरसिंह की शोभायात्रा को लेकर बैठक

**गोरखपुर (एसएनबी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में होली के दिन भगवान नरसिंह की शोभायात्रा 8 मार्च दिन बुधवार को निकली जाएगी। इस संबंध में एक बैठक माया बाजार स्थित चित्रकूट मंदिर में सपन्न हुई। होली उत्सव समिति के अध्यक्ष ई. अरुण प्रकाश मल्ल ने शोभायात्रा को भव्य बनाने पर चर्चा की।




मेडिकल हेल्पलाइन

सिरदर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, मिर्गी, फालिज एवं नस रोग विशेषज्ञ

डा. मुकेश शुक्ला
MCH (PGI, LKO)
भूतपूर्व कन्सलटेंट न्यूरो सर्जन
बी.आर.डी. मेडिकल कालेज, गोरखपुर

राम ज्ञान न्यूरो & स्पाईन प्रा.लि.
नया पता : राप्तीनगर फेज-2, डाक्टर इन्क्लेव, चरगावां ब्लाक गेट नं.-2 के सामने, मेडिकल रोड, गोरखपुर
मो.-9792572877, 9455096879


# मालिक पुलिस हिरासत में, पिटबुल को कब्जे में लेने को लिखा पत्र

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पिटबुल डाग के मालिक को कैंट थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। चौकी प्रभारी ने बच्चे पर हमला करने वाले पिटबुल डाग को कब्जे में लेने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा है।आरोप है कि मालिक ने दरवाजे पर खेल रहे बच्चे पर पिटबुल छोड़ा था।मुकदमा दर्ज होने पर स्वजन को धमकी दे रहा था।

आजमगढ़ जिले गंभीरपुर थानाक्षेत्र स्थित खरेला गांव निवासी रामअवतार मिश्रा ट्रांसपोर्टनगर में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहते हैं।बुधवार की शाम को उनका आठ वर्षीय बेटा उत्कर्ष दरवाजे पर खेल रहा था।आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले गौरव यादव ने बच्चे पर अपना पिटबुल डाग छोड़ दिया जिसके हमले में वह घायल हो गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध पालतु पशु को लेकर लापरवाही बरतने और मानव जीवन को खतरे में डालने का मुकदमा कैंट थाने में दर्ज है।पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लिया है।पिटबुल को कब्जे में लेने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा गया है।



**दरवाजे पर खेल रहे बच्चे पर पिटबुल डाग छोड़ने का है आरोप**

**बच्चे के पिता ने कैंट थाने में पड़ोसी पर दर्ज कराया है केस**

## घर से बाहर नहीं निकल सकेगा पिटबुल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** ट्रांसपोर्ट नगर में पिटबुल प्रजाति के कुत्ते द्वारा पड़ोसी पर किये गए हमले को लेकर नगर निगम ने सख्ती करना शुरू कर दिया है। निगम कुत्ते के मालिक पर भारी भरकम जुर्माना लगाने की तैयारी में है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने कुत्ते के मालिक को निर्देश दिया है कि कुत्ता किसी भी दशा में घर से बाहर नहीं दिखना चाहिए। नगर आयुक्त ने कहा कि निगम क्षेत्र में जिन्होंने पिटबुल तरह के अन्य कुत्तों को पाल रखे हैं, उनका पंजीकरण नगर निगम में करा लें। इसके साथ ही घर से बाहर नहीं निकालें।

**भारी जुर्माना लगाने की तैयारी में नगर निगम**



# रंगभरी एकादशी पर फूलों की होली, उड़े रंग-गुलाल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कान्हा सेवा संस्थान के तत्वावधान में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को शाम 5 बजे आर्यनगर स्थित अग्रवाल भवन में हर्षोल्लास के साथ रंगभरी एकादशी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम संस्थान के प्रबंधक अनुपम कुमार एवं पंडित हरेंद्र त्रिपाठी द्वारा कलश स्थापना एवं पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि राजकुमार बथवाल, सुभाष भाई प्रांत प्रचारक, विशिष्ट अतिथि पुष्पदंत जैन, नंदू मिश्रा, सत्या पांडेय, सरोज पांडेय, अशोक अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, महेश गोपाल गर्ग, नवीन श्रीवास्तव, हेमकर नाथ पांडेय, शिवशंकर आरएसएस, जगदीश आरएसएस, पंकज गोयल, उमेश अग्रहरी, रवि खेमका व अनूप अग्निहोत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सुजीत एवं भजन मंडली के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की गयी। इस दौरान मुख्य अतिथि राजकुमार बथवाल एवं अन्य अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया। श्री बांके बिहारी एवं श्री राधारानी की झांकी अत्यंत ही मनमोहक लग रही थी जैसे स्वंय बांके बिहारी लोगों के बीच विराजमान हों। इस दौरान भगवान ने जमकर फूलों की होली खेली। भगवान शंकर की भस्म की होली सारे माहौल को अत्यंत अलौकिक रुप प्रदान कर रही थी। मनमोहक झांकी की प्रस्तुति दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। अंत में सभी लोग गुलाल से जमकर होली खेली। खूबसूरत रंग बिरंगे गुलाल से पूरा समारोह स्थल रंगमय हो गया।

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष मीना पांडेय, रंजीता बरनवाल, स्मृति गुप्ता, श्वेता बरनवाल, रुबी बरनवाल, श्वेता मालपानी, प्रियंका गुप्ता, सरिता गौड़. सुमन यादव, सिंधु कुशवाहा, रत्नेश मौर्या, अमितेष बरनवाल, नितिन वैश्य, केशू बरनवाल, सुमित मालपानी, मनीष बरनवाल, राजकुमार पटवा, चंदन कुशवाहा, राजेश जायसवाल, हरिओम सराफ, धर्मेंद्र कुशवाहा, अजय गौड़ एवं दीपक कुशवाहा सहित संस्था के सभी सदस्य व परिवार उपस्थित रहे।



**अग्रवाल भवन में कान्हा सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित फूलों की होली खेलतीं महिलाएं।** फोटो : एसएनबी

# 601 निशान के साथ निकली शोभायात्रा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शुक्रवार को श्री श्याम मंडल न्यास द्वारा आयोजित श्री श्याम फागुन महोत्सव में श्री श्याम मंदिर काली बाड़ी से श्री श्याम निशान यात्रा व शोभा यात्रा 601 निशान के साथ निकली।

**श्री श्याम फागुन महोत्सव**

सुबह 8 बजे काली बाड़ी मंदिर स्थित श्री श्याम मंदिर पर राजकुमार जी गोयल ने पत्नी के साथ निशान की ज्योत ली। संस्था के महामंत्री किशन गोयंका ने बताया कि निशान यात्रा काली बाड़ी, लाल डिग्गी, साहबगंज, बक्सीपुर, नखास, रेती से होती हुई काली बाड़ी श्री श्याम मंदिर पर समाप्त हुई। संस्था के उपाध्यक्ष कुंज बिहारी पोद्दार ने शोभा यात्रा का संचालन किया। निशान यात्रा जिस जगह से गुजरी वहां के श्याम-भक्तों ने फूलों की बारिश कर के स्वागत किया।' रास्ते में जगह जगह सभी भक्तों का स्वागत भी किया गया। निशान यात्रा श्री श्याम मंदिर पहुँची तो निशान की स्थापना के उपरांत सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बिट्टू जलान, मयंक अग्रवाल, अंकित गाड़िया, अमित जगनानी, संकेत अग्रवाल, दुर्गेश बजाज, मनीष मोदी, अंकुर लाठ, जेपी तुलस्यान, अंकुर जालान, सौरभ, विकास, अंकित पोद्दार, सुमित अग्रवाल, गौरव जलान,दीपक सर्राफ, पंकज गोयल, प्रमोद चोखानी, किशन गोयनका, सज्जन जालान, निर्मल जालान आदि की सक्रिय सहभागिता रही। सायंकाल श्री श्याम मंदिर पर प्रवीण अग्रवाल ने सपत्नीक ज्योत ली। कार्यक्रम के आरंभ में नानपारा से आये भजन गायक सरदार बन्टी सिंह ने सभी को श्याम भजनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। श्याम भक्तों ने फूलों की होली खेली।' कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रसाद लिया। यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी श्याम सुंदर जगनानी ने दी।



**श्री श्याम फागुन महोत्सव पर काली बाड़ी मंदिर से श्याम मण्डल द्वारा निकाली गई शोभायात्रा।** फोटो : एसएनबी




गेहूँ खरीद
वर्ष 2023-24



1 मार्च, 2023 से पंजीयन प्रारम्भ



राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ कृषकों तक पहुँचाने के लिए पहल

"गेहूँ का समर्थन मूल्य
₹ 2125/- प्रति कुन्तल"

गेहूँ क्रय की अवधि
दिनांक 01.04.2023 से 15.06.2023 तक

कृषक भाइयों से अपील

किसानों को गेहूँ के मूल्य का भुगतान उनके आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जाएगा। अतः निम्न बातों का ध्यान रखें :–

- गेहूँ विक्रय के पूर्व किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे से खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक।
- कृषक अपना आधार संख्या, आधार कार्ड में अंकित अपना नाम आदि सही अंकित करें।
- कम्प्यूटराइज्ड खतौनी का खाता संख्या पंजीयन में दर्ज कर अपने कुल रकबे एवं बोये गए गेहूँ तथा अन्य फसल के रकबे को अंकित करें। संयुक्त भूमि की दशा में अपनी हिस्सेदारी की सही घोषणा पंजीयन में करें।
- कृषक का बैंक खाता आधार से जुड़ा होना एवं बैंक द्वारा NPCI पोर्टल पर मैप और सक्रिय होना आवश्यक।
- बैंक खाता सक्रिय होने हेतु आवश्यक है कि बैंक खाते में पिछले तीन महीने में लेन–देन किया गया हो।
- गेहूँ बिक्री हेतु ओ०टी०पी० (O.T.P.) आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। कृषक भाई पंजीकरण हेतु वर्तमान मोबाइल नम्बर ही अंकित कराएं, SMS द्वारा प्रेषित ओ०टी०पी० (O.T.P.) भरकर पंजीकरण प्रकिया पूर्ण करें।
- बिक्री के समय क्रय केन्द्रों पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य का विवरण एवं आधार नम्बर फीड कराना अनिवार्य।
- विक्रय के उपरान्त केन्द्र प्रभारी से ई–पॉप मशीन से प्रिन्टेड पावती अवश्य प्राप्त कर लें।
- खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान खरीद हेतु पंजीकरण करा चुके कृषकों को गेहूँ विक्रय हेतु पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं, परन्तु उक्त पंजीकरण को संशोधन कर पुनः लॉक कराना होगा।

पंजीयन कराएं समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं

कृषक किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 या सम्बन्धित जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश

सुप्रीम कोर्ट की जबरदस्त फटकार से आप की नींद टूटी। आखिर मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को देना ही पड़ा इस्तीफा। केजरीवाल जी नैतिकता के आधार पर इस्तीफा तो आपका भी बनता है। — मनोजतिवारी@ManojTiwariMP

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लॉक प्रमुख ने सीएम से बतायी क्षेत्र की समस्या

**पाली (एसएनबी)।** ब्लॉक प्रमुख शशि प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करके क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए चार सूत्री मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपा जिसमें माडर में मोटर लगवाना सबसे प्रमुख रहा। बता दें की माडर में बाढ़ के समय मे किसानों की सैकड़ो एकड़ की फसल बर्बाद हो जाती है। मोटर लगवाने से क्षेत्र के किसानों को बाढ़ जैसी विभिषिका से काफी राहत मिलेगी। इसी प्रकार मांगपत्र में रामडीह तोरनी रामजानकी मंदिर से ठाठेबारी तक सीसी रोड निर्माण की मांग, बिड़र छठ माता के स्थान का सुंदरीकरण, माडर में हथीहवा बाबा स्थान से ब्रह्मदेव के घर होते हुए बंधा वह मुख्य सड़क पर सीसी रोड। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा की जल्द ही इन कार्यो को मंजूरी दे दी जाएगी।



### होली व शब-ए-बारात को लेकर बैठक

**धुरियापार (एसएनबी)।** उरुवा थाना क्षेत्र के ग्राम रौजा दरगाह में स्थित समय माता मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी गोला जगतराम कनौजिया की अध्यक्षता में होली व शबे-बरात को सकुशल संपन्न कराने को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी ने कहा होली व शबे-बरात भाई-चारा और खुशियों का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एसएसआई कवींद्रनाथ सिंह, एसआई सुनील शर्मा, विनय कुमार पांडे, ग्रामीण मो रशीक खान, मनोज कुमार त्रिपाठी, हसीब खान, सुधीर कुमार मोनू, गुड्डू खां सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### दो महीने से वाटर सप्लाई बन्द, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**पाली (एसएनबी)।** पाली क्षेत्र के माडर ग्राम पंचायत में ओवर हेड टैंक से दो महिने से वाटर सप्लाई बन्द होने है। शुक्रवार को प्रदर्शन करते हुए जलापूर्ति बहाल कराने की मांग किया है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया जल निगम के अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही के कारण दो महिने से पीने के पानी के लिए हजारों ग्रामीण तरस रहें है। ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत में अधूरा कार्य किया गया है। सैकड़ों घरों में अभी तक जलापूर्ति का कनेक्शन भी नहीं दिया है ना ही खोदे गये मार्गो का मरम्मत नहीं हुआ है। विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार से बारबार शिकायत के बाद भी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया है। प्रदर्शन में प्रधान विकेश साहनी, सुमई साहनी, रामभरोसे, विकास, रामसूमेर, सुनील कुमार, विशाल साहनी, रामललित समेत अन्य शामिल रहें।

### पर्यावरण व सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली

**बरहीं (एसएनबी)।** बाबू रामनरेश सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज कोना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शुक्रवार को पर्यावरण जागरूकता, पौधरोपण व सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के पालन के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में पौधरोपण भी किया। प्राचार्य डॉ. महेश पति त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से समाज व राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित होने की भावना जागृत होती है। रैली का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार व योगेंद्र मौर्य ने किया। इस अवसर पर राजेश्वर सिंह, डॉ. बलविंदर प्रजापति, अनिल शुक्ल, गोपाल पति त्रिपाठी, राजू प्रजापति, रीना सिंह, अंकिता तिवारी, निधि पांडे, गोल्डी, अंकिता, नीतू, मुस्कान, आंचल, नेहा सहित अनेक छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।




### मेडेल के लिए खिलाड़ियों ने बहाये पसीने

**झंगहा (एसएनबी)।** अखिल भाग्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानापार में चल रही वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ियों ने मेडेल के लिए जम कर पसीना बहाया। शुक्रवार को हुए खेल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग लंबी कूद में प्रथम स्थान पर सन्नी, द्वितीय स्थान पर अभिषेक व तृतीय स्थान पर शैलेश यादव रहे। लम्बी कूद बालिका वर्ग में दीपिका प्रथम स्थान, नीलम द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान पर सोनाली रहीं। बालक वर्ग दो सौ मीटर दौड़ में प्रदीप कुमार प्रथम, रोशन कुमार द्वितीय व तीसरे स्थान पर विनित कुमार पांडेय रहे। बालक वर्ग भाला क्षेपण में अनिल यादव प्रथम, शैलेश यादव द्वितीय व तृतीय स्थान पर अभिषेक रहे। चार सौ मीटर बालक वर्ग की दौड़ में ब्रजेश पाल प्रथम, प्रदीप कुमार द्वितीय व सूरजबली तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग दस किमी दौड़ में सूरज बली प्रथम, प्रद्युम्मन चौधरी द्वितीय व सचिन यादव तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रागिनी राय, क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश मिश्र, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. राजेश्वर मिश्र, आरती माला सिंह , बबिता सिंह, डॉ. अजय ओझा सहित अन्य शिक्षकों व छात्रों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



### विशेष सतर्कता व भाईचारे के साथ मनायें त्योहार : कोतवाल

**गोला/ककरही (एसएनबी)।** शुक्रवार को कोतवाली परिसर में कोतवाल गोला अश्वनी तिवारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। होली व शब-ए-बरात पर्व को लेकर बैठक में उपस्थित लोगों से भाईचारा बनाए रखने और शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की गई। बैठक के दौरान पुलिस कर्मी सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### त्योहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**झंगहा (एसएनबी)।** झंगहा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी चौरी चौरा शिवम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी चौरी चौरा ने कहा कि होलिका दहन व होली व शबेबारात का त्योहार सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन आप की सेवा में हमेशा तैयार है। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा मानुष पारीक ने कहा कि किसी प्रकार का झगड़ा बवाल हुआ तो बिवाद करने वालों के साथ साथ डीजे सीज करके संचालक के बिरुद्ध भी कानूनी कार्यवाई की जाएगी। इस अवसर पर झंगहा थाना अध्यक्ष गौरव कुमार कनौजिया ने कहा कि किसी के ऊपर कीचड़ आदि न फेंके व विवाद से बचें। इस अवसर पर जिपंस सुनील कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान अमहिया अरविंद कुमार सिंह ,ग्राम प्रधान झंगहा रामविलास यादव, अरविंद पासवान, हनुमान सिंह, नूर अहमद, उग्रसेन यादव, चंद्रशेखर सिंह, पवन सिंह, दिलीप कुमार, सुनील विश्वकर्मा, अजीत यादव, विकास गौड़, आलोक गुप्ता, प्रदीप चौहान, मुनिवर मिश्रा, लालजी विश्वकर्मा, संजय कनौजिया, रमेश विश्वकर्मा, अमरनाथ सहित क्षेत्र से आये तमाम गणमान्य व्यक्ति व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



### पुलिया की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों का प्रदर्शन

**हरपुर -बुदहट (एसएनबी)।** विकास खण्ड सहजनवां के ग्राम पंचायत बुदहट से हो कर गुजरने वाली नवनिर्मित भीटी-चौरसिया स्टेट लेन पर बुदहट गांव के ग्रामीणों ने जल निकासी के लिए पाइप डालकर पुलिया निर्माण के लिए आक्रोशित हो कर पीडब्लूडी विभाग के खिलाफ सड़क पर खड़ा हो कर प्रदर्शन करते हुए बरसात के समय हो रहे जल जमाव के पानी को निकलने के लिए पुलिया की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आरोप है कि बरसात के समय सड़क उंन्चा होने से गांव का पानी निकल नहीं पाएगा, इसके लिए मामले को अधिकारियों का ध्यान आष्कृट कराते हुए सड़क पर हो रहे निर्माण कार्य को रोक दिया गया। ग्रामीणों ने ठेकेदार से यह कहा कि जबतक पुलिया का निर्माण नहीं हो जाता है काम नहीं होगा। मामले को संज्ञान में लेते हुए ठेकेदार ने काम बन्द करवा दिया। इस संबंध में राजेश कुमार सहाय अभियंता पीडब्लूडी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, हमने ठेकेदार से पुलिया निर्माण कराकर सड़क बनाने की बात कही है। प्रदर्शन करने वालों में रामानंद, अजय कुमार कन्नौजिया, बिशाल गुप्ता, संतबली कन्नौजिया, झिनक गोंड, नागेन्द्र गुप्ता, गोरख कन्नौजिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# शिक्षा मनुष्य को संस्कारवान बनाती है : कुलपति

**द्रोपदी देवी विन्ध्याचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व अभिनन्दन समारोह आयोजित**





**डोहरिया बाजार/जंगल कौड़िया (एसएनबी)।** द्रोपदी देवी विन्ध्याचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय अहिरौली सिहोरवा में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव व अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति राजेश सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. रामदरस राय व डॉ. जितेन्द्र कुमार रहे। मुख्य अतिथि का माल्यार्पण व स्वागत संस्था के प्रबंधक/ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव द्वारा व विशिष्ट अतिथि का स्वागत प्राचार्य केएम पाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक व मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को अपनी तरफ आकर्षित किया।

मुख्य अतिथि कुलपति राजेश सिंह ने कहा शिक्षा मनुष्य में अच्छे और बुरे का विवेक पैदा करती है तथा शिक्षा मनुष्य को संस्कारवान बनाती है। अनुशासित जीवन जीने की कला सिखाती है। विशिष्ट अतिथि हिंदी विभाग के आचार्य प्रोफेसर रामदरश राय ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को संस्कारवान बनाती है शिक्षा वह साधन है जिसके माध्यम से आप इस सृष्टि में जो चाहे प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का प्रमुख माध्यम है।

संस्था के प्रबंधक बृजेश यादव ने कहा कि विविध प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान होता है। उन्होंने इसके लिए अध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी श्रुति यादव और हिंदी विभाग के प्रवक्ता डॉ. विशाल चौहान ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ.सुषमा श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम में जिपंस डॉ. दिलीप कुमार सिंह, देश दीपक यादव प्रधान संघ अध्यक्ष, बृजभूषण मिश्रा, शैलेश यादव, राजाराम निषाद, रामलखन यादव, सुदर्शन सहानी, बलराम यादव, नीरज यादव, राघवेन्द्र चतुर्वेदी, परशुराम मल्ल, बीएन सिंह, उपेन्द्र यादव, संजय निगम, डॉ. सपना सिंह, डॉ. देवेन्द्र शर्मा, डॉ. विधान चंद यादव, डॉ. विमलेश यादव, डॉ.अनीश कुमार मल्ल, डॉ.संजय कुमार सारस्वत, डॉ.अजीत कुमार, डॉ. सुषमा श्रीवास्तव, डॉ. जयश्री रावत, विनियोगिता सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सहानी, डॉ. विशाल चौहान, साह आलम, केएन गुप्ता, खजान सिंह यादव, संजय कुमार राय, धनी राम गौड़ सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में हंगामा, बीडीओ ने दी तहरीर

**निर्वाचित बीडीसी के स्थान पर प्रतिनिधि के हस्ताक्षर को लेकर हुआ विरोध**

**खजनी (एसएनबी)।** खजनी क्षेत्रपंचायत सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक शुक्रवार सुबह 11 बजे शुरू हुई। आधे घंटे बाद सदन में हंगामा हो गया।दोनो पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे तथा काफी हंगामे के बाद भी बैठक की कार्यवाही नही हुई तथा दोनो पक्ष से खजनी थाने पर तहरीर दी गयी।

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी कार्तिकेय मिश्रा ने बताया कि एक बाहरी व्यक्ति सदन में घुसकर अभद्र व्यवहार करने लगा। जिसका सभागार में मौजूद लोगों ने विरोध किया। इसी को लेकर हंगामा हुआ। मामला बिगड़ता देख सभी लोग सभागार से बाहर निकल गये। जिसकी मैंने थाने में तहरीर दे दी है। जबकि दूसरे पक्ष का आरोप था कि अधिकांश सदस्यो की जगह उनके परिजन बैठक मे उपस्थित रहे तथा वह फर्जी ढंग से हस्ताक्षर भी सदस्यो का किया जा रहा था जिसका बिरोध किया गया तो हँगामा शुरु हो गया। खबर नवीस ने बीडीओ से पूछा कि क्या बैठक के दौरान सदन में बाहरी व्यक्ति के जाने की अनुमति रहती है, उन्होंने तपाक से कहा यह तो पुलिस ही बता पायेगी।

वहीं कुछ बीडीसी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ बीडीसी सभागार में मौजूद नहीं थे। सभागार में पहुंचे उनके प्रतिनिधि से हस्ताक्षर करवाया जा रहा था। जिसका हम लोगो ने विरोध किया इसी को लेकर हंगामा हो गया। मामला हाक-टाक और देख लेने तक पहुंच गया और सभी लोग बाहर निकल गये।

कोतवाल संजय मिश्रा ने बताया थाना क्षेत्र के बेलभदरा में सुबह एक लाश मिलने की सूचना मिली। घटनास्थल पर चला गया था। इसी कारण बाद में पहुंचा इस संबंध में क्षेत्राधिकारी ने बताया कि दोनों पक्ष से तहरीर मिली है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक पक्ष ने गुंडई का आरोप लगाया है। जबकि दूसरे ने सभागार में कुछ लोग गैर कानूनी ढंग से मौजूद रहने का आरोप लगाया है।

### श्रीराम, सीता, राधाकृष्ण व हनुमान की मूर्ति स्थापित

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** रंगमहल अयोध्या के पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 रामशरण दास महाराज ने शुक्रवार को बाबा जलेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा व मूर्ति स्थापना के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि भोलेनाथ ने बड़हलगंज में पूरी अयोध्या लाकर रख दी है। कार्यक्रम अच्छे महापुरुष के द्वारा होता है तो उसकी प्रतिष्ठा बढ़ती है। श्री दास ने कहा कि मानस पर टिप्पणी करने वाला अज्ञानी है। ऐसा लगता है कि मानस तो उन्होंने पढ़ा ही नहीं। उनसे पूछना चाहिए कि आपके पूर्वज क्या कहकर गयें थे। रामनाम सत्य कहें थे। पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने कहा कि आयोजक मोहन मद्धेशिया ने इस स्थान को तीर्थ का रुप दे दिया है। मंच पर मौजूद गोरखनाथ मंदिर के मुख्य पुरोहित रामानुज त्रिपाठी ने इस दुर्लभ कार्य के लिए आयोजक को साधुवाद देते हुए सभी को आशीर्वाद दिया। इस दौरान दानदाता सूरज पाण्डेय, विनय पाण्डेय, अजय सराफ, भुनेश्वर चतुर्वेदी, बबलू राय, संजय सोनी, महेश उमर, श्रीकान्त सोनी, लल्लन तिवारी प्रियांशु निगम, दिलीप निगम, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## आशा वर्कर व आशा संगिनी ने मांगों को लेकर दिया धरना

**बांसगांव (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन संबद्ध ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियन के बैनर तले इंकलाबी नौजवान सभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह और यूनियन के अध्यक्ष आशा गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को तहसील परिसर बांसगांव में धरना प्रदर्शन किया गया तथा मांगो को लेकर उपजिलाधिकारी बांसगांव को प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भी सौंपा।



प्रदर्शन के दौरान बताया गया कि प्रदेश भर में आशा वह आशा संगिनी का 6 से 7 महीने तक का संपूर्ण मानदेय बकाया एवं चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रोत्साहन राशियों के लूट के चलते रात दिन श्रम करने वाली आशा व आशा संगिनी भूखमरी की शिकार हो रही हैं धरने में 13 मार्च 2023 को जिला मुख्यालय पर विशाल धरने का आवाहन किया गया तत्पश्चात प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित बकाए मानदेय वह सभी प्रोत्साहन राशियों के भुगतान की गारंटी करने प्रोत्साहन राशियों के भुगतान प्रणाली को आमूलचूल बदलने सभी आशा कर्मियों को राज्य स्वास्थ्य कर्मी के रूप में मान्यता देकर उन्हें श्रम सम्मेलन के सिफारिश के अनुरूप ₹21000 न्यूनतम वेतन की गारंटी सहित 11 सूत्री मांग पत्र उप जिलाधिकारी बांसगांव को सौंपा गया।

धरने में आशा गुप्ता, मालती देवी, सोना देवी, सावित्री पूनम सिंह शीला संध्या सरिता मंजू पुष्पा, पूनम साहनी, चंद्रिका प्रसाद सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

### आवास न बनाने वाले लाभार्थियों से पैसा वापस कराने का निर्देश

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** स्थानीय विकास खंड के सभागार में शुक्रवार को परियोजना निदेशक (पीडी) अनिल कुमार सिंह ने ब्लाक में बन रहे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास की समीक्षा बैठक किया। आवास निर्माण में धनउगाही की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई कर जेल भेजने की चेतावनी दी। उन्होंने हर हाल में मार्च के अंत तक सभी आवास को पूर्ण कराने का निर्देश सचिव व आवास प्रभारी को दिया।

मैभरा, रामनगर डेरवा, मोहन पौहरिया, कोल्हुआ, नेवादा आदि गांवों में कुछ लाभार्थियों का आवास का प्रथम किस्त का पैसा पहुंचने के बाद भी निर्माण न होने पर आवास प्रभारीयों को जल्द निर्माण प्रारम्भ कराने का निर्देश दिया। सोमवार तक लाभार्थी का आवास शुरू नही होने पर लाभार्थियों से पैसा वापस कराने का निर्देश आवास प्रभारी को दिया। सिधुआपार में आवास लाभार्थी का सिगेचर मिसमैच होने के कारण बैंक से पैसा न निकलने पर बैंक मैनेजर से पीडी ने फोन पर बात कर समस्या का समाधान कराया।

खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य व एडीओ पंचायत वीरेंद्र पांडेय को अधूरे व अब तक शुरू न हुए आवास की जांच करने का निर्देश दिया। खंड विकास अधिकारी ने सभी सचिवों व आवास प्रभारीयों को तय समय में आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया। वीरेंद्र मिश्र, अशोक सिंह, कृष्णानंद शर्मा, वीरेंद्र कुशवाहा, योगेश तिवारी, राहुल गुप्ता, अजय पांडेय, दीपक मौर्य, शमा अफरोज, जयराम तिवारी, रेनू यादव, आशीष मिश्र, अनीता सिंह, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### दस वर्ष पुराने विवाद को लेकर पुलिस ने दो गांवों में की बैठक

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पोखर भिंडा निवासी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवरंग पासवान ने पीस कमेटी की बैठक में सीओ चौरी चौरा मानुष पारीक को बताया कि विगत दस वर्ष होलिका दहन को लेकर पड़ोस के गांव चौरी के कुछ लड़के मेरे गांव के सम्मत में आग लगा देते हैं, जिसको लेकर विवाद उत्पन्न हो जाता है। सीओ के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह गांव में ही दोनों गांवो के ग्राम प्रधानो तथा ग्रामीणों के साथ आवश्यक बैठक कर दस वर्ष पुराने विवाद को सुलझाने का प्रयास किया।थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने दोनों गांव के ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग जिम्मेदारी पूर्वक आपस में मिलजुल कर शान्ति पूर्ण ढंग से त्योहार को मनाए। ग्राम पंचायत पोखरभिंडा में होलिका दहन को लेकर दस वर्ष पुराने विवाद उत्पन्न हो जानें को लेकर पुलिस ने गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर विवाद को निस्तारण करने का प्रयास किया।

प्रधान प्रतिनिधि नवरंग पासवान ने पुलिस को बताया कि मेरे गांव सम्मत को पड़ोस के गांव चौरी बदुरहिया के कुछ मनबढ़ युवक जबरन आग लगा कर होलिका जला देते हैं। होलिका दहन को लेकर पूर्व में इसी बात को लेकर ईट पत्थर भी चले है तथा मारपीट भी हुआ है। बैठक में इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए दोनो गांवो के प्रधानों सहित ग्रामीणों के साथ दोनो गांव में आवश्यक बैठक कर दस वर्ष पुराने विवाद को सुलझाने का प्रयास किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने कहा कि आप लोग अपने अपने गांव नवयुवकों को समझाए बुझाकर आगामी त्योहार पर किसी प्रकार विवाद या हुडदंग ना मचाएं। आप लोग आपस में मिलजुल कर शान्ति पूर्ण ढंग से त्योहार को मनाए। होलिका दहन के दौरान मौके पर पुलिस मौजूद रहेगी।

## आईटीएम के वार्षिकोत्सव का रंगारंग आगाज

**सहजनवां (एसएनबी)।** आईटीएम ग्रुप आफ इंस्टिट्यूसन्स, गीडा, गोरखपुर मे अप्रैल माह में आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव परंपरा - 2023 का शुभारम्भ संस्थान के सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल एवं निदेशक डॉ. एनके सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद संस्थान के छात्रों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमोंकी प्रस्तुति किया गया। इस अवसर पर सेलिब्रेटी गायक के रूप में शारिक ने अपने गीतों से शमां बांधा और कार्यक्रम में मौजूद लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।




कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. एनके सिंह ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव एवं दीक्षांत समारोह परंपरा-2023 का आयोजन 6-8 अप्रैल के बीच होगा। तीन दिन आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल गायन, युगल गीत, डांस, मेहंदी प्रतियोगिता, नाटक, हास्य, कविता,रंगोली, रामचरित मानस पर आधारित प्रतियोगिता, सांस्कृतिक अंताक्षरी, फ्लावर पट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, फिल्मिस्तान, फेस पेंटिंग, टीशर्ट पेंटिंग, डम्बशराड तकनीकी गेम (विवेका) में रोबो रेस, रोबोवार, आईडिया प्रेजेंटेशन, ब्रीजति, वेबसाइट डेवलपिंग, एप्लीकेशन डेवलपमेंट, कॉल आफ ड्यूटी, डिबग्गिंग, शार्क टैंक, नीड फर स्पीड, ऐड प्रो व खेलकूद (स्पर्धा) में वलीबाल, बैडमिंटन, 100 मीटर रेस, चेस, टेबल टेनिस, फुटबल, बास्केटबल, लंबी कूद, ऊंची कूद, डिस्क थ्रो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। 6-8 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम मे भारत के मशहूर कमेडियन सुनील पाल, गायक मिसबाह अली एवं ईडीएम नाईट मे शोर डीजे बेसड बैंड कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के केंद्र होंगे।

इस अवसर पर फार्मेसी के निदेशक डॉ. पीडी पंडा, डॉ.नरेन्द्र सिंह, डॉ. केएन मिश्रा, निधि गुप्ता, डॉ.आरपी सिंह, डॉ. एआर त्रिपाठी, डॉ.आरएल श्रीवास्तव, डॉ.मनोज कुमार मिश्रा, विनीत राय, शालिनी सिंह, अलका श्रीवास्तव, एके सिन्हा, एके दास सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं समस्त छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

### सद्भाव के साथ मनाएं त्योहार : एसपी दक्षिणी

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** आगामी होली व शब-ए-बारात के त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार को सद्भाव के साथ मनावें। कोई अवांछनीय हरकत करते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया ने कहा कि त्योहारों में खलल पैदा करने वालों से निपटने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से लगी हुई है। किसी भी व्यक्ति को कानून से खेलने की इजाजत नहीं है। मोटरसाइकिल लेकर स्टंट न करें। कोतवाल जेएन शुक्ल ने आभार व्यक्त किया। वीरू सोनकर, श्रवण जायसवाल, महेश उमर, श्रीकांत सोनी, बबलू राय, बालिस्टर यादव, डॉ. शमीम, अजय सर्राफ, मोहनजी, सुजीत कुमार, रक्कम यादव, प्रेमनाथ यादव, संजय यादव, हाफिज मुजिबररहमान, मेहताब आलम, सहाबुद्दीन, मु. नसीम, खुर्शीद आदि मौजूद रहे।



### चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का किया निराकरण

**पाली (एसएनबी)।** पाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत विसरी व लखनापार में शुक्रवार को एडीओ पंचायत जगदीश जायसवाल के अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया।जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया गया। चौपाल में अधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।विसरी में आठ मामले छः का निराकरण किया गया।लखनापार में सात मामलें में पांच का निराकरण किया गया।दोनों चौपाल में खाद्य एवं रसद विभाग के मामलें का समाधान नहीं हुआ।चौपाल में लेखपाल व खाद्य एवं रसद विभाग के जिम्मेदार नदारत रहें।चौपाल में प्रधान प्रतिनिधि विनय त्रिपाठी,मान सिंह,एडीओ आईएसबी रामदुलारे,सचिव राघवेन्द्र सिंह,वीरेन्द्र चौधरी,टीए दिलीप यादव,चन्द्रभान समेत अन्य ब्लाककर्मी व ग्रामीण मौजूद रहें।



### गीडा सेक्टर पांच में विशाल भंडारे का आयोजन

**सहजनवा (एसएनबी)।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के न्यू गोरखपुर आवासीय योजना सेक्टर पांच में स्थित बाबा शिवाश्रयनाथ मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की शुरुआत गोरखपुर की पूर्व मेयर डॉक्टर सत्या पांडेय ने किया। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी न्यू गोरखपुर कल्याण सोसायटी द्वारा बाबा शिवाश्रयनाथ मंदिर परिसर में अखंड रामायण का आयोजन किया गया। रामायण की पूर्णाहुति के उपरांत एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सेक्टरवासी अधिक संख्या में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किए। इस दौरान सोसायटी के अध्यक्ष गोरखनाथ त्रिपाठी, महामंत्री राकेश दुबे, डॉ. दिलीप मणि त्रिपाठी, डॉ. एसके लाट, सचिंद्र उपाध्याय, कुलदीप शर्मा, रामप्रताप शुक्ला, मनोज उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### चौकी पर हुई पीस कमेटी की बैठक

**उनवल (एसएनबी)।** खजनी थाना क्षेत्र के उनवल चौकी में होली और शबे बारात को शकुशल सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पांडे की अध्यक्षता में चौकी परिसर में सम्पन्न हुई। चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पांडे ने कहा कि त्योहारों को आप लोग शकुशल सम्पन्न करायें। अगर किसी जगह विवाद होने की संभावना हो तो आप लोग हमे तत्काल सूचित करें। इस पीस कमेटी मीटिंग के दौरान चौकी क्षेत्र के ग्राम प्रधान, सम्मानित जनता सहित पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

### रासेयो शिविर के छठे दिन निकली जागरूकता रैली

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** स्थानीय वीर बहादुर सिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तवावधान में सप्तदिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली का शुभारंभ डॉ. शैलजा अस्थाना और डॉ. गीता यादव ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रो. आर्येन्दु द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम अधिकारी किशोर नंद तथा डॉ. सुमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवक-स्वयंसेविका सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित नारे लगाते हुए पंक्तिबद्ध होकर चले। महाविद्यालय में रैली के लौटने पर शिविरार्थियों ने प्राध्यापकों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर सचिन, मनोज कुमार खरवार, योगेन्द्र नाथ मिश्र, जितेन्द्र कुमार चौरसिया, डॉ. गीता यादव, बृजेश पाण्डेय, सरिता यादव और अनेक छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।




### बैठक में फेमिली आईडी बनाये जाने पर जोर

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** जिला ई-डिस्ट्रिक्ट गवर्नेंस के तत्वावधान में तहसील सभागार में फेमिली आईडी (एक परिवार एक पहचान) को लेकर राजस्व व विकास विभाग के कर्मचारियों की बैठक की गई। बैठक में फेमिली आईडी बनाये जाने पर जोर दिया गया। ई-डिस्ट्रिक्ट गवर्नेंस के जिला प्रबंधक नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाली योजना फेमिली आईडी को प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचाया जाये। उन्होंने कहा कि इस फेमिली आईडी से सरकार की लाभपरक योजनाओं से पात्र लोगों को जोड़ना आसान होगा। उन्होंने बताया कि फेमिली आईडी बनाने के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट के जन सेवा केंद्र व फेमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराया जा सकता है। तहसीलदार राकेश कन्नौजिया ने कहा कि योजना को प्रभावी बनाने के लिए सभी राजस्व व विकास विभाग के कर्मचारी दायित्व का निर्वहन करें। बैठक में राजस्व लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### त्योहार में खलल डालने वालों की खैर नहीं

**रकहट (एसएनबी)।** होली व सबे बारात को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शुक्रवार को गगहा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें दोनों समुदाय से सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सीओ बांसगांव प्रशाली गैंगवार ने लोगों से भाईचारे व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाने की अपील किया। थाना प्रभारी गगहा संदीप कुमार सिंह ने कहा कि गांव में सामंजस्य बनाकर मिलजुल कर त्योहार मनाएं। नायब तहसीलदार बांसगांव अभिषेक मिश्रा ने कहा कि होलिका दहन स्थल तक जाने के रास्ते में होने वाले विवाद के बारे में जानकारी ली। इस दौरान गजपुर चौकी प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह, सोहगौरा चौकी प्रभारी मनीष त्रिपाठी, उप निरीक्षक आशीष कुमार दुबे, अनीत राय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव कुमार यादव, सुशील यादव, लवलेश कुमार, भास्कर त्रिपाठी, ब्रह्म नन्द यादव, विनोद सिंह, अनिल पासवान, संदीप वोदनवाल, हेरी प्रसाद, राकेन्द्र द्विवेदी, मन्ते यादव, योगेन्द्र यादव, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

# तीन बदमाशों पर पुलिस ने दस-दस हजार का इनाम किया घोषित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाप चलाये जा रहे अभियान के तहत कैंट थाने में दर्ज मुकदमे में फरार तीन बदमाशों पर दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

**कैंट इलाके में लम्बे समय से चल रहे है तीनों बदमाश फरार**

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आजमढ़ जिले के बरहज थाने के नंदावा बरसई दरिया निवासी अपराधी घनश्याम पाठक पुत्र भैरो पाठक जो वर्तमान समय में कैंट थाने में मुकदमा संख्या 227/022 धारा 419, 420,467, 468 , 471, 407 के मामले में फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने दस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। इसी क्रम में अपराधी अर्पित कुमार सिंह पुत्र धीरज विक्रम सिंह निवासी आवास विकास कालोनी महादेव झारखण्डी थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर जो वर्तमान समय में मुकदमा संख्या 817/022 धारा 420, 467,468 भादवि थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर में फरार चल रहा है इसकी गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है।

तीसराअपराधी मनीष जायसवाल पुत्र निक्कू पुत्र बृजमोहन निवासी रामकोला रोड थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर जो वर्तमान समय में मुकदमा संख्या 881/022 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर में फरार चल रहा है उसकी गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

# आर्यन व विवान को मिली अंतरराष्ट्रीय रेटिंग

**गोरखपुर (एसएनबी)।** विश्व शतरंज महासंघ (फीडे) ने 28 फरवरी को जारी अपनी नई अंतरराष्ट्रीय रेटिंग शतरंज की सूची में गोरखपुर के सेंट्रल एकेडमी के कक्षा सात के छात्र आर्यन सरन और कैटलिस्ट हाइब्रीड स्कूल के कक्षा पांच के छात्र विवान शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय रैपिड रेटिंग प्रदान की है। फीडे ने आर्यन को 1288 और विवान को 1201 की प्रारंभिक रैपिड रेटिंग प्रदान की है।





दोनों खिलाड़ियों को यह उपलब्धि बीते माह प्रयागराज में आयोजित पंडित राम जी पाठक मेमोरियल यूपी स्टेट फीडे रेटिंग चेस चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने पर हासिल हुई है। गोरखपुर जिला शतरंज संघ के महासचिव जितेन्द्र सिंह ने बताया कि आर्यन सरन ने नौ चक्रों के मैच में सात अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ियों से खेलते हुए चार अंक अर्जित किया। विवान शुक्ला ने छह अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ियों से खेलते हुए 2.5 अंक अर्जित किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला शतरंज संघ के संरक्षक पुष्पदंत जैन, सृंजय कुमार मिश्र, एसए रहमान, अध्यक्ष सैयद नौशाद अली सब्जपोश, मिथिलेश श्रीवास्तव, नितेश श्रीवास्तव, मान्धाता सिंह, कनक हरि अग्रवाल विनय जायसवाल, अमितेश आनंद आदि ने बधाई दी है।

# दोनों सेमीफाइनल मैच आज, जोरदार मुकाबले के आसार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** ऑल इंडिया प्राइजमनी लक्ष्य चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को दोनों सेमीफाइनल मैच होंगे। पहला सेमीफाइनल मैच सीएजी व पूर्वोत्तर रेलवे के बीच तथा दूसरे सेमीफाइनल मैच में उत्तर प्रदेश व लक्ष्य एकेडमी के मध्य मुकाबला होगा। फाइनल में प्रवेश के लिए चारों टीमों के बीच जोरदार मुकाबले होने के आसार हैं। शुक्रवार को पुल बी के अन्तर्गत रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर लाइफ केयर उत्तर प्रदेश ने सीएजी को 78 रनों से हराकर अपने पुल में पहला स्थान प्राप्त किया। सेडिका मैदान में खेले गए मैच में राजस्थान ने जम्मू को 179 रनों से हराकर पहली जीत दर्ज की। हालांकि, राजस्थान सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सका।

**ऑल इंडिया लक्ष्य चैम्पियंस ट्रॉफी**

**पहला सेमीफाइनल मैच सीएजी व पूर्वोत्तर रेलवे के बीच होगा**

**दूसरे सेमीफाइनल मैच में उत्तर प्रदेश व लक्ष्य एकेडमी के बीच होगा मुकाबला**

लाइफ केयर उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में सात विकेट पर 229 रनों का स्कोर खड़ा किया। रोहन राठी ने 72 गेंदों में 92 रनों की धुआंधार पारी खेली। भरत ने 43 रन बनाए। सीएजी के अर्पित, शुभम ने दो-दो विकेट लिया। प्रत्युत्तर में सीएजी की टीम 27वें ओवर में 151 रनों पर सिमट गई। दिव्य राज ने 46, यशु शर्मा ने 32, शुभम ने 25 रन बनाए। उत्तर प्रदेश के दिगवेश ने चार विकेट हासिल किया। सत्यम व करन डागर को दो-दो विकेट मिला। उत्तर प्रदेश के रोहन राठी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार व्यवसायी महेश वालानी ने दिया।

सेडिका मैदान में खेले गए मैच में राजस्थान ने दीपक चौधरी के 71 गेंदों पर 142 रनों की शतकीय पारी, भरत शर्मा के 70, मनीष के 79 रनों की बदौलत 295 रनों का स्कोर बनाया। जम्मू के साहिल और आर्य ने दो-दो विकेट लिया। जवाब में जम्मू की टीम 19वें ओवर में सभी विकेट खोकर 116 रनों पर सिमट गई। साहिल ने 53 रन बनाए। राजस्थान के दीपक चौधरी ने पांच विकेट लिया। मयंक रावत और भूपेंद्र को दो-दो विकेट मिला। राजस्थान के दीपक चौधरी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रेलवे के पूर्व क्रिकेटर हसन नदीम ने दिया। रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर प्रमुख अधीक्षक जिला अस्पताल डा. राजेन्द्र ठाकुर तथा सेडिका मैदान में समाजसेवी विक्की कुकरेजा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर लक्ष्य स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष डा. राजेश यादव, सचिव डा. त्रिलोक रंजन, संयुक्त सचिव डा. मुदित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा

**हर्रैया (बस्ती) (एसएनबी)।** कूट रचित दस्तावेज तैयार कर वर्ष 1995 में हर्रैया थाने से लाइसेंस प्राप्त कर खरीदे गए राइफल को जमा ना कराए जाने पर हाईकोर्ट द्वारा फटकार लगाने के बाद पूरा जिला प्रशासन हड़बड़ा गया।आनन-फानन में हर्रैया थानाध्यक्ष की तहरीर पर पूर्व विधायक के विरुद्ध अपराध संख्या 71/2023 धारा 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी तथा 325 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस राइफल बरामद करने के लिए भागदौड़ कर रही है।

**वर्ष 1995 में जालसाजी कर फर्जी पते पर बनवा लिया था शस्त्र लाइसेंस**

**वर्ष 1996 में शिकायत पर डी एम ने निरस्त कर दिया लाइसेंस लेकिन राइफल लेकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता रहा पूर्व विधायक**

**हाईकोर्ट ने डीएम को तलब किया तो मच गई खलबली**

गौरतलब है कि अयोध्या जनपद अंतर्गत गोसाईगंज विधानसभा के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी पुत्र कृष्ण गोपाल तिवारी निवासी देवकाली श्री राम गेस्ट हाउस के पीछे थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव गौहनिया नेपाल सिंह में अपना निवास दिखा कर राइफल का शस्त्र लाइसेंस प्राप्त कर लिया गया।वर्ष 1995 में लाइसेंस संख्या 24 पर उन्होंने राइफल खरीद भी लिया। बाद में मामले की शिकायत होने पर तत्कालीन जिलाधिकारी ने आदेश संख्या 2754/ पेशकार दिनांक 4 जुलाई 1996 द्वारा लाइसेंस तो निरस्त कर दिया मगर राइफल जमा नहीं कराया गया।

उल्लेखनीय है कि उक्त राइफल का प्रयोग कई अपराधिक वारदातों में किया जाता रहा। इधर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उनके खिलाफ चल रहे मामले में सुनवाई के बाद राइफल को जमा ना कराने को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने जिला अधिकारी बस्ती को तलब कर लिया। उसके बाद जिले के अधिकारियों में हड़कंप मच गया।आनन-फानन में शुक्रवार को हर्रैया के थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह की तहरीर पर पूर्व विधायक खब्बू तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।पुलिस ने राइफल को जमा कराने के लिए दौड़ धूप शुरू कर दिया है लेकिन यह भविष्य के गर्त में है कि उक्त राइफल जमा करा लिया जाएगा अथवा विगत 26 वर्षो की तरह राइफल का आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल होता रहेगा।

# पिकअप की चपेट में आने से दादा पोते की मौत

**तरकुलवा (देवरिया) (एसएनबी)।** बाजार करके वापस घर लौट रहे दादा और पोते की पिकअप की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। यह सूचना जब परिवार जनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के सिरवनिया गांव निवासी चंद्रबली कुशवाहा (65वर्ष) पुत्र स्व. लख राज अपने पोते सतीश कुशवाहा (20 वर्ष) पुत्र स्व. रामध्यान के साथ बाइक से कंचनपुर चौराहे पर बाजार करने गए थे। वह अपने पोते के साथ बाइक से वापस घर लौट रहे थे कि अपने गांव के समीप कसया-देवरिया मार्ग के रतनपुरा चौराहे पर ईट भट्टे के सामने देवरिया से कसया की ओर जा रहे पिकअप की चपेट में आ गए। जिससे दोनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह सूचना जब गांव वालों को मिली तो मौके पर पहुंच गए। तब तक तरकुलवा पुलिस भी सूचना पाकर मौके पर पहुंच कर दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसकी जानकारी जब मृतक की माँ धर्मावती देवी, भाई परमेश तथा दो छोटी बहनों को हुई तो उनका रो रो कर बुरा हाल हो गया।

# खिताब के लिए 20 नामी टीमों के बीच होगा मुकाबला

**गोरखपुर (एसएनबी)।** 63वीं बाबा शक्ति सिंह स्मारक अखिल भारतीय पुरुष-महिला बालीबॉल प्रतियोगिता 16-19 मार्च तक जूनियर हाईस्कूल गगहा में होगी। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों, संस्थानों, खेल प्राधिकरण, सेना, भारतीय रेलवे, पंजाब पुलिस, ओएनजीसी समेत 20 टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी।

**63वीं बाबा शक्ति सिंह स्मारक बालीबॉल प्रतियोगिता 16 से**

आयोजन सचिव व राष्ट्रीय खिलाड़ी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पुरुष व महिला वर्ग में विजेता टीम को एक लाख तथा उप विजेता टीम को 51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। उत्तम व्यवहार करने वाले खिलाड़ियों को भी नगद व उपहार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उद्घाटन अवसर पर स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। भारतीय टीम के कप्तान विनीत कुमार, महिला टीम की कप्तान निर्मल तंवर, पूर्व पुलिस अधीक्षक रणवीर सिंह के निर्देशन में प्रतियोगिता का संचालन होगा। प्रतियोगिता में एनआरआइ डिम्पल राव, करन सिंह, देवेन्द्र सिंह, राजकुमार राजू, राजी कश्यप खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संरक्षक राजीव रतन सिंह, इं. आर सिंह, शिवाजी चंद ब्लॉक प्रमुख, प्रदीप सिंह, शत्रुजीत सिंह, जयवीर सिंह, विनय कुमार सिंह, गिरिजा शंकर सिंह, अजीत सिंह प्रधान, केशव दयाल का विशेष सहयोग है।

# महाप्रबंधक ने देखा यांत्रिक कारखाने का थ्री-डी मॉडल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण ने 3 मार्च को यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर का गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर मनोज कुमार अग्रवाल, मुख्य कारखाना प्रबन्धक योगेश मोहन, मुख्य कारखाना इंजीनियर बी.एस.दोहरे, सचिव/महाप्रबन्धक डी.के. खरे, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, उप महाप्रबन्धक/सामान्य कृष्ण चन्द्र सिंह, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/मुख्यालय वी.के. द्विवेदीसहित वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे।निरीक्षण के आरम्भ में महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण ने यांत्रिक कारखाने के थ्री-डी माडल काअवलोकन किया, इसके उपरान्त उन्होंने मीन शाप के थ्री-डी डिस्प्ले, मेमू वी.सी.बी. टेस्ट बेंच, थ्री फेजमेमू पेंट्रोग्राफ टेस्ट बेंच एवं एस.टी.ए.एच.एल. क्रेन सिस्टम का निरीक्षण किया।

व्हील शाप का निरीक्षणकरते हुये महाप्रबन्धक श्री रमण ने लोकोमोटिव में प्रयुक्त होने वाले चक्कों, गियर व्हील, एल.एच.बी.व्हील्स एवं अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग का निरीक्षण किया। महाप्रबन्धक ने बियरिंग कक्ष में कम्प्यूटराइज्डएयर गेजिंग सिस्टम, सेल्फ लर्निंग क्योस्क, बियरिंग साउण्ड का निरीक्षण किया तथा ग्रीसिंग क्षेत्र व्हीलडिस्क प्रेस इन एंड आउट एवं अन्य उपकरणों को देखा। स्प्रिंग ाप का निरीक्षण करते हुये उन्होंने आईसी.एफ. कोचों के डिफेक्टिव स्प्रिंगों पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। कम्पोनेंट शाप मेंमहाप्रबन्धक ने एन.एमज़ी. कोचों में प्रयुक्त कम्पोनेंट्स का निरीक्षण किया तथा फायर हाइड्रेंट सिस्टमका अवलोकन किया।



नवनिर्मित एलएचबी शेड का लोकार्पण करते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी।

बोगी शाप का निरीक्षण करते हुये महाप्रबन्धक ने बोगी शाप के उपकरणों एवं मडीफिकोन फरइनहांस्ड सेफ्टी इन एयर कप्लर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सी.एम.एम. मशीन एवं फियेट बोगीके रख-रखाव का भी निरीक्षण किया। मेमू ट्रेनों हेतु ब्रेक सिलेण्डर टेस्ट बेंच का निरीक्षण भीमहाप्रबन्धक द्वारा किया गया। फर्निशिंग शाप में महाप्रबन्धक ने वी बेल्ट पेयरिंग मशीन, अल्टरनेटरस्प्रिंग टेस्टिंग, एसी. शाप में महाप्रबन्धक ने आईसी.एफ. टेस्ट बेंच तथा कम्पयूटराइज्ड रोबोटिक डक्टक्लीनिंग तथा फियेट बोगी शाप में एन्टी रोल बार्क रिपेयर बेंच, एल.एस-2/एल.एस-5 बोगी तथा स्टेटिकलोड टेस्टिंग मशीन का निरीक्षण किया। शाप में वेल्डिंग मशीन, इलेक्ट्रोड प्री हिटिंग तथा वेल्डिंग कीबारीकियों पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्दीित किया। श्री रमण ने रिपेयर शाप में एन.एमज़ी.एच.एस.कनवर्जन, स्ट्रीपिंग एवं कटिंग, मडीफिकोन तथा पेंटिंग एवं कोच के आखिरी चरण का अवलोकन किया।

श्री चन्द्र वीर रमण ने 3 फरवरी को वर्काप प्रोजेक्ट्स अर्गेनाइजोन (डब्लूपी.ओ.), पटना द्वारानवनिर्मित काम्पैक्ट सब-स्टोन तथा एल.एच.बी. ेड का लोकार्पण किया। इस नवनिर्मित एल.एच.बी.शेड के निर्माण के फलस्वरूप यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर को निम्नलिखित लाभ होगा- यांत्रिक कारखाना की बर्थिंग क्षमता में 12 सवारी यानों की वृद्धि होगी जिसके परिणामस्वरूपप्रति माह 30 सवारी यानों की पुनर्कल्पन क्षमता में वृद्धि होगी। वर्तमान में आउटगोइंग लिफ्टिंग ाप का लोड कम हो जायेगा जिसके परिणामस्वरूप पी.ओ.एच.साइकिल टाइम में कमी आयेगी।पिट वर्किंग एरिया में वृद्धि से मेमू मोटर कोच एवं एसी. कोच जैसे विशेष कोचों के पी.ओ.एच.साइकिल टाइम को कम करने में मदद मिलेगी। यार्ड के साथ नई एल.एच.बी. शेड की कनेक्टिविटी से यार्ड लाइनों की क्षमता में वृद्धि होगी,इससे कारखाना के कोच होल्डिंग की क्षमता को 250 से बढ़ाकर 300 करने में मदद मिलेगी।

निरीक्षण के अंतिम चरण में महाप्रबन्धक ने यांत्रिक कारखाने के जागृति कक्ष में यांत्रिक विभाग केवरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ एक बैठक में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यांत्रिक कारखाने कीजानकारी प्राप्त की। श्री रमण ने बैठक में यांत्रिक कारखाने की उत्पादन क्षमता में वृद्धि लाने हेतु

अत्यन्त महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक को सम्बोधित करते हुये श्री रमण ने कहा कि कारखाने मेंउत्पादन एवं अन्य कार्य काफी बढ़िया हैं। विभिन्न शाप में नवीन कार्य किये जा रहे हैं, यांत्रिक कारखानाबहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है, यहाँ के कर्मचारियों में जो कुशलता है उसका सही प्रकार से उपयोग होनाचाहिये। इस अवसर पर महाप्रबन्धक ने यांत्रिक कारखाने में विभिन्न रेल यूनियनों के पदाधिकारियों सेमुलाकात कर रेलकर्मियों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आवासन दिया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के जुर्म में उम्र कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सात वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने बेलघाट थाना क्षेत्र के रसूलपुर माफी निवासी अभियुक्त सुरेंद्र कुमार को आजीवन कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 11 मई 2020 की शाम 5.30 बजे की है। वादिनी की सात वर्षीय नाबालिग बच्ची बकरी चरा रही थी।उसी समय अभियुक्त उसे पकड़ कर बगीचे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# एसबीआई ने सीएचसी कैम्पियरगंज को एबुंलेंस भेंट की

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सामाजिक सेवा बैंकिंग



के अन्तर्गत एसबीआई ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सीएचसी कैम्पियरगंज को एबुंलेंस तथा पीएचसी चरगावां को दस लाख रूपये दिये हैं।

**पीएचसी चरगावां को स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए दस लाख दिये**

मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ मंडल शरद चांडक ने सीएचसी कैम्पियरगंज के प्रतिनिधि डा. विनोद कुमार वर्मा को एंबुलेंस और उसकी चाबी सौंपी। पीएचसी चरगावां में केंद्र के नवीनीकरण, टेलीक्लीनिक, फर्नीचर, चिकित्सीय उपकरण, मरीजों के लिए बेड, वाटर टैंक व वाटर प्यूरीफायर के लिए केंद्र के चिकित्साधिकारी डा. धनंजय कुशवाहा तथा स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी मनोज कुमार को दस लाख का चेक सौंपा। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक संजीव कुमार और क्षेत्र नियंत्रक संदीप सिंह पंवार आदि उपस्थित थे।

# इग्नू में नामांकन की तिथि 10 मार्च तक बढ़ी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** इग्नू अध्ययन केन्द्र सेण्ट एण्ड्रयूज कॉलेज में जनवरी सत्र 2023 में ओपन एण्ड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन के माध्यम से सभी प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिला लेने की तिथि 10 मार्च तक बढ़ा दी है।

केंद्र समन्वयक डॉ. राहुल श्रीवास्तवा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू में प्रवेश की प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाइन है। दाखिले के लिए छात्रों को सबसे पहले विश्वविद्यालय में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए पोर्टल पर लॉगिन करके पंजीकरण करना होगा। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी द्वारा संचालित कार्यक्रम का विवरण क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विभिन्न विषयों में प्रवेश शुल्क प्रवेश की योग्यता आदि की जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर या इग्नू अध्ययन केन्द्र, 48028 सेण्ट ऐण्ड्रयूज कॉलेज, गोरखपुर में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क करें।

# जहां नारी का सम्मान, वहां देवता का वास

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान वित्त सलाहकारश्रीमती प्रीति झा के मुख्य आतिथ्य में रेलवे प्रेक्षागृह,गोरखपुर में 3 मार्च को पूर्वोत्तर रेलवेमुख्यालय महिला साक्तिकरण समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया । प्रमुख मुख्य चिकित्सानिदेशक डॉ. आशा चमानिया, उप मुख्य वित्त सलाहकार श्रीमती अर्चना सिंह, अपर मुख्य चिकित्सानिदेशक डॉ. तनु वर्मा, आमंत्रित विाष्टि अतिथि प्रोफेसर गणित विभाग, दीनदयाल उपाध्यायविवविद्यालय उमा श्रीवास्तव, आमंत्रित विशिष्ट वक्ता मंजरी पाण्डेय, पुलिस निरीक्षक,अनुसूचित जाति एवं जनजाति एसोसियोन के महामंत्री चन्द्रोखर, रेलवे की महिला अधिकारी, महिलासाक्तिकरण समिति की पदाधिकारी, सदस्यायें एवं भारी संख्या महिला रेलकर्मी उपस्थित थीं।

मुख्य अतिथि एवं प्रधान वित्त सलाहकार प्रीति झा ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि नारी का जहाँ सम्मान होता है, वहाँ देवता वास करते हैं। महिलायें कार्यालय में काम करने केबाद घर जाकर पारिवारिक कार्य भी करती हैं, ताकि वे घर को सम्भाल सकें। नारी में क्षमता होती है किवे दो परिवार को जोड़ने के साथ भावी नागरिक को अच्छी षिक्षा एवं संस्कार दे सकें। हमें अपने बेटों केमाध्यम से पुरूषों को शिक्षा देनी चाहिए कि वे महिला का सम्मान करें। विश्व की संरचना नारी ही करती है। उन्होंने कहा कि यदि पुरूष शिक्षा पाता है तो उसकी शिक्षा उसके ही प्रति सीमित होती है, परन्तु एकमहिला के शिक्षित होने पर पूरी पीढ़ी तथा समाज शिक्षित होता है। रेलवे का कोई भी विभाग ऐसा नही है,जिसमें महिला अधिकारी एवं कर्मचारी न हों। पूरे भारतीय रेल में 1,000 लोको पायलट महिलायें हैं, जिनकी विशेष मांग पर भारतीय रेलवे पर अब तक 97 लोको में बायो-ट्वायलेट लगाये जा चुके हैं, जोभारतीय रेलवे पर एक बड़ा बदलाव है।

प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. आशा चिमानिया ने कहा कि हमें अपनी शिक्षा, स्वाभिमान एवंकार्य के साथ समझौता नही करना चाहिए। हम जिस पद पर जाते हैं उस पद के अनुरूप पूरी जिम्मेदारीसे कार्य करें, तभी हमें सम्मान मिलेगा ।आमंत्रित विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर गणित विभाग, दीनदयाल उपाध्याय विवविद्यालयउमा श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ता जा रहा है। साइबर क्राइम नया क्षेत्र है,जिसके बारे में महिलाओं को जागरूक रहना चाहिए । उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओंको साक्त बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। आजादी के बाद हमारे दो में महिलाओं को सशक्त करनेपर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज हर क्षेत्र में महिलायें अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। प्रत्येक क्षेत्र मेंउत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलायें हमारी रोल माडल हैं।

आमंत्रित विशिष्ट वक्ता पुलिस निरीक्षक मंजरी पाण्डेय ने कहा कि हमारे संविधान एवं कानून में महिलाओं को अनेक ाक्तियाँ एवं अधिकारी दिये गये हैं, जिनका उपयोग कानून न जानने केकारण हम नहीं कर पा रहे हैं। आज सबसे ज्यादा ाकियत साइबर क्राइम के क्षेत्र में इंस्टाग्राम एवंफेसबुक आदि से मिलती है। यदि कोई पुरूष इन पर आपको परेशान कर रहा है तो तत्काल महिलापुलिस हेल्प लाइन 1090 पर सम्पर्क करें। हमारी सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिये महिला सुरक्षा दल 'शेरनी दस्ता' आदि बनाया गया है, जो महिलाओं के पूरी सहायता प्रदान करती हैं। ऐसेअपराधों से बचाव के लिये हमें अपनी बेटियों को शिक्षित करनी चाहिये।

महिला साक्तिकरण की सचिव कुमार ाखा ने कहा कि डॉ.भीमराव




अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस-2023 के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे की प्रथम महिला रेलकर्मी के साथ मुख्य अतिथि एवं अन्य महिलायें। फोटो : एसएनबी

अम्बेडकर ने संविधान में भारतीय नारी को समानता का अधिकारी दिलाया । आजादी के बाद महिलाओं ने बहुत तरक्की किया है। बाबा साहब ने कहा था कि महिलाओं के उन्नति करने से हमारा समाज उन्नति करता है। हमारे दो कीसरकारों ने महिलाओं का स्तर ऊँचा उठाने में अनेक प्रयास किये हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजातिएसोसियोन के महामंत्री चन्द्रोखर ने कहा कि पुरूष और महिलायें एक दूसरे के पूरक हैं। संविधानमें दोनों को बराबर का दर्जा दिया गया है। महिलाओं को जब अपने अधिकार का ज्ञान होगा तभी वेअपनी आवाज उठा सकेंगी। कानून से महिलाओं को जागरूक रहना चाहिए । ऐसा तभी होगा जबमहिलायें शिक्षित होगी। हमे समाज की सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। आज महिलायें शिक्षित होकर अपने परिवार एवं दो को आगे बढ़ा रही हैं। हम इस प्रकार के समाज बनायें कि हमें पुलिस के पासजाने की जरूरत ही न पड़े ।

मुख्य अतिथि प्रीति झा ने इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे की प्रथम महिला कर्मचारी 94 वर्षीय मिसेज एन.पी. दास को सम्मानित किया । इसके अतिरिक्त उन्होंने पूर्वोत्तर रेलवे पर ग्रुप-सी सेग्रुप-डी में पदोन्नति हुई महिला रेलकर्मियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली कलाकारों को भीसम्मानित किया । अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का समन्वय तथा संचालन महिला साक्तिकरण की अध्यक्ष रचना श्रीवास्तव ने किया । उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# वन्यजीवों की सुरक्षा का लें संकल्प

**गोरखपुर (एसएनबी)।** विश्व वन्यजीव दिवस पर प्राणी उद्यान में पौधरोपण कर एवं गिद्ध संरक्षण पर बनी फिल्म ब्रोकेन विग्स देख वन्यजीव संरक्षण का संकल्प लिया। हेरिटेज फाउंडेशन की संरक्षिका डा. अनिता अग्रवाल, शुक्रवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान में विश्व वन्यजीव दिवस 2023 पर पौधरोपण एवं संरक्षणकर्ता फिल्म निर्देशक माइक हरिगोंविद पाण्डेय की फिल्म 'ब्रोकेन विग्स' का प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 10 वां विश्व वन्यजीव दिवस-2023 की थीम 'पार्टनरशिप्स फॉर वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन' है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हम सभी को वन्यजीव की सुरक्षा का संकल्प लेना होगा। केंद्र सरकार ने भी आम बजट 2023 को पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली के आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए लाइफ आफ इनवायरमेंट पर बल देते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का बजट 307940 करोड़ रखा है। यह धनराशि पिछले बजट से 24 फीसदी ज्यादा है लेकिन सफलता तभी मिलेगी जब सभी नागरिक इसके प्रति संवेदशील बनेंगे। कार्यक्रम के दौरान पीपल, पाकड़ एवं बरगद के पांच पौधों का रोपण कर वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण का सभी ने संकल्प लिया।

**पीपल, पाकड़ एवं बरगद के पांच पौधों का किया रोपण**



**भारत सरकार संकटग्रस्त 73 प्रजातियों का कर रही संरक्षण :** डीएफओ विकास यादव ने बताया भारत सरकार भारत में गंभीर रूप से संकटग्रस्त 73 प्रजातियों का संरक्षण कर रही हैं। इनमें 9 मैमल्स, 18 पक्षी, 26 रेप्टाइल्स और 20 एम्फीबिअन्स हैं लेकिन इनके संरक्षण के लिए सरकारी संस्थाओं के साथ जनमानस को भी आगे आना होगा। खुद को जागरूक करने के साथ दूसरों को भी इनके संरक्षण के लिए प्रेरित करना होगा। प्राणी उद्यान के पशु चिकित्साधिकारी डा. योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार वन्यजीव को उच्चतम स्तर की सुरक्षा प्रदान करने के लिए वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में सबसे गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों को शामिल करने पर विचार कर रही है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति :** इस कार्यक्रम में कानपुर प्राणी उद्यान के पशु चिकित्साधिकारी डा. नासिर, गोरखपुर बर्ड सोसाइटी के अमर ज्वय सिंह, हेरिटेज फाउंडेशन के मनीष चौबे, रेंजर राजेश पाण्डेय, डिप्टी रेंजर रोहित सिंह, पशु कल्याण कार्यकर्ता शिवेंद्र यादव, वन रक्षक नीरज सिंह, शैलेष गुप्ता, सुरेंद्र, बीरबल, शैलेष, शिवम, शिवेंद्र यादव, ज्योति, सर्वज्ञमणि, नीतिन अग्रवाल, संजय सिंह, राजकुमार राय, प्रशासनिक अधिकारी राजीव कुमार श्रीवास्तव समेत वी फार एनिमल, रोटरी क्लब मिड टाउन, एसआर्ट के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा
गोरखपुर • शनिवार • 4 मार्च • 2023
www.rashtriyasahara.com



अनमोल वचन

*हमें हार नहीं माननी चाहिए और समस्या को हमें हराने की अनुमति नहीं देनी चाहिए*

-एपीजे अब्दुल कलाम

## सुप्रीम फैसले

इस सप्ताह देश की शीर्ष अदालत ने दो ऐसे फैसले दिए हैं जो आजाद भारत की न्यायिक व्यवस्था में मील के पत्थर साबित होंगे। पहला मामला विदेशी आक्रांताओं के नाम पर रखे गए सड़कों और शहरों के रखे गए नामों को परिवर्तित करने और अनेक ख्याति-स्थानों के वर्तमान नाम के स्थान पर प्राचीन मूल नामों को रखने वाली याचिका से संबंधित था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस याचिका को निरस्त करते हुए जो टिप्पणी की है वह सभी के लिए गौर करने योग्य है। दायर की गई याचिका का आशय यह था कि भारत में अनेक ऐसे नगर, मार्ग और स्थान हैं जिनके नाम पर उनके शासनकाल में विदेशी आक्रांताओं, लुटेरों, हमलावरों द्वारा स्थापित कर लिए गए। कई महत्त्वपूर्ण स्थानों के प्राचीन नाम बदलकर नये नाम रख दिए गए। जैसे कि प्रयागराज के



नाम को इलाहाबाद रखा गया। याचिका का आशय यह भी था कि बाहर से आए आक्रांता मुस्लिम शासकों के शासनकाल में रखे गए बहुत से नाम भारत भर में मिल जाएंगे। दिल्ली में औरंगजेब, अकबर आदि के नाम पर सड़क आदि हैं, परंतु पांडवों के नाम पर एक भी नहीं। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि जिस तरह से इलाहाबाद का नाम फिर से प्रयागराज किया गया है, उसी तरह से अन्य स्थानों का नाम भी या तो पूर्व नाम से अभिहित किए जाएं अथवा उन्हें भारतीयता के अनुसार नये नाम दिए जाएं। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता उन लोगों की इबारत का अनुसरण कर रहा है जो इतिहास को चुनिंदा तरीके से प्रस्तुत करके समाज में विघटन पैदा करने का प्रयास करते हैं। आधुनिक युग अतीत का बंदी होकर नहीं रह सकता। इसलिए इस तरह की याचिकाओं से समाज को तोड़ने के प्रयास नहीं होने चाहिए। इसी तरह एक अन्य मामले में शीर्ष अदालत के 5 जजों की संविधान पीठ ने अहम फैसला देते हुए कहा है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को नियुक्त करने वाली समिति में प्रधानमंत्री, लोक सभा में नेता विपक्ष और देश के प्रधान न्यायाधीश होंगे। पिछले कुछ वर्षों से विपक्ष आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करता रहा है। विपक्ष ने शीर्ष अदालत के फैसले का स्वागत किया है। फैसला ऐसे समय आया है जब अदालत को कॉलेजियम के मसले पर राज्य सभा के सभापति और कानून मंत्री की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## अडाणी पर समिति

अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी और शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में हाल में आई भारी गिरावट की जांच के लिए आखिर शीर्ष अदालत ने बड़ा कदम उठाते हुए विशेषज्ञों की समिति के गठन का आदेश दे दिया। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी समूह पर शेयरों के भाव चढ़ाने में हेराफेरी का आरोप लगाया गया है। पूर्व न्यायाधीश एएमसप्रे समिति की अगुवाई करेंगे जो दो माह में अपनी रिपोर्ट देगी। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह की कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 140 अरब डॉलर से अधिक घट चुका है। शीर्ष न्यायालय ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को भी निर्देश दिया है कि वह इस मामले में अपनी जांच को दो माह में पूरा करे और स्थिति रिपोर्ट सौंपे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और दो अन्य



न्यायाधीशों की पीठ ने कहा है कि समिति पूरी स्थिति का आकलन करके निवेशकों को जागरूक करने और शेयर बाजारों की नियामकीय व्यवस्था की मजबूती के उपाय सुझाएगी। पीठ ने केंद्र सरकार, वित्तीय सांविधिक निकायों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन को निर्देश दिया है कि समिति को जांच में पूरा सहयोग दें। समिति देखेगी कि क्या अडाणी समूह या अन्य कंपनियों के मामले में प्रतिभूति बाजार के संदर्भ में कोई नियामकीय चूक तो नहीं हुई है। पीठ ने कहा कि बाजार नियामक सेबी ने खुलकर प्रतिभूति अनुबंध (नियमन) नियम, 1957 के कथित उल्लंघन का जिक्र नहीं किया है। पीठ ने समिति से बाजार नियमनों, शॉर्ट सेलिंग नियमनों या शेयर कीमतों में गड़बड़ी की जांच करने को भी कहा है। समिति का गठन केंद्र सरकार के लिए सख्त संदेश है। शीर्ष अदालत ने 17 फरवरी को विशेषज्ञों की प्रस्तावित समिति पर सीलबंद लिफाफे में केंद्र के सुझावों को लेने से इनकार कर दिया था। विपक्ष समिति के गठन से संतुष्ट नहीं है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के सामने आने के बाद से ही प्रधानमंत्री पर हमलावर कांग्रेस का कहना है कि इस समिति की जांच से सिर्फ सेबी के नियमों का उल्लंघन होने या न होने के बारे में पता चलेगा, लेकिन इस पूरे प्रकरण को लेकर संसद में जो सवाल उठाए गए हैं उनके जवाब सिर्फ संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच से ही मिल सकते हैं।

कटाक्ष/ कबीरदास

## एंटीनेशनलो, भारत मत छोड़ना!

लीजिए, अब तो जार्जिया मेलोनी जी ने भी कह दिया; मोदी जी तुस्सी ग्रेट हो। इटली की प्रधानमंत्री हैं, इटली की। जी हां, सीधे मुसोलिनी के देश की प्रधानमंत्री। और खुद मुसोलिनी का नाम लेने वाली पार्टी की प्रधानमंत्री। उन्होंने भी कह दिया कि दुनिया भर में मोदी जी की महानता का डंका बज रहा है। पर ये विपक्ष वाले, मजाल है जो कभी इनके मुंह से, गलती से भी मोदी द ग्रेट निकल जाए! इनकी जुबान से कभी दुनिया मोदी-मोदी, मोदी-मोदी का जाप सुन पाए!

उल्टे ये तो मोदी जी को ग्रेट की जगह थ्रैट ही बताने में लगे हुए हैं। सिर्फ देश में नहीं, विदेश में घूम-घूमकर भी। राहुल गांधी को ही देख लो। कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक, जनाब पैदल-पैदल चले गए, मोदी जी को ग्रेट नहीं थ्रैट बताने के चक्कर में। और देश में मोदी जी को बदनाम करने से मन नहीं भरा तो अब उड़कर लंदन पहुंच गए, ग्रेट को थ्रैट बताने के लिए। बल्कि बकौल अनुराग ठाकुर, विदेशियों के सामने रोना रोने के लिए--मेरे फोन में पैगासस डाल दिया। मेरे ऊपर मुकदमे लाद दिए। पूरे मीडिया पर कब्जा कर लिया। संसद, चुनाव आयोग, न्यायपालिका, सब को जेब में धर लिया। और भी न जाने क्या-क्या रोना, डेमोक्रेसी के खतरे में होने का? जैसे बाहर वाले सच जान ही जाएंगे, तो सच मान भी जाएंगे! जिन लंदन वालों ने अपनी बीबीसी की डॉक्यूमेंटरी की नहीं सुनी, जिन इंग्लेंड-योरप वालों ने अपनी जांच की नहीं सुनी, वो अब राहुल की बातों में आएंगे और अपना नफा-नुकसान देखना छोड़कर, यहां डेमोक्रेसी को बचाने दौड़े आएंगे! बताइए, ऐसे नासमझों को भक्त लोग, पप्पू, पप्पू कहते हैं तो क्या गलत कहते हैं!

खैर! मोदी जी अपनी बदनामी की परवाह नहीं करते। पर कोई परदेश में जाकर, उनके देश को बदनाम करे, यह मोदी जी को हर्गिज बर्दाश्त नहीं है। यात्रा-वात्रा निकाल कर, सड़क पर मोदी जी के देश को बदनाम किया, तो यूएपीए से लेकर मानहानि तक किसी भी धारा में जेल में डलवा देंगे। संसद में घुसकर बदनाम किया तो, कार्रवाई से निकलवा देंगे, भाषण भी, भाषण देने वाला भी। और अगर विदेश में बदनाम किया--पासपोर्ट जब्त और क्या? पासपोर्ट जब्ती सिर्फ कश्मीरियों के लिए ही थोड़े ही है! एंटीनेशनलो, भारत मत छोड़ना!

# लोकतंत्र के बदलते मायने

सामयिक

**अनिल चमड़िया**



अर्थ व्यवस्था और लोकतंत्र के संबंध को दो तरह से देखा जा सकता है। एक नजरिया यह हो सकता है कि लोकतंत्र अपने उद्देश्यों के अनुरूप अर्थ व्यवस्था बनाएं। दूसरा नजरिया यह हो सकता है कि अर्थ व्यवस्था अपने फलने फूलने के अनुरूप लोकतंत्र की रूपरेखा तैयार करें। भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के शासन को समाप्त करने के पीछे लोगों के आंदोलन के पीछे यह उद्देश्य निहित था कि वह स्वयं एक ऐसी अर्थ व्यवस्था का निर्माण करे, जिसमें समानता की स्थिति बहाल हो सके। समानता क्या है?

अर्थ व्यवस्था ऐसी हो जिसमें सभी के लिए बराबर की आर्थिक स्थिति तैयार हो सके। यहां यह महत्त्वपूर्ण है कि बराबर की अर्थ व्यवस्था के लिए हमने लोकतंत्र का रास्ता चुना। जब 1947 में ब्रिटिश शासकों से देश के प्रतिनिधियों के हाथों में सत्ता आई तो इसके बाद एक निश्चित समय में यह अध्ययन किया जाता था कि देश में जो आमदनी हो रही है, वह आमदनी समाज में किस तरह से वितरित हो रही है। योजना आयोग यह जिम्मेदारी पूरी करता था। इसमें सत्ता हस्तानांतरण के लगभग 15 साल बाद पी सी मोहनवीस (1964) की अगुवाई में बनी ऐसी समिति का यहां उल्लेख किया जा सकता है। इस समिति ने अपने अध्ययन के बाद यह पाया कि राष्ट्रीय कमाई का बड़ा हिस्सा वितरित नहीं हो रहा है बल्कि कुछ लोगों के नियंत्रण में पहुंच रहा है। इस अध्ययन के बाद यह महसूस किया गया कि लोकतंत्र के रास्ते में कुछ सुधार की जरूरत है, जिससे आमदनी का समान वितरण हो सके।

तात्पर्य है कि लोकतंत्र के प्रतिनिधियों का समय-समय पर अपने उद्देश्यों के अनुरूप अर्थ व्यवस्था के निर्माण को लेकर चौकस रहना जरूरी होता है। नागरिकों के लिए स्वतंत्रता और समानता दोनों स्थितियां महत्त्वपूर्ण है। अरुण कुमार जिन्हें पाठक वर्ग पानी बाबा के नाम से भी जानते रहे हैं, उन्होंने एक कार्यक्रम में अपना एक संस्मरण सुनाया था। उन्होंने ब्रिटिश सत्ता के खत्म होने के बाद राजस्थान के गावों में जाकर पूछा कि अपनी सरकार के बनने के बाद वे कैसा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने गांवों में यह देखा कि लोगों के बीच तंगहाली और बदहाली की स्थिति है। उन्होंने यह सोचा कि लोग अपनी माली हालत के मद्देनजर यह प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकते हैं कि इस आजादी से राजनीतिक गुलामी ही स्थिति बेहतर थी, लेकिन उन्हें उलट जवाब मिला। उन्होंने एक बूढ़ी महिला से पूछा कि पहले उन्हें कम-से-कम खाने-पीने के लिए तो पर्याप्त मिल जाता था? जवाब में महिला ने कहा कि गुलामी की घी से चुपड़ी रोटी से अच्छी



है, आजादी की सूखी रोटी। यह एक उदाहरण है जिसमें यह समझा जा सकता है कि अर्थ व्यवस्था महज आर्थिक गतिविधियों का पर्याय नहीं है। नागरिकों के लिए अर्थ व्यवस्था में लोकतंत्र गुंथा हुआ है। क्योंकि मनुष्य का शरीर केवल खाने पीने की मशीन नहीं है। लोकतंत्र की आर्थिक गतिविधियों में राजनैतिक अधिकार सबसे महत्त्वपूर्ण कारक होता है।

उपरोक्त स्थितियों से उलट एक नई स्थिति हाल में कई चुनावों में मिली। चुनाव ही वह जरिया है, जिसमें नागरिक अपने राजनैतिक अधिकार का इस्तेमाल करके लोकतंत्र के लिए प्रतिनिधि चुनता है ताकि वह लोकतंत्र की स्थितियों का बहाल रख सके और अपने उद्देश्यों को पूरा करने में आगे बढ़ सके, लेकिन अपने देश में नवीनतम अनुभव यह हुआ कि एक चुनाव में एक उम्मीदवार ने एक गणित बैठाया कि यदि वह बेहद बुरी आर्थिक स्थिति में रहने वाले मतदाताओं में से अपनी जीत के लिए कुछेक हजार मतदाताओं को प्रति मतदाता एक से डेढ़ हजार रुपये देकर उनके राजनैतिक अधिकारों को खरीद लें तो उसे अधिकतम कितनी पूंजी का विनियोग करना होगा। उसने अपने अनुमानित बजट में उस चुनाव क्षेत्र के कुछेक हजार मतदाताओं के वोट खरीद लिये और ढाई लाख मतदाताओं के क्षेत्र में महज सोलह हजार मत हासिल कर चुनाव जीत गया। यह उदाहरण है कि लोकतंत्र द्वारा अपने उद्देश्यों के अनुरूप अर्थव्यवस्था के निर्माण से उलट नई अर्थव्यवस्था अपने उद्देश्यों के अनुरूप लोकतंत्र की रूपरेखा निर्धारित कर रही है। यह महज संयोग नहीं है कि पेड न्यूज के साथ-साथ पेड वोट (वोट की खरीदी) का चलन भी लोकतंत्र की प्रक्रिया में हावी हो गया है।

इस स्थिति को इस तरह से देखें कि जब लोगों की माली हालत बिगड़ती चली जाती है तो वे क्या करते हैं। वे प्रतिकूल स्थितियों में काम करने को तैयार होते हैं। यदि उनके पास कुछ सामान है तो उसे बेचते हैं। महिलाएं देह बेचती है। बच्चे तक बेचे जाते हैं। लोकतंत्र में राजनैतिक अधिकार नागरिकों के लिए सबसे बड़ी पूंजी होती है। यदि उसे बेचकर दो चार दिनों की रोटी भी मिलती हो या वे क्षणिक आनंद महसूस करते हो तो उसे क्यों हिचक होनी चाहिए? चुनाव क्षेत्रों में यह चलन नई अर्थ व्यवस्था के बनने की घोषणा के बाद ही हुआ है, ऐसा नहीं कहा जा सकता है, लेकिन उसकी गति कई गुना ज्यादा तेज हुई है और वह चुनाव में जीत के प्रबंधन का मुख्य हिस्सा हो गया है। देश के निन्यानबे प्रतिशत लोग चुनाव लड़ने की हालत में नहीं हैं। राजनैतिक अधिकार है, लेकिन पैसे नहीं है। चुनाव लड़ने के लिए बड़ी राशि चाहिए और इस स्थिति को लोकतंत्र के रास्ते ही स्वीकार्य बनाया गया है। इस तरह 'लोकतंत्र की इंजीनियरिंग' करने में नई अर्थ व्यवस्था के प्रवक्ता कामयाब हुए हैं। नागरिक आर्थिक स्तर पर तंगहाल मतदाता में परिवर्तित किया जा चुका है। भारत गावों का देश है।

किसान अन्नदाता कहा जाता है, लेकिन सबसे ज्यादा आत्महत्याएं उसे करनी पड़ी है। किसान जब आत्महत्याएं करेगा या बदहाली की स्थिति में होगा तो केवल खेत में काम करने वाले मजदूर ही प्रभावित नहीं होंगे। बल्कि छोटे व्यापारी सबसे पहले प्रभावित होंगे। व्यापार टूटेगा तो आर्थिक गतिविधियों की जो कड़ियां बनी हुई है वह टूटेंगी। जाहिर है कि उत्पादक जब मरने के कगार पर खड़ा होगा तो उत्पादन का व्यापार करने वाला कैसे बच सकता है? नई आर्थिक व्यवस्था उन कड़ियों को ही तोड़कर नये आर्थिक संबंध बनाने का नाम है। नये आर्थिक संबंधों में आत्महत्याएं निहित हैं। नई अर्थ व्यवस्था में लोकतंत्र विज्ञापन है। इसीलिए राजनीतिक क्षेत्र में विज्ञापन का बोलबाला है। चुनाव में नई अर्थ व्यवस्था के विज्ञाप्ति प्रतिनिधि चुने जाने की बाध्यता दिखती है।

> किसान जब आत्महत्याएं करेगा या बदहाली की स्थिति में होगा तो केवल खेत में काम करने वाले मजदूर ही प्रभावित नहीं होंगे। बल्कि छोटे व्यापारी सबसे पहले प्रभावित होंगे। व्यापार टूटेगा तो आर्थिक गतिविधियों की जो कड़ियां बनी हुई है वह टूटेंगी। जाहिर है कि उत्पादक जब मरने के कगार पर खड़ा होगा तो उत्पादन का व्यापार करने वाला कैसे बच सकता है? नई आर्थिक व्यवस्था उन कड़ियों को ही तोड़कर नये आर्थिक संबंध बनाने का नाम है



**मानव का जलवा**

**धरती के जीव द्रव्य में किस का कितना हिस्सा (प्रतिशत में)**

| | |
|---|---|
| पेड़ पौधे | 82.54 |
| जीवाणु (बैक्टीरिया) | 14.12 |
| कवक(फफूंद) | 2.20 |
| शैवाल(काई) | 0.73 |
| जीव जन्तु(मानव सहित) | 0.36 |
| विषाणु(वायरस) | 0.04 |
| मनुष्य | 0.01 |

स्रोतः बायोमास डिस्ट्रीब्यूशन ऑन अर्थ (पीएनएएस-2018)

ट्वीट



पेगासस फोन में नहीं राहुल गांधी के दिमाग में है। बार-बार झूठ बोलकर विदेशी मंचों का इस्तेमाल कर भारत को बदनाम करना राहुल गांधी की आदत बन चुकी है। आखिर राहुल जी की ऐसी क्या मजबूरी थी, उनके फोन में ऐसा क्या था कि पेगासस इश्यू पर उन्होंने अपना फ़ोन जमा नहीं करवाया?

**अनुराग ठाकुर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री**
**@ianuragthakur**

# गैरसैंण को बिसरा क्यों दिया



उत्तराखंड

**अर्जुन बिष्ट**

विकास में पिछड़ने के कारण बने देश के 27वें राज्य उत्तराखंड को 22 साल बीत जाने के बाद भी एक अदद राजधानी नहीं मिल पाई। देहरादून को कामचलाऊ राजधानी बनाने के बाद तो मानो जैसे सब कुछ यहीं सिमटता चला गया। 1994 के राज्य आंदोलन को गौर से देखें तो पर्वतीय क्षेत्र के लोगों ने सिर्फ राज्य गठन ही नहीं गैरसैंण को इस पर्वतीय भू-भाग की राजधानी बनाने की मांग भी की थी। राज्य गठन के 20वें वर्ष में गैरसैंण-भराड़ीसैंण को प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने का ऐतिहासिक फैसला हुआ, लेकिन इस फैसले को तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी गैरसैंण को लेकर हर तरफ से जो उदासीनता दिख रही है, उसने समूचे हिमालयी क्षेत्र को चिंता में डाल दिया है।


उत्तराखंड राज्य के 22 साल के इतिहास को खंगाला जाए तो भराड़ीसैंण-गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने का फैसला सबसे बड़ा फैसला कहा जा सकता है। ब्यूरोक्रेट और राजनीतिज्ञों की बड़ी जमात के न चाहने के बाद भी तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भराड़ीसैंण के विधानसभा भवन में बजट सत्र के दौरान यह 'दुस्साहस' किया था। 4 मार्च 2020 को हुई इस घोषणा ने विपक्ष की जमीन भी हिला दी थी। यद्यपि राज्य के ज्यादातर हिस्सों से गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने की मांग बरकरार रही, लेकिन ग्रीष्मकालीन राजधानी बन जाने से प्रदेशभर में यह संदेश भी गया कि ग्रीष्मकालीन राजधानी का रास्ता देर-सबेर गैरसैंण को ही राज्य की स्थायी राजधानी बनाने के काम आएगा। सत्र के भीतर मुख्यमंत्री की इस घोषणा पर अमल भी तत्काल शुरू हो गया था और फटाफट इसका गजट नोटिफिकेशन भी तत्कालीन सरकार ने करा दिया था। अप्रत्याशित रूप से हुई इस घोषणा से जहां आम जन में खुशी और उल्लास का वातावरण साफ दिखा, वहीं राजनीतिक हलकों में खलबली सी थी। इस पर गौर करना जरूरी है कि आखिर गैरसैंण को ही राजधानी बनाने की बात कहां से उठी और गैरसैंण क्यों पहाड़ की अस्मिता का सवाल बनता चला गया। राज्य गठन से पहले ही गैरसैंण पर रायशुमारी शुरू हो गई थी। राजधानी चयन को लेकर अविभाजित उत्तर प्रदेश में तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार ने रमाशंकर कौशिक समिति का गठन किया था। इस समिति ने प्रस्तावित पर्वतीय राज्य की राजधानी के लिए रायशुमारी की तो 68




फीसद से अधिक लोगों ने गैरसैंण को पसंद किया था। 1994 में शुरू हुए राज्य निर्माण आंदोलन से लेकर 2000 में राज्य के गठन तक राजधानी के रूप में गैरसैंण ही एक मात्र विकल्प था, मगर जब राज्य अस्तित्व में आया तो अंतरिम सरकार ने देहरादून से सरकार का काम काज शुरू करके स्थायी राजधानी का मसला चुनी हुई सरकार पर छोड़ने की बात को साथ ही न्यायमूर्ति वीरेंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में राजधानी चयन आयोग का गठन भी कर दिया। आयोग ने गैरसैंण स्थायी राजधानी की स्वीकार्यता को ठंडे बस्ते में डाल दिया। 2012 में कांग्रेस के सत्ता में वापसी के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा गोपेश्वर तथा गैरसैंण के दौरे पर गए तो जनदबाव में उन्होंने 2 अक्टूबर 2012 को गैरसैंण में कैबिनेट बैठक के आयोजन की घोषणा की। हालांकि टिहरी लोक सभा उपचुनाव के चलते कैबिनेट बैठक 2 अक्टूबर के बजाय 3 नवम्बर 2012 को हो पाई। इसी कैबिनेट में गैरसैंण में विधानसभा भवन के निर्माण का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया, जिससे गैरसैंण राजधानी के प्रति लोगों की उम्मीदों को पंख लग गए। लगभग दो माह बाद 14 जनवरी 2013 को इस भवन का शिलान्यास भी हो गया, जो अब विशालकाय विधानसभा भवन के रूप में भराड़ीसैंण की पहाड़ी पर विराजमान है। उसके बदा यहां विधानसभा सत्र करने की परंपरा शुरू हुई तो माना जा रहा था कि अब गैरसैंण पर स्थायी अथवा ग्रीष्मकालीन राजधानी बन ही जाएगी। बावजूद इसके कोई भी मुख्यमंत्री इसका साहस नहीं जुटा सका। 2017 में भाजपा ने भी अपने चुनाव घोषणा पत्र में गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने का वायदा किया था और सरकार बनाने के तीन साल बाद यह सपना साकार हो गया।

बड़ी चिंता का विषय यह है कि अब न तो राज्य आंदोलन को लीड करने वाले क्षेत्रीय दल उक्रांद में गैरसैंण की टीस दिखती है और न ही विपक्ष गैरसैंण को लेकर कोई बात करता है, रही बात सरकार की तो ग्रीष्मकालीन राजधानी में पिछले तीन साल में एक दिन भी सरकार जैसी कोई चीज नहीं दिखी। जनता भी सवाल उठा रही है कि आखिर यह कैसी राजधानी है जहां सरकार जैसा कुछ भी नहीं दिखा। पिछले एक पखवाड़े से ग्रीष्मकालीन राजधानी को लेकर कुछ उम्मीदों की किरण अपरोक्ष रूप से दिख रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पौड़ी मंडल मुख्यालय को लेकर बहुत संजीदा दिख रहे हैं। लग रहा है कि धामी ने पौड़ी के खाली पड़े मंडलीय दफ्तरों को फिर से गुलजार करने की ठानी है, ऐसे में उम्मीद है कि धामी को यहां पसरा सन्नाटा जरूर कचोटेगा और वह इसे दूर करने को कदम उठाएंगे।

अहंकार की परतें | संत राजिन्दर



सभी संत-महापुरुष समझाते हैं कि परमात्मा को पाने मार्ग पर हमारे सामने सबसे बड़ी रुकावट है अहंकार। अहंकार साफ-स्पष्ट भी हो सकता है और छुपा हुआ भी। यह हमारी अपनी असलियत और परमात्मा को भूलने का कारण भी बनता है। अहंकार और घमंड हमारी आत्मा के चारों ओर परतें कैसे बनाते हैं? अहंकार को निकालने के लिए विवेक और अपने मन पर पूर्ण नियंत्रण चाहिए। हमें धन-संपत्ति का घमंड हो सकता है, जिसमें कि हमें अहंकार होता है कि हमारे पास बहुत पैसा और बहुमूल्य वस्तुएं हैं। हम सोचते हैं कि हम सबसे ज्यादा धनवान हैं और जो कम धनवान हैं उन्हें अपने से नीचे समझते हैं। अहंकार गरीब लोगों के मन को ठेस पहुंचाने पर भी मजबूर करता है। हमें ज्ञान का घमंड होता है। हम लोग अपनी डिग्रियों पर अभिमान करते हैं। हम समझते हैं कि अपने सहकर्मियों से ज्यादा जानते हैं। हम स्वयं को ज्ञान का स्रोत समझते लगते हैं, जिससे कि हमारे अंदर नम्रता का अभाव हो जाता है। जब हम सोचते हैं कि हम दूसरों से ज्यादा बुद्धिमान हैं तो हम उन लोगों को ठेस पहुंचाते हैं। हम यह सोचते हैं कि जो लोग सादगी से रहते हैं और जिनकी विचाराधारा साधी-सादी है, उनको उतनी जानकारी नहीं है जितनी कि हमको है। सुंदरता भी हमारे अंदर घमंड पैदा करती है। हम स्वयं को सबसे सुंदर समझते हैं। हम अपनी सुंदरता का इतना बखान करते हैं कि कम सुंदर लोग स्वयं को हीन समझने लगते हैं। इस प्रकार अहम हमें एक तरह के दिखावे और ढोंग के रास्ते पर ले जाता है। अपने रंग-रूप के द्वारा हम स्वयं को वैसा दिखाने की कोशिश करते हैं, जैसे हम नहीं हैं। यह दूसरों को नुकसान पहुंचा सकता है लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि इसका सबसे ज्यादा नुकसान स्वयं को पहुंचता है। जब हमारा ध्यान अपने बाहरी रूप अपने शरीर, व्यक्तित्व, मन और संपत्ति पर लगा होता है तो हम अपनी आत्मा पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते। हमारी आत्मा संपूर्ण सुंदरता, ज्ञान और धन की स्रोत है परंतु जब तक हम शरीर और मन का चिंतन करते रहते हैं, तब तक हम इन खजानों से अंजान रहते हैं। इस दुनिया के जितने भी ये बाहरी खजाने हैं एक दिन हमें छोड़ देंगे और हम इस दुनिया से खाली हाथ चले जाएंगे।

## रीडर्स मेल

### सराहनीय फैसला

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए तीन सदस्यीय पैनल बनाने का निर्णय स्वागतयोग्य है। इस पैनल में प्रधानमंत्री के अलावा नेता विपक्ष अथवा लोक सभा में सबसे बड़े दल का नेता और प्रधान न्यायाधीश शामिल होंगे। भारत में हर साल किसी राज्य का विधानसभा चुनाव अवश्य होता है और हारने वाली पार्टी चुनाव प्रणाली पर संदेह व्यक्त करती है। अब चुनाव आयुक्त की नियुक्ति तीन सदस्यीय पैनल के द्वारा किए जाने के उपरांत शायद चुनाव आयोग की प्रणाली पर राजनीतिक दलों का भरोसा बढ़ेगा। जिस तरह न्यायपालिका ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में पारदर्शिता लाने के लिए पहल किया है, उसी तरह उसे खुद भी न्यायाधीशों की नियुक्ति में पारदर्शिता लाने का प्रयास करना चाहिए एवं न्यायालय पर आम जनों का भरोसा बरकरार रखने के लिए न्यायिक प्रणाली में सुधार लाने की कोशिश करनी चाहिए। लोकतांत्रिक देश की हर नियुक्ति में पारदर्शिता होनी चाहिए।

**ई हिमांशु शेखर, गया**

### न्याय व्यवस्था में सुधार जरूरी

भारतीय न्याय व्यवस्था में समय और न्याय के बीच दूरियां बढ़ रही है। न्यायालयों में लंबित मामलों के चलते न्याय पाने वालों की व्यय और धैर्य शक्ति जवाब दे रही है। एक मामले की सालों सुनवाई चलने पर लोग प्रभावित हैं और उम्मीद खो चुके होते हैं। अब इस बीच राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) तब स्थिति और बदहाल होने का एहसास करा देती है, जब उसकी रिपोर्ट लंबित मामलों के आंकड़े पेश कर कहती है कि भारत की न्याय व्यवस्था बहुत दबाव में है। वर्ष 2022 के आंकड़ों पर ही गौर करें तो न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों के अदालतों में 4.7 करोड़ से अधिक मामले लंबित पड़े हैं। जहां सर्वोच्च न्यायालय में 64 हजार, उच्च न्यायालय ने 56 लाख वहीं जिला और अधीनस्थ अदालतों में 36 करोड़ से ज्यादा मामले लंबित हैं। स्वाभाविक है कि भारतीय न्याय व्यवस्था में सुधार की जाने की आवश्यकता है। वैसे भी हर भारतीय अच्छी न्याय व्यवस्था की उपेक्षा करता है और भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश में अच्छी न्याय व्यवस्था का होना अनिवार्य है।

**निखिल रस्तोगी, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय**

### सजग रहें आमजन

भारत में कोरोना वायरस के बाद अब स्प्रिंग इंफ्लुएंजा के संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति को हर साल इंफ्लुएंजा का इंजेक्शन लगवाना चाहिए। पिछले दो महीनों में भारत में इन्फ्लुएंजा के संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक देश में हर साल फ्लू के मामले सितम्बर और जनवरी माह के बीच चरम पर होते हैं, लेकिन अब हर एक माह में वायरस के मामले सामने आ रहे हैं। अधिकांश देशों में इन्फ्लूएंजा-ए वायरस के मामले सबसे अधिक हैं। इसके बाद इन्फ्लूएंजा-बी के मामले सामने आ रहे हैं। बता दें कि इस वक्त जापान में इंफ्लुएंजा के मामले चरम पर हैं। ऐसे में भारत को भी सतर्क रहना जरूरी है। इसलिए सरकार के साथ आमजन को भी सावधानी बरतनी चाहिए और सभी जरूरी एहतियातन कदमों को अपनाना चाहिए।

**निधि जैन, गाजियाबाद**

letter.editorsahara@gmail.com

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

राष्ट्रीय सहारा
• राष्ट्रीयता • कर्तव्य • समर्पण
वर्ष-24 , अंक 36

सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक जिया कादरी द्वारा राष्ट्रीय सहारा काम्पलेक्स, पार्क रोड, गोरखपुर में मुद्रित तथा प्रकाशित।
। समूह संपादक - डॉ. विजय राय। वरिष्ठ स्थानीय संपादक -पीयूष बंका। स्थानीय संपादक-दीप्त भानु डे *।
गोरखपुर कार्यालय- पी.बी.एक्स- 0551-2202362, 63, 64, फैक्स- 0551-2202365
आर.एन.आई.सं.यू.पी.ए.आई.एन./2000/1707
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

महान साहित्यकार, 'पद्म भूषण' रघुपति सहाय 'फिराक गोरखपुरी' की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!
—— योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

# होली पर चलेगी विशेष ट्रेन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर होने वाली अतिरिक्तभीड़ को ध्यान में रखते हुए 04006 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा होली विशेष गाड़ी का संचलन 5 मार्च को आनन्द विहार टर्मिनस से तथा 04005 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस होली विशेष गाड़ी का संचलन 6 मार्चको सहरसा से एक फेरे के लिये किया जायेगा।

इस गाड़ी में सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे तथा इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी सभी मानकों का पालन करना होगा। 04006 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा होली विशेष गाड़ी 5 मार्च को आनन्द विहार टर्मिनस से 1110 बजे प्रस्थान कर हापुड़ से 1218 बजे, मुरादाबाद से 1353 बजे, बरेली से 1513 बजे, हरदोई से 1658 बजे, लखनऊसे 1840 बजे, दूसरे दिन गोरखपुर जं0 से 0015 बजे, देवरिया सदर से 0107 बजे, सीवान से 0220 बजे, छपरा से 0320 बजे, हाजीपुर से 0430 बजे, मुजफ्फरपुर से 0525 बजे, समस्तीपुर से 0620 बजे, दलसिंग सराय से 0642 बजे, बरौनी से 0745 बजे, बेगुसराय से 0803 बजे, खगड़िया से 0840 बजे तथा सिमरी बख्तियारपुर से 0955 बजे छूटकर सहरसा 1120 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 04005 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस होली विशेष गाड़ी 6 मार्च को सहरसा से 1430 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर से 1450 बजे, खगड़िया से 1552 बजे, बेगुसराय से 1620 बजे, बरौनी से 1700 बजे, दलसिंह सराय से 1722 बजे, समस्तीपुर से 1800 बजे, मुजफ्फरपुर 1855 बजे, हाजीपुर से 1955 बजे, छपरा से 2125 बजे, सीवान से 2210 बजे, देवरिया सदर से 2315 बजे, दूसरे दिन गोरखपुर से 0040 बजे, लखनऊसे 0610 बजे, हरदोई से 0740 बजे, बरेली से 0934 बजे, मुरादाबाद से 1110 बजे तथा हापुड़ से 1229 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 1355 बजे पहुचेंगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 1, शयनयान श्रेणी के 10, साधारण द्वितीय श्रेणी के 11 तथा एस्.एल.आर. के 2 कोच सहित कुल 24 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# होली के मद्देनजर स्टेशन व ट्रेनों की सघन जांच

**गोरखपुर (एसएनबी)।** होली को देखते हुए रेलवे स्टेशन व रेल गाड़ियों में सघन जांच की जा रही है। आरपीएफ, जीआरपी, डाग स्क्वायड, सीआईबी समेत अन्य एजेंसियां लगातार सतर्क हैं और जांच की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों पर भी नजर रखी जा रही है।

**आरपीएफ, जीआरपी, डाग स्क्वायड व अन्य एजेंसी जांच में रहे शामिल**

रेलवे सुरक्षा बल के इंसपेक्टर राजेश कुमार सिन्हा, जीआरपी इंसपेक्टर विनोद कुमार राय, सीआईबी इंसपेक्टर दशरथ प्रसाद डाग स्क्वायड के साथ आम्रपाली, वैशाली व पैसेंजर ट्रेनों की सघन जांच कर ट्रेन में बैठे संदिग्ध अवस्था में बैठे व्यक्तियों से पूछताछ की। साथ ही यात्रियों को आगाह किया कि किसी व्यक्ति के दिए हुए सामान को ना खाएं और किसी के बहकावे में ना आएं। वह व्यक्ति जहरखुरान हो सकता है।

पुलिस ने डाग स्क्वायड के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक, बुकिंग हाल, वेटिंग रूम, एसी लाउंज, सर्कुलेटिंग एरिया व अन्य स्थानों की सघन जांच की। प्लेटफार्म पर विचरण कर रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ किया। होली के दृष्टिगत यह सघन जांच अभी जारी रहेगी।

आरपीएफ इंसपेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि जीआरपी, आरपीएफ व अन्य एजेंसियों के लोग सादे कपड़े में प्लेटफार्म व ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों पर नजर रखे हुए हैं।

# आरपीएफ ने चोर को दबोचा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 2 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेल पुलिस, औड़िहार द्वारा निगरानी के दौरान औड़िहार के प्लेटफार्म सं 4 से भीड़ में यात्री सामानों की चोरी करने वाले एक शातिर चोर को यात्रियों से चोरी करने वाले 3 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल, एक जोड़ी पायल, सफेद धातु एवं दस हजार नगद रूपयों के साथ गिरफ्तार किया गया। 2 मार्च को गाड़ी संख्या-15273 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी द्वारा गाड़ी से 12 वर्ष के एक लावारिस लड़के को उतारा गया, जिसे पूछताछ कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## निरस्त रहेगी ट्रेन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों के संरक्षा, सुरक्षा, संचलन एवं समयपालन तथा गति में वृद्धि सुदृढ़ करने के उद्देय से पूर्वोत्तर रेलवे के डालीगंज-मल्हौर खण्ड पर दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में नान इन्टरलाक कार्य किये जाने हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण निम्नवत् किया जायेगा। छपरा से 4 एवं 5 मार्च को प्रस्थान करने वाली 15053 छपरा-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा से 3 मार्च को प्रस्थान करने वाली 15083 छपरा-फर्रूखाबाद एक्सप्रेस निरस्त है। फर्रूखाबाद से 4 मार्च को प्रस्थान करने वाली 15084 फर्रूखाबाद-छपरा एक्सप्रेस निरस्तरहेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।


## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा0 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:–

निविदा सं.: वमंविइ–लजं0–20–2022, कार्य का विवरण: लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर विभिन्न क्षमता के आन ग्रिड सोलर सिस्टम का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 81,11,944.74, बयाना राशि: ₹ 1,62,200/-, निविदा मूल्य: ₹0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह।

• उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 23-03-2023 को 15:00 बजे।

नोट:– इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत–217 लखनऊ

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



## कार्यालय- जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर

### -: निविदा सूचना :-

जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 01-03-2023 के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर/तहसीलों के उपयोगार्थ स्टेशनरी/लेखन सामग्री के क्रय हेतु मुहरबन्द निविदा सूची दिनांक 15-03-2023 को अपराह्न 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15-03-2023 को ही अपराह्न 02:30 बजे तक अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सिद्धार्थनगर के बैठक कक्ष में गठित समिति के सदस्यों द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक जानकारी दिनांक 14-03-2023 तक किसी भी कार्य दिवस में फार्म कीपर, कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर से सम्पर्क कर निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।

**शर्ते :-**
1. कोई भी निविदादाता राज्य सरकार द्वारा काली सूची में यदि दर्ज हो तो वह भाग नहीं ले सकता है।
2. प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ समस्त सूचना निर्धारित प्रारूप पर करना होगा।
3. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।
4. ठेकेदार/फर्म का पंजीकरण व्याकरण विभाग से होना अनिवार्य है।
5. निविदादाता का जी.एस.टी. नम्बर होना अनिवार्य है।
6. मु.-10,000/- रुपया नकद अथवा चेक द्वारा जमानत राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा में अंकित दर सभी कर सहित संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट, सिद्धार्थनगर तक स्टेशनरी/लेखन सामग्री को पहुंचाने का परिवहन भाड़ा सम्मिलित रहेगा।
8. आपूर्ति संतोषजनक तुष्टिरहित, समय पर गुणवत्तायुक्त होने एवं मा. राजस्व परिषद से बजट प्राप्त होने पर भुगतान किया जायेगा।

**(उमाशंकर)**
**अपर जिलाधिकारी (वि./रा)**
**सिद्धार्थनगर**

पत्रांक : 815(01)/फार्मकीपर/निविदा/लेखन सामग्री/2022-23 दिनांक : 02 मार्च, 2023


# राष्ट्रपति का अभिभाषण सुनेंगे भाजपाई

**गोरखपुर (एसएनबी)।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा संसद के संयुक्त अधिवेशन में दिए गए अभिभाषण को भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ता सुनेंगे। इसको लेकर गोरखपुर क्षेत्र स्तर की वर्चुअल बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष व एमएलसी डा. धर्मेन्द्र सिंह ने बैठक को संबोधित करते कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के माध्यम से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जनहित में उठाए गए कदम और हर क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यो को बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना भाजपा संगठन की मंशा है। बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं को इस अभियान से जोड़कर पार्टी जहां संगठन को मजबूती देगी वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी जीत का संकल्प भी पूरा करेगी।

राष्ट्रपति के अभिभाषण अभियान के प्रदेश संयोजक व भाजपा के प्रदेश मंत्री संजय राय ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर चार मार्च को गोरखपुर क्षेत्र के सभी मंडलों में बैठक होगी। पांच मार्च को जिले स्तर की बैठक होगी। 11 से 20 मार्च तक शक्ति केंद्र स्तर पर संगोष्ठी आयोजित कर राष्ट्रपति के अभिभाषण को पढ़ा जाएगा और इस पर चर्चा होगी।

संगोष्ठी में सांसद, विधायक, प्रदेश के मंत्री, भाजपा के प्रदेश के पदाधिकारी, क्षेत्र के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिले के संयोजक, मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारी शामिल हुए।

# सरकारी भूमि पर बने मुर्गीफार्म को ढहाया

**हरपुर बुदहट (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के रेवड़ा ग्राम सभा की झाड़ी के रूप में सुरक्षित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाए गए मुर्गी फार्म को बुल्डोजर ने पूरी तरह से ढहा दिया। राजस्व टीम और हरपुर बुदहट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गयी कार्रवाई से अवैध रूप से भूमि पर कब्जा किए क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया है।

रेवड़ा ग्राम पंचायत का गाटा संख्या 120 ग्राम सभा के झाड़ी के रूप में संरक्षित था। उक्त संरक्षित सरकारी भूमि पर गांव के सुभाष पुत्र गुलाब यादव ने अवैध रूप से कब्जा कर उस पर मुर्गी फार्म बनवा लिया था। मुर्गी फार्म का कार्य पूर्ण हो चुका था। गत तहसील दिवस पर गांव के ही एक व्यक्ति ने उपजिलाधिकारी सहजनवा को प्रार्थनापत्र देकर इसके बारे में अवगत कराया। एसडीएम सुरेश राय ने राजस्व निरीक्षक भानू प्रसाद को मौके पर भेजकर उक्त भूमि का सीमांकन कराया। जिसके बाद आरोप सही पाया गया। एसडीएम ने कानूनगो भानू प्रसाद आदि राजस्वकर्मियों को भेजकर हरपुर बुदहट पुलिस की मौजूदगी में अवैध रूप से कब्जा कर बनाए गए मुर्गी फार्म पर बुल्डोजर चलवा कर उसे पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया।


## गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर

पत्रांक: 1454/अभि.अनु.(वि.यौं.)/गो०वि०प्रा०/2022–23 दिनांक 03-03-2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

उपाध्यक्ष, गोरखपुर विकास प्राधिकरण की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा कुल 05 कार्यो हेतु आफ लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो के निविदाओं की बिक्री दिनांक 15-03-2023 से 17-03-2023 को अपरान्ह 2:30 बजे तक की जायेगी एवं दिनांक 18-03-2023 को अपरान्ह 2:30 बजे तक प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन 3:30 बजे प्रीक्वालीफिकेशन/प्राइज बिड खोली जायेगी। कार्यो से सम्बन्धित निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण/जानकारी प्राधिकरण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता



## कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, गोरखपुर

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर निगम, गोरखपुर द्वारा नगर निगम के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी श्रेणी के अनुसार ई-निविदा के माध्यम से त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत 121 (क्र0सं0 1 से 121 तक) एवं एन0सी0ए0पी0 योजना के अन्तर्गत 04 (क्र0सं0 122 से 125 तक) कार्यों की ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। शासनादेश सं0 3890/नौ-5-149सा/2019, नगर विकास अनुभाग-05 उ0प्र0 शासन, लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 20.09.2019 के क्रम में उक्त निविदा में नगर निगम, गोरखपुर में अपंजीकृत ठेकेदार भी प्रतिभाग कर सकते हैं। सर्वन्यून निविदादाता होने पर सम्बन्धित ठेकेदार को नगर निगम, गोरखपुर में पंजीकरण की अर्हता पूर्ण कराकर नगर निगम, गोरखपुर में पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण की अर्हता सम्बन्धी विवरण/आवश्यक प्रपत्र की सूचना किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम कार्यालय के निर्माण विभाग में देखी जा सकती है। ई-निविदा प्रपत्र उ0प्र0 की ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** व नगर निगम की वेबसाईट **www.nagarnigamgkp.org** पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं0 4848/नौ-5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग-5 उ0प्र0 शासन, लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क + जी0एस0टी0 एवं धरोहर धनराशि पृथक-पृथक ऑन लाईन आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर निगम कोष में नगर निगम, गोरखपुर के खाता सं0 **100058883207** आई0एफ0एस0सी0 कोड **(IFSC Code: INDB0000150)** इण्डसइंड बैंक, शाखा-पार्क रोड, गोरखपुर में जमा किया जाना अनिवार्य होगा, जिसकी स्कैन कापी ई-टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। ई-निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

**निविदा बिक्री एवं खोलने की तिथि एवं समय**

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा डाउनलोड/प्रारम्भ की तिथि/समय | 15.03.2023, 10.00 AM |
| 2 | ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि/समय | 25.03.2023, 05.00 PM |
| 3 | ई-निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 27.03.2023, 11.00 AM |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम, गोरखपुर के वेबसाइट **www.nagarnigamgkp.org** गोरखपुर पर ई-निविदा लिंक एवं ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

पत्रांकः 809/मु0अभि0/चार-सा0नि0वि0/2022-23
दिनांकः 03.03.2023

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, गोरखपुर


# सकारात्मक चिंतन से ही चुनौतियों का सामना संभव : डॉ. विकास रंजन



**गोरखपुर (एसएनबी)।** डीएवीपीजी कॉलेज के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना दयानंद इकाई की सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठें दिन प्रथम सत्र में, मतदान जागरुकता अभियान के अंतर्गत स्वयं सेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मतदाता के पास यह ताकत है कि वो सरकार बना सकता है और सरकार गिरा भी सकता है। इसलिए हमें सोच समझकर कुशल, कर्मठ और शिक्षित प्रत्याशी का चुनाव करना चाहिए।

**युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान का आयोजन**

बौद्धिक सत्र में, मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि बाबू पुरुषोत्तम दास राधा रमण दास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास रंजन मणि त्रिपाठी मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि मानसिक रुप से स्वस्थ वह व्यक्ति होता है जो जीवन की चुनौतियों का सामना सकारात्मक चिंतन के साथ करता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत कर प्राचार्या एवं कार्यक्रम अधिकारी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. संजय श्रीवास्तव ने धन्यवाद प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. संजय पांडेय, डॉ. विनोद गुप्ता, डॉ. कुलदीप द्विवेदी, डॉ. आशाराम वर्मा, नितेश शर्मा, डॉ. बिमलेश कुशवाहा, डॉ. रक्षा गुप्ता, डॉ. सुगंधा पांडे, डॉ. दृष्टि केशवानी, सुधांशु मिश्र, जय प्रताप, अली व शफीक सहित शिक्षकगण, कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


## पूर्वोत्तर रेलवे — ई-ऑक्शन नोटिस

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल, मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है -

| क्र.सं. | लॉट सं० | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | PnU-LJN-BNY-Toi-4-22-2 (Pay and Use-Toilets) | बढ़नी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु |
| 2 | PnU-LJN-BST-Toi-14-22-1 (Pay and Use-Toilets) | बस्ती स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 एवं 2/3 पर स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु |
| 3 | PnU-LJN-STP-Toi-17-22-1 (Pay and Use-Toilets) | सीतापुर स्टेशन के वेटिंग हॉल में स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु |
| 4 | PnU-LJN-LMP-Toi-16-22-1 (Pay and Use-Toilets) | लखीमपुर स्टेशन के वेटिंग हॉल में स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु |
| 5 | PnU-LJN-BST-Toi-8-22-2 (Pay and Use-Toilets) | बस्ती स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु |

• निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। आईआरईपीएस पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होंगी। • सभी लॉट के लिए ई-ऑक्शन दि०-20-03-2023, 15.00 बजे प्रारंभ होकर 20-03-2023, 16.10 बजे बंद होगी। • इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि (5%) का भुगतान केवल IREPS पॉर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in (E-Auction module) पर उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य - 280 मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) लखनऊ

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## कार्यालय- खण्ड विकास अधिकारी खुनियांव-सिद्धार्थनगर

### -: अल्पकालिक निविदा सूचना :-

जिलाधिकारी महोदय, सिद्धार्थनगर के कार्यालय पत्रांक 829/कार्यवृत्त/समीक्षा बैठक/2022-23/दिनांक 16-01-2023 के द्वारा निराश्रित गोवंश/दुर्घटनाग्रस्त बड़े पशुओं को परिवहन हेतु कैटल कैचर/मल्टीपरपज व्हीकल क्रय किये जाने हेतु निर्देश प्राप्ता हुआ है। जिसको क्रय करने के लिए क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत निर्गत निविदा रजिस्टर फर्म से आमंत्रित किया जाता है। उक्त निविदा का दिनांक-03-03-2023 से 18-03-2023 तक अपराह्न 1 बजे तक निविदा डाली जा सकती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा निविदा फार्म विकास खण्ड मुख्यालय पर निविदा प्रकाशन की तिथि से कार्यालय अवधि में मु. 1000.00 (मु. एक हजार मात्र) जमा कर फार्म प्राप्त प्राप्त किया जा सकता है। उक्त सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर (कोटेशन) तथा वांछित प्रपत्र संलग्न मुहरबन्द लिफाफे में खण्ड विकास अधिकारी खुनियांव जनपद-सिद्धार्थनगर कार्यालय में निविदा बाक्स में दिनांक 18-03-2023 को अपराह्न 1 बजे तक डाल सकते हैं। डाली गयी निविदा दिनांक 18-03-2023 को अपराह्न 2.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

**नियम व शर्तें :-**
1. सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्म का जी.एस.टी. में पंजीयन अनिवार्य है।
2. जिस आपूर्तिकर्ता फर्म की सबसे कम दर होगा उसे स्वीकार किया जायेगा।
3. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा जो दर प्रस्तुत किया जाय वह जी.एस.टी. सहित प्रस्तुत किया जाय।
4. किसी भी सामग्री पर तीन से कम टेण्डर प्राप्त होने की दशा में मान्य नहीं होगा।
5. सशर्त निविदा एवं निविदा पर किसी प्रकार की कटिंग व ओवरराइटिंग होने पर मान्य नहीं होगा।
6. टेण्डर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी द्वारा आपूर्तिकर्ता फर्मों की उपस्थिति में खोली जायेगी।
7. सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त ही अनुबन्ध/कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
8. आपूर्तिकर्ता को 2 प्रतिशत आयकर एवं 2 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगा।
9. प्रत्येक सामग्री का दर अलग-अलग शब्दों एवं अंकों में अंकित की जाय साथ ही साथ एक सामग्री के लिए एक टेण्डर डाली जाय।
10. टेण्डर विकास खण्ड खुनियांव अथवा सिद्धार्थनगर में किसी कर्मचारी, प्रमुख क्षेत्र पंचायत तथा उनके रिश्तेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जायेगा एवं इस आशय का प्रमाण-पत्र मु. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर फार्म के साथ प्रस्तुत किया जायेगा कि उनके कोई रिश्तेदार विकास खण्ड खुनियांव अथवा सिद्धार्थनगर में नहीं है, जिनका टेण्डर फार्म भरा गया है। यदि इस तरह का कोई प्रकरण प्रकाश में आता है जो उनसे वसूली हेतु विधिक कार्यवाही प्रस्तावित होगी साथ ही उनके टेण्डर को निरस्त करते हुए काली सूची में अंकित करने हेतु प्रस्तावित कर दिया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की होगी।
11. निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकारी सक्षम प्राधिकारी विकास खण्ड खुनियांव सिद्धार्थनगर में निहित होगा तथा वाद-विवाद पर खण्ड विकास अधिकारी खुनियांव सिद्धार्थनगर का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। खण्ड विकास अधिकारी के विपरीत किसी भी तरह का दावा न्यायालय में नहीं लाया जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**खुनियांव-सिद्धार्थनगर**

पत्रांक : 2843/विज्ञप्ति/2022-23/दिनांक : 02-03-2023



## पूर्वोत्तर रेलवे

### अधिसूचना संख्या 03/2023
(यह अधिसूचना रेलवे में सरकारी नौकरी हेतु नहीं है)

**वाराणसी मण्डल पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों के स्टेशन परिसर के आउट साइड में आरक्षित/अनारक्षित रेल टिकट बिक्री हेतु "यात्री टिकट सुविधा केन्द्र" (YTSK) निजी भागीदारी (Private Participation) के आधार पर स्थापित एवं परिचालित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने के लिए अधिसूचना।**

भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत विभिन्न "ए, बी, डी एवं ई" श्रेणी के कुल (27) स्टेशनों के स्टेशन परिसर के आउट साइड में 28 लोकेशनों पर आरक्षित/अनारक्षित रेल टिकट बिक्री हेतु "यात्री टिकट सुविधा केन्द्र" निजी भागीदारी के आधार पर स्थापित/परिचालित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। स्टेशनों एवं वाईटीएसके की संख्या का विवरण निम्नवत है:

**क्र.सं.:** 1, **स्टेशनों का नाम :** मऊ जं., **श्रेणी :** ए, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 2, **स्टेशनों का नाम :** बलिया, **श्रेणी :** ए, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 3, **स्टेशनों का नाम :** देवरिया सदर, **श्रेणी :** ए, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 4, **स्टेशनों का नाम :** बेल्थरा रोड, **श्रेणी :** ए, **YTSK की संख्या :** 02. **क्र.सं.:** 5, **स्टेशनों का नाम :** गाजीपुर सिटी, **श्रेणी :** बी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 6, **स्टेशनों का नाम :** भटनी जं., **श्रेणी :** बी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 7, **स्टेशनों का नाम :** सुरेमनपुर, **श्रेणी :** बी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 8, **स्टेशनों का नाम :** कप्तानगंज, **श्रेणी :** बी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 9, **स्टेशनों का नाम :** लार रोड, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 10, **स्टेशनों का नाम :** खड्डा, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 11, **स्टेशनों का नाम :** मोहम्मदाबाद, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 12, **स्टेशनों का नाम :** रसड़ा, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 13, **स्टेशनों का नाम :** सिसवा बाजार, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 14, **स्टेशनों का नाम :** सरायमीर, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 15, **स्टेशनों का नाम :** युसुफपुर, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 16, **स्टेशनों का नाम :** चौरी-चौरा, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 17, **स्टेशनों का नाम :** जखनियां, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 18, **स्टेशनों का नाम :** पिपराइच, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 19, **स्टेशनों का नाम :** एकमा, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 20, **स्टेशनों का नाम :** सहतवार, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 21, **स्टेशनों का नाम :** पडरौना, **श्रेणी :** डी, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 22, **स्टेशनों का नाम :** सासामुसा, **श्रेणी :** ई, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 23, **स्टेशनों का नाम :** डोभी, **श्रेणी :** ई, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 24, **स्टेशनों का नाम :** बनकटा, **श्रेणी :** ई, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 25, **स्टेशनों का नाम :** मढौरा, **श्रेणी :** ई, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 26, **स्टेशनों का नाम :** मसरख, **श्रेणी :** ई, **YTSK की संख्या :** 01. **क्र.सं.:** 27, **स्टेशनों का नाम :** केराकत, **श्रेणी :** ई, **YTSK की संख्या :** 01. **कुल स्टेशनों की संख्या 27 (सत्ताईस) एवं लोकेशनों की संख्या 28 (अठाईस)।**

सभी अधिकृत रेलवे टिकट एजेण्ट, जिसमें "भारतीय रेल" के रेल ट्रैवेल सर्विस एजेण्ट (RTSA), रेल ट्रैवेल सर्विस एजेण्ट (RTAs), जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक (JTBS), स्टेशन टिकट बुकिंग एजेण्ट (STBA), हाल्ट एजेण्ट और आईआरसीटीसी द्वारा अधिकृत किये गये टिकट एजेण्ट भी शामिल होंगे, जो न्यूनतम दो वर्षों तक कार्य कर चुके हों, इस योजना के तहत आवेदन करने हेतु योग्य/पात्र हैं। योजना की पूर्ण विवरणी, आवेदन पत्र, चयन मापदण्ड, आवश्यक योग्यता, नियम एवं शर्तें पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in भी देखा जा सकता है। आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने के लिए रु. 1000/-+GST = रु. 1180/- (रुपये एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) मण्डल खजाँची, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी के यहाँ जमा कर मूल रसीद मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/वाराणसी के कार्यालय में दिनांक 06.03.2023 से 05.04.2023 तक समय 10.00 बजे से 13.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है अथवा वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किये गये आवेदन पत्र के साथ रु. 1000/-+GST = रु. 1180/- (रुपये एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी हो, जो वित्तसलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी (F. A. & C.A.O/N.E.R) पूर्वोत्तर रेलवे, पेयेबुल ऐट वाराणसी के पक्ष में देय हो, आवेदन के साथ संलग्न किया जा सकता है। इसके अभाव में आवेदन विचारणीय नहीं होगा। आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र पर आवश्यक प्रलेखों के साथ सीलबन्द लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप में वाराणसी मण्डल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लहरतारा/वाराणसी (पिन कोड-221001) के कार्यालय में दिनांक 06.04.2023 को 17.00 बजे तक अथवा इससे पहले जमा किया जा सकता है। इसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा डाक विभाग की देरी के लिये रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा। आवेदन पत्र जमा करने की तिथि को किसी कारणवश यदि कार्यालय बन्द रहता है तो आवेदन पत्र अगले कार्य दिवस में जमा किया जायेगा। लिफाफे पर स्पष्ट रूप से आवेदित स्टेशन का नाम तथा "YTSK" हेतु आवेदन पत्र" वर्णित होना चाहिये।

मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य),
मुजाधि/वा.-279 वाराणसी

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



## पूर्वोत्तर रेलवे

Email: dycmmgkpd@gmail.com
Website:www.ner.indianrailways.gov.in & www.tenders.gov.in

**निविदा सूचना सं० 54 दिनांक-02/03/23**
**ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

उप मु०सा०प्र०/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई–प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्ते वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in & www.tenders.gov.in पर देखा जा सकता है। क्र०सं० 1, निविदा संख्या एवं खुलने की तिथि– 10229402A खुलने की तिथि 17/03/23, मद का संक्षिप्त विवरण : बोगी बोलेस्टर वीद इन बूल्ट इत्यादि। मात्रा : 36 NOS, अर्नेस्ट मनी (रू०) : 59890/–

01 उपरोक्त निविदा आईआरइपीएस के साइट https//www.ireps.gov.in पर स्थित है। जो प्रतिष्ठान इलेक्ट्रानिकली पंजीकृत है वे ई–टेण्डर में सम्मिलित हो सकते है। जो प्रतिष्ठान क्लास 3 डिजिटल सर्टिफिकेट नहीं प्राप्त किये है वे अधिकृत एजेन्सी जो भारत सरकार के द्वारा अधिकार पत्र आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत है उनसे प्राप्त कर सकते है। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 02. आपूर्तिकर्तागण को यह सूचित किया जाता है कि उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर, विज्ञापित निविदाएं एवं सभी बुलेटिन निविदाएं कवेल ईपीएस (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) द्वारा खोली जा रही है, जो भी प्रतिष्ठान उप मु०सा०प्र०/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर की निविदाओं के प्रति इच्छुक हो एवं भाग लेना चाहते हो, उन्हें आवश्यक डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को CRIS/New Delhi में पंजीकृत कराना होगा। इस सम्बन्ध में आवश्यक विस्तृत विवरण वेबसाईट http/www.ireps.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। 03. निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। 04. एलोकेशन शीर्ष निविदा प्रपत्र, जमानती धनराशि का 00844517 तथा बयाना धनराशि का 00084506 है। 05. उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर द्वारा प्रकाशित ई० निविदाओं का टेन्डर काष्ट तथा ईएमडी का भुगतान ऑन–लाइन IREPS Portal पर ही मान्य होगा जो दिनांक 01/09/2016 से या उनके बाद प्रकाशित निविदाओं पर प्रभावी होगा। यह Global Tender पर प्रभावी नहीं होगा।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो
पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर
मुजाधि/एस - 87

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## कार्यालय : ग्राम पंचायत-रतनपुरा विकास खण्ड-बेलघाट, गोरखपुर

### -:: अल्पकालिक निविदा/ आपूर्ति सूचना ::-

कार्यालय ग्राम पंचायत **रतनपुरा** विकास खण्ड-**बेलघाट, गोरखपुर** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/ राज्य वित्त/ चौदहवां वित्त/ स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इण्टरलाकिंग ईंट, बालू, सीमेंट, मोरंग बालू, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, वर्मी कम्पोस्ट, ह्यूम पाईप, सरिया, पेन्ट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। टेण्डर हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता **दिनांक : 11.03.2023** को अपरान्ह **1 बजे** तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय **रतनपुरा** के निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह **2 बजे** ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/ कर्मचारी के द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000/- रु. (पांच हजार रूपये) मात्र होगी।

**नियम व शर्तें :-**
1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता फर्म का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकरदाता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेंस होना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दर प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य खर्च जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मांग की आपूर्ति आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
8. स्वीकृत दर पीडब्ल्यूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत प्रमुख, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी व विकास खण्ड के कर्मचारियों व निकट के सम्बन्धियों द्वारा टेण्डर में भाग नहीं लिया जायेगा।
11. सीमेण्ट आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशिप/ एजेन्सी होना अनिवार्य है। अन्यथा किसी भी दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेन्ट का जीएसटी बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी प्रभारी द्वारा सामग्री की गुणवत्ता व मात्रा प्रमाणित होने के पश्चात किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद/ एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत **रतनपुरा** के पक्ष में बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न किये जाने पर धरोहर राशि जप्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय **रतनपुरा** से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फार्म का मूल्य 100 ( एक सौ रूपये मात्र) है, पर स्वीकार की जायेगी।
17. सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में नियम शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में **खण्ड विकास अधिकारी** कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**प्रभु- ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-रतनपुरा**
**विकास खण्ड-बेलघाट, गोरखपुर**

**शत्रुघन चंद- सचिव/ग्रा.वि.अधिकारी**
**ग्राम पंचायत-रतनपुरा**
**विकास खण्ड-बेलघाट, गोरखपुर**

मोदी भारत की आधारशिला को बर्बाद कर रहे हैं। वो भारत पर एक ऐसा विचार थोप रहे हैं जिसे भारत स्वीकार नहीं कर सकता : कैम्ब्रिज में राहुल गांधी जी।

——कांग्रेस@INCIndia

# भाजपा विधायक के बेटे के घर से 6 करोड़ बरामद

**लोकायुक्त अधिकारियों ने 40 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था**

**बेंगलुरू (भाषा)।** कर्नाटक में लोकायुक्त अधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक मदल विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में पकड़े जाने के बाद मारे गये छापे में विधायक पुत्र के घर से छह करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद की।

भाजपा विधायक ने अपने बेटे के खिलाफ लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद केएसडीएल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि उन्होंने दावा किया कि भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी द्वारा की गई छापेमारी उनके और उनके परिवार के खिलाफ एक साजिश है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मामले की निष्पक्ष जांच का वादा किया। बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड के मुख्य लेखा अधिकारी प्रशांत को बृहस्पतिवार शाम को कर्नाटक साबुन और डिटर्जेंट लिमिटेड (केएसडीएल) कार्यालय में एक ठेकेदार से कथित तौर पर 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था। जाल में फंसने के कुछ ही घंटों के भीतर लोकायुक्त अधिकारियों की एक टीम ने प्रशांत के घर पर छापे मारे और बेहिसाब नकदी बरामद की।

लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार, दावणगेरे जिले के चन्नागिरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विरुपक्षप्पा केएसडीएल के अध्यक्ष हैं और प्रशांत कथित रूप से अपने पिता की ओर से रिश्वत की 'पहली किस्त' ले रहे थे। विरुपक्षप्पा ने शुक्रवार को इस पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री को भेजे अपने त्याग पत्र में उन्होंने कहा कि उनके और लोकायुक्त अधिकारियों के छापे के बीच कोई 'संबंध' नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने इस कार्रवाई को अपने और अपने परिवार के खिलाफ साजिश करार दिया। उन्होंने कहा, 'इसके बावजूद, चूंकि मेरे खिलाफ आरोप लगाया गया है, तो मैं नैतिक जिम्मेदारी ले रहा हूं और केएसडीएल अध्यक्ष के पद से अपना इस्तीफा सौंप रहा हूं।' कर्नाटक के लोकायुक्त न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बी एस पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि केएसडीएल कार्यालय से 2.02 करोड़ रुपये और प्रशांत के घर से 6.1 करोड़ रुपये बरामद किये गये हैं। उन्होंने कहा, प्रशांत सहित पांच लोगों को पकड़ा गया है और उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गई है। इस बीच, गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि लोकायुक्त पुलिस द्वारा जाल बिछाया जाना इस बात का सबूत है कि पिछली कांग्रेस सरकार के उलट मौजूदा सरकार ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए लोकायुक्त को पुनर्जीवित किया है। बोम्मई ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने अपने गलत कार्यों की लीपापोती के लिए लोकायुक्त संस्थान के अलावा एक अलग भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) बनाया था। बोम्मई ने बेंगलुरू में संवाददाताओं से कहा कि अतीत में एक मजबूत लोकायुक्त की कमी के कारण, कांग्रेस शासन के दौरान भ्रष्टाचार के कई मामलों की जांच नहीं हो सकी थी। बोम्मई ने कहा, 'हम बार-बार कह रहे हैं कि हम निष्पक्ष जांच करेंगे। इस मामले में भी हमारा रुख यह है कि स्वतंत्र लोकायुक्त संस्था निष्पक्ष जांच करेगी और जिसने भी गलत किया है उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। हमारे रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।' उन्होंने कहा, 'वहां मिली सारी जानकारी और पैसा, सब कुछ अब लोकायुक्त के पास है। एक स्वतंत्र और न्यायसंगत जांच होनी चाहिए। हमारा लक्ष्य यह है कि सच्चाई सामने आनी चाहिए कि यह पैसा किसका था और इसका उद्देश्य क्या था।'

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के इस बयान पर, कि यह घटना इस बात का प्रमाण है कि वर्तमान भाजपा सरकार 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार है, बोम्मई ने कहा कि कांग्रेस विधायकों और मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई आरोप थे, लेकिन उन्होंने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बनाकर इसे छिपाया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार के समय के भ्रष्टाचार के कई मामले लोकायुक्त को सौंपे गये हैं, जिनकी जांच होगी और सच्चाई सामने आएगी।

# मुख्तार व उनके बेटों की दो मंजिला इमारत प्रशासन ने ढहायी


मुख्तार अंसारी एवं उनके बेटों के नाम से 2 मंजिला इमारत को ध्वस्त करता प्रशासन।

**■ गैंगेस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई**

**मऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का बुलडोजर मुख्तार उनके करीबियों पर लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला प्रशासन ने थाना दक्षिण टोला अंतर्गत जहांगीराबाद स्थित मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी एवं उमर अंसारी के नाम से दर्ज दो मंजिला मकान को ध्वस्त कर दिया। सीओ सिटी धनंजय मिश्र एवं सिटी मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर क्षेत्र के 3 थानों की फोर्स की मौजूदगी में प्रशासन ने 2 मंजिला इमारत को ध्वस्त कर दिया। जिसकी कुल अनुमानित लागत लगभग 80 लाख रुपए बताई जा रही है।

ध्वस्तीकरण के दौरान नगर पालिका की टीम को कुराने पाक मिली जिसे कर्मचारियों ने उठाकर सिटी मजिस्ट्रेट के पास ले आए जहां सिटी मजिस्ट्रेट ने पूरे सम्मान के साथ कुराने पाक को बगल में स्थित मस्जिद में रखवा दिया। नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्तार अंसारी एवं उसके बेटे अब्बास अंसारी एवं उमर अंसारी ने किसी और के मकान को कब्जा कर बिना नक्शा पास कराए जहांगीराबाद में 2 मंजिला इमारत खड़ी कर लिया था। जिसे निहित प्राधिकारी द्वारा इस पूरे दो मंजिला इमारत को अवैध घोषित कर दिया गया जिसे शुक्रवार को प्रशासन द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए इस दो मंजिला इमारत को ध्वस्त किया जा रहा है। पूर्व में जिलाधिकारी अरुण कुमार ने इसे ध्वस्त करने का आदेश पारित किया था। आदेश के क्रियान्वयन में बाहुबली मुख्तार अंसारी एवं उनके बेटों अब्बास अंसारी एवं उमर अंसारी के नाम से दर्ज इस मकान को जमीन दोज किया जा रहा है।

प्रशासन द्वारा इलाहाबाद में अतीक अहमद के ऊपर कार्यवाही करने के साथ-साथ मुख्तार अंसारी एवं उनके बेटों सहित गुर्गो के ऊपर भी लगातार एक के बाद एक कार्रवाई करने में लगी हुई है। मुख्तार अंसारी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं ।

# रुख्सार बतायी जा रही नफीस के भाई की पत्नी

■ देवेन्द्र सिंह/शैलेश सिंह

**प्रयागराज। एसएनबी**

**■ उमेश पाल हत्याकांड में नफीस से पूछताछ में परत दर परत खुल रहे राज**

**■ नफीस पर पुख्ता होता जा रहा है एसटीएफ का शक**

उमेश पाल हत्याकांड मामले में नफीस से पूछताछ में परत दर परत कई रहस्य खुलने लगे हैं। नफीस की कार खरीदने वाली रुख्सार अब तक उसकी रिश्तेदार बताई जा रही थी लेकिन अब पता चला है कि वह नफीस के भाई की पत्नी है और घटना के बाद से परिवार के साथ फरार है।

उमेश पाल हत्याकांड में ईटआन के मालिक नफीस अहमद पर शक बढ़ता ही जा रहा है। अब तक की जांच पड़ताल में सामने आया है कि कुछ महीने पहले ही नफीस ने क्रेटा कार को बेच कर रुख्सार के नाम ट्रांसफर कर दिया था। हैरानी इस बात की है कि बेचने के बाद भी उस कार का इस्तेमाल उसके बच्चे और परिवार के अन्य लोग कर रहे थे। अब सामने आया है कि रुख्सार कोई और नहीं बल्कि नफीस के भाई की पत्नी ही है।

इसको लेकर नफीस पर शक गहराता ही जा रहा है माना जा रहा है कि उमेश पाल की हत्या को लेकर तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी थी। उसमें एक कड़ी यह भी है कि क्या कार घटना को अंजाम देने के लिए ही बेची गई थी। अतीक से करीबी रिश्ते और फंडिंग को लेकर पहले से ही नफीस का नाम प्रकाश में आ चुका है। ऐसे में उमेश पाल हत्याकांड में प्रयुक्त कार को लेकर नफीस से पूछताछ जारी है। एसटीएफ पता लगा रही है कि कहीं बदमाशों के भागने के बाद नफीस उनको भी किसी के जरिये रुपये तो नहीं पहुंचा रहा था। उसके अकाउंट तो खंगाले ही जा रहे हैं साथ ही किस किस से उसने इस दौरान ज्यादा बात की है या किससे बहुत कम बात की है, इसकी भी लिस्ट बनाई जा रही है। घटना की तैयारियों में नफीस की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है।

## तिहरे हत्याकांड के आरोपितों की इनामी राशि बढ़ाने की तैयारी

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में फरार शूटरों पर घोषित इनाम की राशि बढ़ाने की तैयारी है। धूमनगंज पुलिस ने शूटरों पर इनाम की राशि बढ़ाने के लिए पुलिस आयुक्त के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेज दिया। जल्द ही शूटरों पर एक से पांच लाख तक की इनामी राशि घोषित हो सकती है। उमेश पाल हत्याकांड के आरापियों में शामिल पूर्व सांसद माफिया अतीक का बेटा असद सहित गुलाम, अरमान और गुड्डू मुस्लिम पर इनाम की राशि बढ़ाने से संबंधित फाइल को शासन के पास भेजा गया है। माफिया अतीक का बेटा असद सीसीटीवी फुटेज में उमेश पर गोलियां बरसाते दिखा है। गुलाम ने भी उमेश और दोनों गनर पर कई गोलियां दागते हुए दिखा है। शूटर शाबिर भी राइफल से और अरमान पिस्टल से गोली दागते नजर आया है। जबकि उमेश पाल की हत्या के दौरान गुड्डू मुस्लिम झोले से बम निकालकर फेंकता हुआ दिखा है। इन सभी बदमाशों पर पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा की ओर से इनाम घोषित किया गया है। इनाम की राशि क्या है इसकी उन्होंने घोषणा नहीं की है। इनाम की राशि बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

# अतीक के फाइनेंसर का भी घर जमींदोज

■ **प्रयागराज (एसएनबी)।**

**■ उमेश पाल हत्याकांड में अब तक तीन लोगों के घरों पर चल चुका है बुलडोजर**


प्रयागराज : बमरौली के पास सल्लाहपुर गांव में प्रयाग विकास प्राधिकरण टीम ने मश्कुद्दीन के मकान को बुल्डोजर से जमींदोज कर दिया।

उमेश पाल हत्याकांड के बाद विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा माफियाओं को मिट्टी में मिलाने के ऐलान के बाद प्रयागराज का जिला व पुलिस महकमा अब ऐक्शन मोड में आ गया है। घटना में शामिल एक अपराधी को इनकाउंटर में ढेर करने और माफिया अतीक अहमद के दो करीबियों का घर जमींदोज करने के बाद प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को एक और बड़ी कार्रवाई की।

पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र स्थित असरावल गांव के पूर्व प्रधान माशूक उर्फ मसकुद्दीन के आलीशान मकान को मलवे में तब्दील कर दिया। वह अतीक अहमद का नजदीकी व फाइनेंसर बताया जा रहा है। उस पर विभिन्न थानों में 40 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

जिला, पुलिस प्रशासन, प्रयागराज विकास प्राधिकरण व नगर निगम ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को माफिया अतीक अहमद के अत्यंत करीबी मसकुद्दीन के तीन करोड़ की लागत से बने आलीशान मकान को तीन घंटे की कार्रवाई में जमीदोंज कर दिया। मासूक उर्फ मसकुद्दीन ने पुरा मुफ्ती थाना क्षेत्र स्थित असरावल गांव में आलीशान कोठी बनवा रखा था। करीब तीन सौ वर्ग गज में बना यह दो मंजिला मकान पूरे इलाके में चर्चित था। बमरौली एयरपोर्ट की बाउण्ड्री से सटे इस मकान को लेकर एयरपोर्ट ने भी आपत्ति जतायी थी। उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा खंगाली जा रही अतीक के करीबियों की सूची में मासूक का भी नाम है। पुलिस प्रशासन, नगर निगम व पीडीए ने पूरी जानकारी जुटाने के बाद इस मकान को 24 घंटे पहले ही ढहाने का निर्णय लिया था।

अपरान्ह 3.20 बजे सयुक्त टीम मसकुद्दीन के घर पहुंची। अफसरों ने घर के लोगों से तत्काल मकान खाली कर बाहर निकल जाने का फरमान सुनाया। घर वालों ने पीडीए की कार्रवाई का विरोध किया। महिलाओं ने यहां तक कह कर अफरातफरी मचा दी कि किसी कीमत पर बुलडोजर नहीं चलने दिया जायेगा, भले हमारी जान ही क्यों न चली जाय। बावजूद अफसरों ने एक न सुनी। अफसरों की सख्ती और पुलिस की भारी मौजूदगी देख घर वालों का विरोध देर तक नहीं चल सका।

इस दौरान फटाफट घर का सामान निकाला गया। इसके बाद 3.55 बजे बुलडोजर ने अपना काम शुरू कर दिया। देखते ही देखते दो मंजिला आलीशान मकान खंडहर में तब्दील हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसएसबी प्रमुख होंगी रश्मि शुक्ला

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश से इस बात की जानकारी मिली। महाराष्ट्र कैडर की 1988 बैच की भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी शुक्ला वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने एसएसबी के महानिदेशक के रूप में शुक्ला की नियुक्ति को 30 जून, 2024 तक मंजूरी दे दी है, जो उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख है।

### पवन खेड़ा की अंतरिम जमानत 17 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अंतरिम जमानत की अवधि शुक्रवार को 17 मार्च तक बढ़ा दी। मामले में असम पुलिस ने खेड़ा को गिरफ्तार किया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने समयाभाव के कारण सुनवाई को 17 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और असम के जवाब रिकॉर्ड में नहीं हैं और वह याचिका पर होली की छुट्टी के बाद सुनवाई करेगी।

### राजनाथ सिंह ने इस्राइली समकक्ष से की बात

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को अपने इस्राइली समकक्ष मेजर जनरल योआव गैलेंट से बात की। माना जा रहा है कि उन्होंने सैन्य उपकरणों के सह-निर्माण से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं पर चर्चा की। सिंह ने एक ट्वीट किया कि भारत इस्राइल के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है। सिंह ने कहा, 'इस्राइल के रक्षा मंत्री, मेजर जनरल योआव गैलेंट के साथ बात करके खुशी हुई। भारत इस्राइल के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है।'

# हिंसा भड़काने के प्रयास में PFI का सदस्य केरल से गिरफ्तार



**हाथरस कांड**

**■ यूपी एसटीएफ ने किया गिरफ्तार**

■ **लखनऊ (एसएनबी)।**

हाथरस कांड में हिंसा भड़काने के प्रयास में पीएफआई के सक्रिय सदस्य कमाल केपी को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। वह केरल के मलप्पुरम का रहने वाला है। इस मामले में यूएपीए के तहत गिरफ्तार हुए पत्रकार सिद्दीक कप्पन के मोबाइल से मिले वॉयस नोड के आधार पर कमाल की गिरफ्तारी हुई है। वॉयस नोड में दंगा भड़काने के लिए सीक्रेट मीटिंग को लेकर कोड वर्ड का प्रयोग किया गया था। पकड़े गए कमाल का लखनऊ से पीएफआई कनेक्शन में गिरफ्तार बदरुद्दीन से भी संपर्क था।

हाथरस की घटना की आड़ में दंगे कराने की साजिश के मामले में मथुरा के मांट थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। यह मामला आईपीसी की धारा 153ए/295ए/120बी और यूएपीए के तहत दर्ज किया गया था। यूपी एसटीएफ ने 25 हजार रुपये के इनामी पीएफआई के सक्रिय सदस्य कमाल को केरल के मेलाटूर इलाके से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ की पड़ताल में सामने आया कि सिद्दीक कप्पन के मोबाइल डेटा से एक वाइस नोड मिला था, जोकि कमाल ने भेजा था। इसमें कोड वर्ड का इस्तेमाल करते हुए दंगा भड़काने की साजिश रची जा रही थी।

# कौशाम्बी में अतीक के शूटर कवि के घर चला बुलडोजर

**■ राजूपाल हत्याकाण्ड में नामजद आरोपित है कवि**

**प्रयागराज।** शुक्रवार को राजू पाल हत्याकांड के आरोपी और बाहुबली अतीक अहमद के शार्प शूटर अब्दुल कवि के कौशाम्बी जनपद स्थित मकान को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। कौशाम्बी के सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के भाखान्दा उपरहार के रहने वाला अब्दुल कवि बाहुबली अतीक अहमद का शार्पशूटर है। 25 जनवरी 2005 में हुए राजू पाल हत्याकांड के बाद से अब्दुल कवि फरार चल रहा है। पुलिस ने उसके घर पर नोटिस चस्पा कर भगोड़ा पहले ही करार दे चुकी है। राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश और दो गनर की सरेराह हत्या होने के बाद प्रशासन लागतार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला प्रशासन की टीम भारी पुलिस फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर भाखान्दा गांव स्थित अतीक अहमद के शूटर अब्दुल कवि के घर पहुच गयी। थोड़ी ही देर में मकान को जमीदोज कर मिट्टी में मिला दिया। बदमाश कवि के मकान की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। घर का सामान हटाने के दौरान कई अवैध हथियार भी पुलिस ने बरामद किया है।

# तिहरे हत्याकांड की FIR में जोड़े गये चार और नाम

**■ अतीक के बेटे असद समेत सदाकत, शाबिर व मुठभेड़ में ढेर अरबाज शामिल**

**प्रयागराज (एसएनबी)।** उमेश हत्याकांड में पुलिस ने दर्ज नामजद मुकदमे में अतीक के तीसरे बेटे असद के साथ एनकाउंटर में ढेर अरबाज व हत्या की साजिश में शामिल सदाकत और शूटर शाबिर को नामजद कर दिया है जबकि अब तक मुकदमे में असद व अन्य का नाम नहीं था। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल में जितने नाम सामने आएंगे सबके नाम जोड़े जाएंगे।

उमेश पाल हत्याकांड में अतीक, अशरफ, शाइस्ता, गुलाम और गुड्डू मुस्लिम को नामजद किया गया था। साथ ही उसमें अतीक का बेटा, अतीक के नौ साथी और अन्य सहयोगी का नाम लिखा गया था। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज, सदाकत खान के बयान तथा अन्य सुबूत मिलने के बाद विवेचक ने मुकदमे में अतीक के बेटे असद का नाम दर्ज कर लिया है। असद के साथ सदाकत खान, मुठभेड़ में ढेर अरबाज और शूटर साबिर को भी नामजद कर दिया गया। फिलहाल इनके खिलाफ धारा 302, 307, 147, 148, 149, दफा 34, 120 बी, विस्फोटक अधिनियम की धारा 3 और 7 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट लगाया गया है। सूत्रों का कहना एफआईआर में अभी और भी धाराएं जोड़ी जाएंगी।

# मेघालय : संगमा ने सरकार बनाने का दावा पेश किया



**सात मार्च को शपथ लेगी नई सरकार, पीएम मोदी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे**

**शिलांग (भाषा)।** नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के प्रमुख कोनराड के. संगमा ने शुक्रवार को मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान से मुलाकात कर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया।

राज्य के निवर्तमान मुख्यमंत्री संगमा ने दावा किया कि 60 सदस्यीय विधानसभा में 32 से अधिक विधायकों के समर्थन के साथ उनके पास स्पष्ट बहुमत है। हालांकि उन्होंने सहयोगी दलों के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया।

संगमा ने राजभवन जाने से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारे पास स्पष्ट बहुमत है। भाजपा पहले ही समर्थन दे चुकी है। कुछ अन्य ने भी अपना समर्थन दिया है।' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने बताया कि एनपीपी को 34 विधायकों का समर्थन प्राप्त है, जिनमें हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ), निर्दलीय और भाजपा के विधायक शामिल हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या एनपीपी किसी अन्य पार्टी का समर्थन मांगेगी, इस पर मावरी ने कहा कि इसकी संभावना नहीं है क्योंकि सरकार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन हासिल कर लिया गया है। मावरी ने यह दावा भी किया कि नयी सरकार सात मार्च को शपथ लेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। मेघालय में 27 फरवरी को विधानसभा की 59 सीटों पर मतदान हुआ था। बृहस्पतिवार को चुनाव के परिणाम घोषित किए गए, जिनमें एनपीपी 26 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। एनपीपी के सहयोगी दल यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) ने 11 सीट पर जीत हासिल की है जबकि 2018 के चुनाव में उसे केवल छह सीट पर जीत मिली थी। कांग्रेस और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने पांच-पांच जबकि भाजपा ने दो सीट पर जीत हासिल की है।



# लीक से हटकर सोच से पर्यटन को दी जा सकती हैं नई ऊंचाइयां

**पीएम ने कहा, धार्मिक स्थलों की वजह से पर्यटन क्षेत्र में आया भारी उछाल**

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में दूर-दराज इलाकों के गांवों के भी अब पर्यटन के नक्शे पर आ जाने का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि लीक से हटकर सोच और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे इस साल का बजट पर्यटन मंत्रालय का सहयोग करेगा और युवाओं के लिए कई आर्थिक अवसर पैदा करेगा।

'पर्यटन का मिशन मोड में विकास'' विषय पर आयोजित बजट-पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने पर्यटन स्थलों पर बहुभाषी सूचना बोर्ड लगाने की जरूरत रेखांकित की। इसके अलावा उन्होंने ऐसे ऐप विकसित करने पर जोर दिया, जिनमें देश की विभिन्न भाषाओं में सूचना दी गई हो। उन्होंने कहा, 'यह वेबिनार पर्यटन क्षेत्र में बदलाव के लिए है, और जब सभी संबंधित लोग साथ आते हैं तो हमें अपना मनचाहा परिणाम तय समय के अंदर मिल जाता है।' मोदी ने कहा, 'कुछ लोग सोचते हैं कि पर्यटन एक काल्पनिक शब्द है, जो सिर्फ उच्च आयवर्ग के लोगों के लिए है। लेकिन भारत में, इसका लंबा सामाजिक-सांस्कृतिक अर्थ है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि धार्मिक स्थलों की वजह से पर्यटन क्षेत्र में भारी उछाल आया है और पिछले साल सात करोड़ लोग काशी विश्वनाथ मंदिर गए। यह वेबिनार सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे 12 बजट-पश्चात वेबिनारों का एक हिस्सा है।

इसके पीछे सरकार का लक्ष्य आम बजट में घोषित की गई योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न सुझाव और परामर्श लेना है। आम बजट में कहा गया है कि पर्यटन को बढ़ावा 'मिशन मोड' में दिया जाएगा, जिसमें राज्यों की सक्रिय भागीदारी होगी, सरकारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे और सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर भी काम किया जाएगा। वेबिनार में मोदी ने कहा कि अगर जनसुविधाएं बढ़ी हैं, डिजिटल कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, होटल और अस्पताल बेहतर हुए हैं और स्वच्छता पर ध्यान दिया जा रहा है तो भारतीय पर्यटन क्षेत्र में कई गुना वृद्धि हो सकती है।

# भारत के साथ निकट समन्वय चाहता है जापान : हयाशी



**कहा, जापान तमाम चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार**

**नई दिल्ली (भाषा)।** जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने कहा कि जापान भारत के साथ निकट समन्वय चाहता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में रूस के आक्रमण से अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, दुनिया भर के लोगों की आजीविका पर गहरा असर पड़ा है और जापान तमाम चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है।

विदेश मंत्री हयाशी ने पूर्व व दक्षिण चीन में बल के दम पर यथास्थिति को बदलने के साथ-साथ ताइवान के आसपास उसकी सैन्य गतिविधियों का हवाला देते हुए चीन के 'एकतरफा प्रयासों' को क्षेत्र के लिए चुनौती तथा चिंता बताया। हयाशी ने कहा कि चीन के दूसरे देशों के प्रति वर्तमान रुख और सैन्य गतिविधियों को देखते हुए जापान ने अपने देश तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जापान की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में बदलाव किया है। जापान के विदेश मंत्री ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए एक स्वतंत्र एवं मुक्त अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का निर्माण जरूरी है, जो समावेशी हो तथा कानून के शासन पर आधारित हो। उनके अनुसार, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की मौजूदगी बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि जी7 के अध्यक्ष के तौर पर जापान, जी20 के अध्यक्ष भारत के साथ निकट समन्वय चाहता है।

हयाशी ने कहा, जापान के जी7 और भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने के संदर्भ में 2023 एक महत्वपूर्ण वर्ष है। अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का एक प्रमुख मंच होने के नाते जी20 की, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पेश होने वाले खाद्य सुरक्षा व विकास जैसे मुद्दों से प्रभावी ढंग से निपटने में अहम भूमिका हो सकती है। जापान के विदेश मंत्री ने कहा कि 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय संवाद समूह) की शुरुआत किसी का मुकाबला करने या सैन्य सहयोग के लिए नहीं की गई। साथ ही इस संदर्भ में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी 'अच्छे के लिए बल' का उल्लेख किया।

## विभिन्न विषयों पर जापानी विदेश मंत्री के साथ की चर्चा



**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेशमंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी के साथ बैठक में दोनों देशों के संबंधों में 'ठोस प्रगति' सहित रणनीतिक सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। हयाशी मुख्य रूप से चार देशों के समूह 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए भारत की यात्रा पर आये हैं। जयशंकर ने एक ट्वीट में कहा, 'विदेश मंत्री योशिमासा हयासी की भारत की प्रथम यात्रा पर उनकी मेजबानी कर खुश हूं। अपनी गर्मजोशी भरी और मैत्रीपूर्ण बातचीत जारी रखी। हमारे द्विपक्षीय संबंध के विभिन्न विषयों में ठोस प्रगति पर चर्चा की। तीसरे देशों में हमारे सहयोग पर भी चर्चा की।' क्वाड की बैठक में विदेश मंत्रियों ने एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि यह कानून का शासन, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता तथा विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पुरजोर समर्थन करता है।

भारत इकलौता देश है जहां बहुसंख्यकों का धर्मांतरण अल्पसंख्यक करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सामूहिक धर्मांतरण कराने वाले इलाहाबाद कृषि संस्थान के कुलपति फादर डा. आर वी लाल और फादर बीबी लाल की गिरफ्तारी पर रोक लगाई।
-अश्विनी उपाध्याय@AshwiniUpadhyay

## संक्षिप्त खबरें

### पूजा सिंघल मामले में छापेमारी, 3 करोड़ मिले

**नई दिल्ली/रांची।** ईडी ने शुक्रवार को झारखंड के हजारीबाग जिले में आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल व अन्य से संबंधित धनशोधन मामले में छापेमारी के दौरान तीन करोड़ रुपए की नकदी जब्त की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोहम्मद ई अंसारी नामक व्यक्ति के ठिकानों से बड़े पैमाने पर 500 और 2,000 रुपए के नोटों की कुछ गड्डियां जब्त की गईं। एजेंसी ने सिंघल के खिलाफ जारी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में छापेमारी के दौरान ये नकदी बरामद की।

### तुर्की अनाज सौदे पर गतिरोध कायम

**अंकारा।** संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में तुर्की का अनाज सौदा आगे बढ़ाने पर बातचीत में गतिरोध उत्पन्न हो गया है और फिलहाल इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। स्पूतनिक ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि 'तुर्की और संयुक्त राष्ट्र की ओर से बातचीत की प्रक्रिया अभी रुकी नहीं है और विभिन्न पहल और विकल्प प्रस्तावित हैं, लेकिन गतिरोध कायम है क्योंकि स्थिति अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह पहल जारी रहेगी या नहीं और वैश्विक बाजारों में रूस के कृषि उत्पादों और अमोनिया के प्रवेश को गारंटी प्राप्त होगी या नहीं। यह बहुत आवश्यक है कि गतिरोध को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए।' गौरतलब है कि इस सौदे की समयसीमा 18 मार्च को समाप्त होने वाली है।

### रूसी पनडुब्बी ने कैलिबर मिसाइल का किया परीक्षण

**मास्को।** रूस की डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की ने जापान सागर से एक हजार किलोमीटर की दूरी पर कलिबर क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया। प्रशांत बेड़े ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। बेड़े के प्रेस कार्यालय ने कहा, 'प्रशांत बेड़े के पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी के चालक दल ने जापान के सागर में युद्ध अभ्यास योजना के हिस्से के रूप में पानी के नीचे से एक कैलिबर क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया गया है। मिसाइल द्वारा एक तटीय लक्ष्य को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा, 'कलिबर मिसाइल ने खाबरोवस्क क्षेत्र में करीब एक हजार किलोमीटर की दूरी पर स्थित स्थित सुरकुम के सामरिक क्षेत्र पर तटीय लक्ष्य निश्चित समय पर भेदा है।

### फिलिस्तीनी किशोर की गोली मारकर हत्या

**रामल्ला।** वेस्ट बैंक शहर कलकिलिया के पास एक गांव में इस्राइली सैनिकों ने एक फिलिस्तीनी किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में ये बात कही है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बयान का हवाला देते हुए बताया कि मोहम्मद इस्लाम (15) की मौत इस्राइली सैनिकों द्वारा पीठ में गोली मारने के बाद हुई, जिन्होंने अज्जुन गांव पर धावा बोल दिया था। इसमें कहा गया है कि दो घायल किशोरों में से एक की हालत गंभीर है और उसे शहर के सरकारी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने उसकी जान बचाने की कोशिश की। कलकिलिया के गवर्नर रफेह रावजबेह ने बताया कि शहर की मुख्य सड़क के पास हुई झड़प के दौरान इस्राइली सैनिकों ने किशोरों पर गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा, यह एक भयानक अपराध है जिसकी निंदा की जानी चाहिए क्योंकि इस्राइली बलों ने सीधे किशोरों को निशाना बनाया।

### रूस को तकनीक मुहैया कराने पर दो अमेरिकी गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की कैनसस सिटी से पुलिस ने रूस को विमानन प्रौद्योगिकी भेजने के आरोप में दो अमेरिकियों को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग के उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो के सहायक सचिव मैथ्यू एस एक्सलरॉड ने बताया कि आज दो अमेरिकी नागरिकों को रूस को विमानन प्रौद्योगिकी भेजने के आरोप में किया गया है।

### फिलिस्तीन ने की वेस्ट बैंक में नेतन्याहू की यात्रा की निंदा

**रामल्ला।** फिलिस्तीन ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उत्तरी वेस्ट बैंक शहर नब्लस के पास हर ब्राखा की इस्राइली बस्ती की यात्रा की निंदा की है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वेस्ट बैंक में नेतन्याहू की भड़काऊ यात्रा और उनके द्वारा किए गए शत्रुतापूर्ण बयानों और रुख को अस्वीकार और निंदा की जाती है। नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि वह और उनकी पत्नी सारा रविवार को नब्लस के दक्षिण में हवारा शहर में फिलिस्तीनियों द्वारा किए गए एक गोलीबारी में मारे गए दो इस्राइलियों के परिवार को सांत्वना देने के लिए बस्ती पहुंचे।

# यूक्रेन युद्ध खत्म करने में भारत को निभानी है 'विशिष्ट भूमिका' : अमेरिका

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका ने कहा है कि जी20 समूह के अध्यक्ष के रूप में भारत को यूक्रेन में जारी युद्ध को समाप्त करने में 'विशिष्ट भूमिका' निभानी है, क्योंकि रूस के साथ उसके 'लंबे समय से ऐतिहासिक' संबंध हैं। साथ ही उसने कहा कि भारत के पास जबरदस्त नैतिक स्पष्टता के साथ बोलने की क्षमता है, जैसा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मामले में देख चुका है।

अमेरिका ने यूक्रेन में संघर्ष को रोकने का उपाय तलाशने में भारत के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद भी जताई। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा, 'आज तक जिस तरह से उन्होंने जी-20 का नेतृत्व किया है, उसके लिए हम अपने भारतीय भागीदारों के आभारी हैं। जैसा कि आपने बताया कि अभी इस वर्ष बहुत कुछ और किया जाना है। भारत ने जी-20 की अपनी अध्यक्षता की एक बहुत ही आशाजनक शुरुआत की है। प्राइस ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी पर विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और उनके भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के बीच नई दिल्ली में चर्चा हुई। उन्होंने भारत के साथ संबंधों को अमेरिका के

■ भारत के पास जबरदस्त नैतिक स्पष्टता के साथ बोलने की क्षमता

सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक बताते हुए कहा, 'ऐसा इसलिए है, क्योंकि हम भारत के साथ मिलकर हर उस चीज पर काम करते हैं, जो हमारे लिए प्राथमिकता है और जो भारत के लिए भी प्राथमिकता है।

इसमें हमारी आपसी समृद्धि को बढ़ाना, लोकतंत्र का समर्थन करना, जलवायु संकट पर काबू पाना और अंतरराष्ट्रीय कानून पर आधारित शासन को कायम रखना शामिल है।' यह पूछे जाने पर कि क्या ब्लिंकन को लगता है कि रूस और यूक्रेन के बीच तनाव घटाने तथा युद्ध को समाप्त करने में भारत की अभी भी कोई भूमिका है, प्राइस ने कहा कि दुनियाभर में कई देश हैं, जिनके रूस के साथ ऐसे संबंध हैं, जो रूस और अमेरिका के बीच के संबंधों से अलग हैं।

उन्होंने कहा, 'भारत यकीनन उस श्रेणी में आता है। भारत के रूस के साथ लंबे समय से ऐतिहासिक संबंध हैं। वह रूस के साथ जिस तरह से जुड़ा हुआ है, उस तरह से अमेरिका नहीं जुड़ा हुआ है।' प्राइस ने कहा कि भारत विभिन्न मामलों में जबरदस्त पैठ भी रखता है, फिर चाहे वह आर्थिक मामले हों, कूटनीतिक मामले हों, राजनीतिक मामले हों या फिर नैतिक मामले हों।

# भारत को यूक्रेन युद्ध में किसी एक पक्ष को चुनना होगा : वार्नर

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के प्रभावशाली सांसद मार्क वार्नर ने बृहस्पतिवार को भारत को अपने नैतिक मूल्यों पर गर्व करने वाला एक शक्तिशाली देश बताते हुए कहा कि उसे कभी न कभी यूक्रेन युद्ध में किसी एक पक्ष को चुनना पड़ेगा। वार्नर लंबे समय से अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंधों की वकालत करते रहे हैं।

खुफिया मामलों से संबंधित सीनेट की प्रवर समिति के अध्यक्ष वार्नर ने चीनी आक्रामकता और उससे मिलने वाली चुनौतियों के सामने डटकर खड़े रहने के लिए भारत की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूक्रेन संघर्ष के संबंध में भारत ने अब तक जो कदम उठाए हैं वे पर्याप्त नहीं हैं और वह इससे ज्यादा कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान कि यह 'युद्ध का दौर नहीं है' का जिक्र करते हुए वार्नर ने कहा, उज्बेकिस्तान में पुतिन के सामने यह टिप्पणी करने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करता हूं लेकिन मुझे लगता है कि एक साल से जारी युद्ध को लेकर कोई बयान देने से ज्यादा, बहुत कुछ किया जा सकता है। भारत कहता रहा है कि वह यूक्रेन में शांति के पक्ष में खड़ा है। साथ ही उसने यूक्रेन तथा रूस के बीच किसी भी शांति पहल में योगदान की इच्छा व्यक्त की है।

■ चीनी से मिलने वाली चुनौतियों के सामने डटकर खड़े रहने के लिए की भारत की प्रशंसा

वार्नर हाल ही में भारत की यात्रा से लौटे संसद के एक प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे। भारत यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की थी। वार्नर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वर्षों पहले भारत चीन को लेकर 'किसी पक्ष को चुनने के लिए अनिच्छुक' था। उन्होंने कहा, 'भारत ने अपने निजी हित और चीनी आक्रामकता के कारण एक पक्ष चुना और यह स्वीकार किया कि संघर्ष कोई भी नहीं चाहता है। भारत ऐसे सहयोगियों की तलाश कर रहा है जो चीनी आक्रामकता के खिलाफ खड़े हों, चाहे वह आर्थिक आक्रामकता हो, चाहे वह सैन्य आक्रामकता हो या फिर हिंद महासागर में चीन की आक्रामकता से निपटना हो।

# भारत में अमेरिकी राजदूत न होना शर्मिंदगी की बात : डेमोक्रेटिक सांसद

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के शीर्ष डेमोक्रेटिक सांसद मार्क वार्नर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में दो साल से अधिक समय से अमेरिकी राजदूत का न होना शर्मिंदगी की बात है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर मौजूदा दावेदार एरिक गार्सेटी अपनी नियुक्ति के लिए सीनेट की पुष्टि के वास्ते पर्याप्त वोट हासिल नहीं कर पाते हैं, तो 'उतने ही योग्य' किसी अन्य उम्मीदवार के नाम पर विचार किया जाना चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जुलाई 2021 में लॉस एंजिलिस के पूर्व मेयर गार्सेटी (52) को भारत में अमेरिकी राजदूत के पद के लिए नामित किया था। हालांकि, गार्सेटी के नामांकन को सीनेट में मतदान के लिए नहीं पेश किया गया क्योंकि इसकी पुष्टि के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के पास सदन में पर्याप्त संख्या बल नहीं था। इस मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर सीनेट की खुफिया मामलों की प्रवर समिति के अध्यक्ष मार्क वार्नर ने कहा, 'यह शर्मिंदगी की बात है कि हम कहते हैं कि भारत-अमेरिका संबंध दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण रिश्तों में से एक है और फिर भी हमने भारत में अपना राजदूत नियुक्त नहीं किया है।' वार्नर पिछले सप्ताह भारत आए अमेरिकी संसद के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि भारतीयों ने भी इस अहम समय में देश में अमेरिकी राजदूत की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया।

■ कहा, घरेलू राजनीति में फंस गया नियुक्ति का मुद्दा

शीर्ष डेमोक्रेटिक सांसद ने कहा, 'हमारे भारतीय मित्रों ने एक और बात कही कि आप भारत के साथ मजबूत संबंधों के बारे में इतनी बातें करते हैं, लेकिन भारत में आपका राजदूत ही नहीं है। अब यह मुद्दा घरेलू राजनीति में फंस गया है, लेकिन मुझे लगता है कि हम सभी यह चाहते हैं कि राष्ट्रपति द्वारा नामित गार्सेटी की नियुक्ति की पुष्टि के लिए मतदान की आवश्यकता है।उन्होंने कहा, अगर उनके नाम की पुष्टि होती है तो अच्छा है। अगर ऐसा नहीं हो पाता, तो हमें तत्काल उतने ही योग्य और सक्षम दावेदार को तलाशना होगा। हम भारत में सीनेट द्वारा पुष्ट एक राजदूत के बिना इस संबंध को बरकरार नहीं रख सकते। अगर हम ऐसा नहीं करते, तो यह शर्मिंदगी की बात होगी।

## तीन आईपीएस के तबादले

**लखनऊ (एसएनबी)।** प्रदेश सरकार ने कानून- व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए शुक्रवार को तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें अर्पणा गुप्ता को एसपी महोबा, सुधा सिंह को 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद व कल्पना सक्सेना को पुलिस अधीक्षक पीटीएस मुरादाबाद के पद पर भेजा गया है।

## विजय माल्या की याचिका खारिज

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को संकटग्रस्त कारोबारी विजय माल्या की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने मुंबई की एक अदालत में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किए जाने और उनकी संपत्तियों को जब्त करने की कार्यवाही को चुनौती दी थी। माल्या का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि उन्हें इस मामले में अपने मुवक्किल से कोई निर्देश नहीं मिल रहा है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने मुकदमा न चलाने की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कहा, ''याचिकाकर्ता के वकील का कहना है कि याचिकाकर्ता उन्हें कोई निर्देश नहीं दे रहा है।

## यूक्रेन युद्ध का मुद्दा उठाने पर रूसी विदेश मंत्री ने पूछा

# जी-20 की पिछली बैठकों में क्यों नहीं उठा इराक, अफगान का मुद्दा

**नई दिल्ली (भाषा)।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को पश्चिमी देशों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वे जी20 समूह की बैठकों के दौरान यूक्रेन युद्ध का मुद्दा उठा रहे हैं और दावा किया कि समूह की पिछली बैठकों में किसी ने भी इराक, अफगानिस्तान तथा यूगोस्लावियामें स्थिति की सुध नहीं ली।

यहां 'रायसीना डायलॉग' में भाग लेते हुए लावरोव ने हैरानगी जताते हुए कहा कि क्यों हर कोई रूस से पूछ रहा है कि युद्ध खत्म करने के लिए क्या वह बातचीत करने को तैयार है, जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक आदेश पत्र पर हस्ताक्षर कर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के तहत मास्को के साथ बातचीत को एक आपराधिक कृत्य घोषित किया है। लावरोव ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि रूस को लड़ाई के मैदान में हराना होगा। रूसी विदेश मंत्री ने कहा, 'वे कहते हैं कि रूस को एक रणनीतिक हार मिलनी चाहिए और उनका कहना है कि यह वैश्विक वर्चस्व के संदर्भ में पश्चिम के लिए अस्तित्व का सवाल है।'

बृहस्पतिवार को हुई जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक का जिक्र करते हुए रूसी मंत्री ने कहा कि पश्चिमी देशों के नेताओं ने यूक्रेन मुद्दा उठाया है, लेकिन उन्होंने हैरानगी जताते हुए सवाल किया कि अतीत में समूह की बैठकों में क्या कभी इराक, लीबिया, अफगानिस्तान या यूगोस्लाविया पर चर्चा की गई? उन्होंने कहा, ''कोई भी व्यक्ति वित्त और आर्थिक नीतियों की सुध नहीं ले रहा है, जिसके लिए जी20 का गठन किया गया था...जब रूस ने अपनी रक्षा करनी शुरू की, तब यूक्रेन के सिवाय ऐसा कुछ नहीं है, जो जी20 की रुचि का विषय हो।''



■ रूसी विदेश मंत्री ने कहा, कोई भी व्यक्ति वित्त और आर्थिक नीतियों की सुध नहीं ले रहा है, जिसके लिए जी20 का गठन किया गया था

■ यदि पश्चिमी देश यह कहते हैं कि यूक्रेन उनके लिए अस्तित्व की लड़ाई है तो यह हमारे लिए भी अस्तित्व की लड़ाई है


उन्होंने कहा, ''यह शर्मनाक है। यदि वे कहते हैं कि यह उनके लिए अस्तित्व की लड़ाई है तो यह हमारे लिए भी अस्तित्व की लड़ाई है।'' उन्होंने कहा कि मास्को नाटो के विस्तार और रूस के खिलाफ युद्ध के इरादे से तैयार करने के लिए यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करने के खिलाफ दशकों से पश्चिम को चेतावनी देता रहा है। लावरोव ने कहा कि यूक्रेन में रूस जो कुछ कर रहा है, उससे यूरोप के देश प्रभावित नहीं हुए हैं, बल्कि वे क्षेत्र में मास्को की कार्रवाई पर पश्चिमी की प्रतिक्रिया से प्रभावित हुए हैं।

# जालसाजों ने शिल्पा, माधुरी, धोनी को किया 'आउट'

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** शाहदरा जिला के साइबर थाना पुलिस ने बॉलीवुड एक्टरों व क्रिकेटरों के पैन विवरण को हासिल कर क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच जालसाजों को धर दबोचा है।

डीसीपी रोहिती मीणा ने बताया कि धोखाधड़ी करने वालों ने अभिषेक बच्चन, शिल्पा शेट्टी, माधुरी दीक्षित, इमरान हाशमी और महेंद्र सिंह धोनी के नाम और उनके विवरण का इस्तेमाल किया। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है, इसलिए हम इस पर और टिप्पणी नहीं कर सकते। शिकायतकर्ता कंपनी एफपीएल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को बाद में धोखाधड़ी का पता चला, लेकिन इससे पहले ही जालसाजों ने इनमें से कुछ कार्ड का इस्तेमाल कर 21.32 लाख रुपए के उत्पादों की खरीदारी कर ली थी। इसके बाद, कंपनी ने तुरंत दिल्ली पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसने कार्रवाई करते हुए मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि पांचों आरोपियों की पहचान पुनीत, मोहम्मद आसिफ, सुनील कुमार, पंकज मिश्रा और विश्व भास्कर शर्मा के तौर पर हुई है। इन्होंने बेहद असामान्य तरीके से कंपनी को धोखा देने के लिए मिलकर काम किया। एक सूत्र ने कहा, 'गिरफ्तारी के बाद जब आरोपियों से पूछताछ की गई, तो उन्होंने बताया कि कैसे इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया।' आरोपियों ने गूगल पर मौजूद मशहूर हस्तियों के जीएसटी विवरण का इस्तेमाल किया। उन्हें यह बात पता थी जीएसटीआईएन के पहले दो अंक राज्य का कोड और उसके बाद के 10 अंक पैन नंबर हैं।



■ इन हस्तियों के पैन विवरण से गैंग ने बनवा लिया था क्रेडिट कार्ड

■ जालसाजों ने इनमें से कुछ कार्ड का इस्तेमाल कर 21.32 लाख रुपए की खरीदारी कर ली

■ पांच जालसाज बंदी

सूत्र ने कहा, 'इन हस्तियों की जन्मतिथि भी गूगल पर मौजूद थी... पैन नंबर और जन्मतिथि मिलने से उन्हें पैन संबंधी आवश्यक विवरण हासिल हो गया।' उन्होंने धोखे से पैन कार्ड को फिर से बनवाया और उस पर अपनी तस्वीर लगा दी, ताकि वीडियो सत्यापन के दौरान उनका चेहरा पैन/आधार कार्ड पर उपलब्ध तस्वीर से मेल खाए। सूत्र ने बताया कि उदाहरण के लिए अभिषेक बच्चन के पैन कार्ड में उनका पैन नंबर और जन्मतिथि थी, लेकिन आरोपियों में से एक की तस्वीर लगी थी।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और यह संदेह है कि आरोपियों ने अन्य बैंकों और वित्तीय संस्थानों से क्रेडिट कार्ड हासिल करने के लिए भी यही तरीका अपनाया होगा। पुणे स्थित कंपनी ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में कहा है, एफपीएल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड 'वन कार्ड' जारी करती है, जो एक संपर्क रहित क्रेडिट कार्ड है।

## अतीक की पत्नी ने हाईकोर्ट में दाखिल की याचिका

**प्रयागराज (एसएनबी)।** बाहुबली अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन ने उमेश पाल की हत्या के बाद गायब अपने दोनों नाबालिक पुत्रों को हाजिर करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की है। कोर्ट में उनकी इस याचिका पर होली की छुट्टी के बाद सुनवाई होगी। हाईकोर्ट होली के अवकाश के बाद 13 मार्च को खुलेगा।

■ होली के बाद होगी सुनवाई

अतीक अहमद के भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की पत्नी जैनब एवं अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी और उनकी पुत्री की अवैध अभिरक्षा को लेकर भी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की गई जिसे उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष उनके वकीलों ने आज ही सुनवाई के लिए मेंशन किया, किंतु न्यायालय ने समय की कमी का हवाला देते हुए कहा कि आज सुनवाई संभव नहीं है। अब ये याचिकाएं होली की छुट्टियों के बाद सुनी जायेंगी।

# अदालतें लोगों को दिखाएं, भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। न्यायालय ने कहा कि संविधान के तहत स्थापित अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे दिखाएं कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। साथ ही वे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में धन का समान वितरण कर भारत में लोगों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया गया है, जिसे पूरा करने में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है।



■ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान सचिव के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने संबंधी हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की

■ कहा, पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में राज्य के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त कर दिया था। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की है। पीठ ने कहा, '' संविधान की प्रस्तावना में भारत के लोगों के बीच धन का समान वितरण करके सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया गया है, लेकिन यह अभी तक दूर का सपना है। भ्रष्टाचार यदि प्रगति हासिल करने में मुख्य बाधा नहीं भी है, तो निस्संदेह एक बड़ी बाधा जरूर है।'' पीठ ने कहा, ''भ्रष्टाचार एक बीमारी है, जो जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त है। यह अब शासन की गतिविधियोंतक सीमित नहीं है, अफसोस की बात है कि जिम्मेदार नागरिक कहते हैं कि यह जीवन का हिस्सा बन गया है।''

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह पूरे समुदाय के लिए शर्म की बात है कि हमारे संविधान निर्माताओं के मन में जो ऊंचे आदर्श थे, उनका पालन करने में लगातार गिरावट आ रही है और समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास तेजी से बढ़ रहा है।

# भारत के साथ नहीं हो रही कोई बैक चैनल वार्ता : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान ने एक बार फिर इस बात से इनकार किया है कि वह भारत के साथ कोई 'बैकचैनल' वार्ता कर रहा है, लेकिन उसने शांतिपूर्ण पड़ोस की अपनी इच्छा दोहराई है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच के हवाले से एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, 'इस स्तर पर, पाकिस्तान और भारत के बीच कोई बैकचैनल वार्ता नहीं है।' दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध पिछले कई सालों से ठप पड़े हुए हैं। पाकिस्तान ने न केवल राजनयिक संबंधों को डाउनग्रेड किया है बल्कि भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को निलंबित कर दिया है। हालांकि, 2021 में बैकचैनल वार्ता में लगे दो देशों के संबंधों के सुधरने की संभावना थी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात में पाकिस्तान और भारत के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के बीच गुप्त बैठकों ने फरवरी 2021 में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम समझौते को फिर से शुरू किया। अगला कदम द्विपक्षीय व्यापार को बहाल करना था लेकिन यह प्रक्रिया तब रुक गई जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार ने भारत से चीनी और कपास आयात करने के फैसले को ठुकरा दिया। कुछ रिपोर्टों ने बाद में दावा किया कि बैकचैनल वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पाकिस्तान यात्रा की संभावना पर भी चर्चा हुई थी। हालांकि, दोनों पक्षों ने कभी भी उन रिपोर्टों की आधिकारिक पुष्टि या खंडन नहीं किया।

■ एक बार फिर शांतिपूर्ण पड़ोस की अपनी इच्छा दोहराई

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि पिछले साल अप्रैल में पाकिस्तान में सरकार बदलने के बाद कुछ सकारात्मक बदलाव की उम्मीद थी। इस साल जनवरी में विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने कहा था कि जब से मौजूदा सरकार सत्ता में आई है, पाकिस्तान और भारत के बीच पर्दे के पीछे कोई बातचीत नहीं हुई है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि इस साल के अंत में पाकिस्तान में चुनाव होने हैं और भारत में भी अगले साल की शुरुआत में संसदीय चुनाव होंगे, इसलिए निकट भविष्य में द्विपक्षीय संबंधों में कोई बड़ा विकास होने की उम्मीद नहीं है। इस पृष्ठभूमि के खिलाफ, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या पाकिस्तान मई में भारत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन और जून में शिखर बैठक में भाग लेता है या नहीं।

## देश में गोवध रोकने का निर्णय ले केंद्र सरकार : हाईकोर्ट

**लखनऊ (एसएनबी)।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक अहम फैसले में वैदिक काल से गाय की महिमा बताते हुए कहा कि केंन्द्र सरकार देश में गोवध रोकने का निर्णय ले। कोर्ट ने केंद्र से भरोसे के साथ उम्मीद की है कि गऊमाता को संरक्षित राष्ट्रीय पशु घोषित करने का निर्णय लिया जायेगा। हाई कोर्ट ने टिप्पणी की है कि गाय वैदिक काल से लेकर आज तक दैवीय गुणों से परिपूर्ण है और कई देवताओं से संबंधित है।

■ गाय को संरक्षित राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाय

यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की पीठ ने देश में गाय की महत्ता पर प्रकाश डालने वाला आदेश बाराबंकी के देवा थानाक्षेत्र से संबंधित यूपी गोवध निवारण कानून के तहत आरोपी मोहम्मद अब्दुल खलीक की याचिका को खारिज करते हुए दिया। याची को गौवंश के मांस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में याची ने आरोपपत्र समेत केस की कार्यवाही को समाप्त करने का आग्रह किया था जिसे मानने से कोर्ट ने इन्कार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि देश में सभी धर्मों के सम्मान के साथ हिन्दुओं में गाय को ईश्वर का प्रतिनिधि होने की आस्था व विश्वास है। ऐसे में इसे संरक्षित किया जाना चाहिए। गाय कई देवताओं से संबंधित है। जैसे भगवान शिव का वाहन नंदी है। देवराज इंद्र के साथ कामधेनु के रूप में जुड़ी है। भगवान कृष्ण के साथ भी इसका अभिन्न संबंध है। इसके पैर चारों वेद, स्तन - धर्म, अर्थ,

# नगरीय निकाय की मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अभियान 10 से

■ **लखनऊ (एसएनबी)।**

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों की मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए 10 मार्च से संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान शुरू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत नगरीय निकाय चुनाव से पहले मतदाताओं को अपना नाम शामिल कराने का एक और मौका मिल गया है। इस मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन पहली अप्रैल को किया जाएगा।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि इस अभियान के दौरान पहली जनवरी, 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता अपना नाम शामिल करा सकेंगे। संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 10 मार्च को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची के निरीक्षण के बाद मतदाताओं से 11 से 17 मार्च के बीच दावे-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी और इन दावा-आपत्तियों का निस्तारण 23 से 31 मार्च के बीच किया जाएगा। इसी दौरान मतदाता सूची को तैयार करते हुए पहली अप्रैल को उसका अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मतदाता अपना नाम शामिल कराने के लिए 11 से 17 मार्च के बीच आयोग की वेबसाइट के माध्यम से आनलाइन भी आवेदन कर सकेंगे। इस निर्धारित अवधि में यदि मतदाता सूची में अंकित मतदाता जिस वार्ड का निवासी है और उसका नाम उस वार्ड की मतदाता सूची में सम्मिलित न होकर किसी अन्य वार्ड की मतदाता सूची में शामिल हो गया है, तो उसके नाम को भी सम्बन्धित वार्ड की मतदाता सूची में शामिल करने का काम किया जाएगा।

टीम इंडिया की इंदौर में आस्ट्रेलिया के हाथों हार। सवा दो दिन में एक और टेस्ट मैच खत्म। अब भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में कैसे पहुंचेगा।

- हरभजन सिंह @harbhajan_singh



क्रेग फुल्टन को भारतीय पुरुष टीम के कोच के रूप में विश्व हॉकी में सबसे कठिन और यकीनन सबसे अधिक छानबीन के बाद कोच के रूप में भारत में नियुक्त होने के लिए शुभकामनाएं।

- वीरेन रसकिन्हा @virenrasquinha



# डब्ल्यूपीएल : महिला क्रिकेट में नए युग की शुरुआत

**मुंबई (भाषा)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरू होने के साथ भारतीय क्रिकेट में नए युग का उदय होगा जहां महिला खिलाड़ियों को अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने के लिए जरूरी अनुभव मिलने के साथ बड़ी धनराशि और ग्लैमर का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। शनिवार को गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियन्स के बीच मुकाबले से 21 मैचों का यह टूर्नामेंट शुरू होगा। मुंबई की अगुआई भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर करेंगी तो वहीं गुजरात की कमान विकेटकीपर बेथ मूनी हाथों में है।

**टूर्नामेंट आज से**

- गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबले से शुरू होगा 21 मैचों का यह टूर्नामेंट

डब्ल्यूपीएल दिग्गज और स्थापित खिलाड़ियों के साथ स्नेहा दीप्ति और जासिया अख्तर जैसे खिलाड़ियों के बारे में होगा। स्नेहा यह साबित करना चाहेगी कि मां बनने के बाद भी उनके जुनून में कोई कमी नहीं आई है। तो वही जम्मू और कश्मीर जासिया को बड़े शॉट लगाने के लिए जाना जाता है। वह इस टूर्नामेंट से उमरान मलिक जैसी ख्याति हासिल करना चाहेंगी। हरमनप्रीत, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और शेफाली वर्मा के लिए इस लीग से करीबी मैचों को जीतने हुनर मिल सकता है। इन खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम वैश्विक टूर्नामेंटों के बड़े मुकाबलों में संघर्ष करती रही है।

इस टी-20 लीग का लंबे समय से इंतजार था। इसमें कुल पांच टीमें और 87 खिलाड़ी शामिल है। इसमें 15 साल की कम उम्र की खिलाड़ी को भी दुनिया के दिग्गजों के साथ खेलने और ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में दो नॉकआउट मैच सहित कुल 21 मुकाबले होंगे। इन सभी मैचों को मुंबई के दो स्टेडियमों में खेला जाएगा। डब्ल्यूपीएल ने क्रिकेट की दुनिया में उत्साह पैदा किया है जिसमें पांच फ्रेंचाइजी टीमों को कुल 4,669 करोड़ रुपए में बेचा गया है।

सबसे ज्यादा 150 टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली हरमनप्रीत को उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट भारतीय टीम और आस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के बीच की खामियों को पाटने में सफल होगा। चैंपियन आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी की कप्तानी वाली गुजरात जायंट्स में हरलीन देओल, स्नेह राणा (उपकप्तान) और अनुभवी सुषमा वर्मा शामिल हैं। उनके पास आस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप विजेता, एशलीग गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहैम, वेस्ट इंडीज के डायंड्रा डॉटिन और इंग्लैंड की सोफिया डंकले जैसी विदेशी दिग्गज है।

भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज भी टीम की मेंटोर और सलाहकार है। यूपी वॉरियर्स ने आस्ट्रेलिया की आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली को कप्तान बनाया है। भारतीय हरफनमौला टीम की उपकप्तान है। दीप्ति के लिए फ्रेंचाइजी ने 2.6 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी। वह दूसरी सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रही। दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई दिग्गज मेग लैनिंग करेंगी जबकि टीम में जेमिमा और शेफाली आक्रामक बल्लेबाज है।

# आईसीसी ने इंदौर पिच को 'खराब' करार दिया, तीन डिमैरिट अंक मिले

**इंदौर (भाषा)।** आईसीसी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट मैच के लिये इस्तेमाल की गई होलकर स्टेडियम की पिच को 'खराब' करार दिया जिसमें आस्ट्रेलिया ने भारत को तीसरे दिन नौ विकेट से शिकस्त दी। इस खराब रेटिंग से इंदौर को तीन डिमैरिट अंक भी मिले और ये अंक पांच साल के लिए सक्रिय रहेंगे। भारतीय टीम दोनों पारियों में 109 और 163 रन के स्कोर पर सिमट गई थी जबकि आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 197 रन बनाए और फिर तीसरे दिन सुबह उसने 76 रन के लक्ष्य का पीछा कर जीत हासिल की। आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 'आईसीसी मैच रैफरी क्रिस ब्रॉड ने अपनी रिपोर्ट आईसीसी को सौंप दी जिसमें उन्होंने मैच अधिकारियों और दोनों टीमों के कप्तानों से बात करने के बाद उनकी चिंताएं व्यक्त कीं। इस आकलन के बाद स्थल को तीन डिमैरिट अंक दिए गए।' इस रिपोर्ट को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) को भेज दिया गया है जिसके पास इसके खिलाफ अपील करने के लिए 14 दिन का समय है। ब्रॉड ने कहा, 'पिच बहुत सूखी थी, इसने बल्ले और गेंद के बीच कोई संतुलन नहीं मुहैया कराया और इस पर शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिल रही थी।' उन्होंने कहा, 'मैच की पांचवीं गेंद पिच की सतह से टूट गई और इसने कभी कभार पिच की सतह को भी तोड़ना जारी रखा जिस पर जरा भी या कोई भी 'सीम मूवमेंट' नहीं मिल रहा था और पूरे मैच के दौरान अत्यधिक और असमान उछाल रहा।' भारत ने पहले ही सत्र में सात विकेट गंवा दिए थे क्योंकि गेंद शुरुआती आधे घंटे के दौरान 'स्क्वायर टर्न' ले रही थी।

# इंदौर पिच ने टेस्ट का नतीजा दिया : एमपीसीए अध्यक्ष

**इंदौर (भाषा)।** मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के एक शीर्ष पदाधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के लिए इस्तेमाल होलकर स्टेडियम की पिच ने इस मुकाबले का नतीजा दिया है और यह पिच बीसीसीआई के क्यूरेटरों के निर्देशों के मुताबिक ही तैयार की गई थी। एमपीसीए अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने आईसीसी द्वारा इस पिच को 'खराब' करार दिए जाने के बाद बयान दिया। खांडेकर ने कहा, 'मुझे पता चला है कि इस पिच को आईसीसी ने खराब करार दिया है। हालांकि, मैंने पिच को लेकर आईसीसी की रेटिंग का विस्तृत ब्योरा नहीं देखा है। लेकिन मेरा कहना है कि इस पिच ने टेस्ट मैच का नतीजा दिया है।' खांडेकर ने कहा कि पिच बीसीसीआई के पिच क्यूरेटरों के दिशा-निर्देशों के मुताबिक बनाई गई थी।

# जब नतीजे मिल रहे हैं तो पिच में बदलाव क्यों करें : रोहित

**इंदौर (भाषा)।** रोहित शर्मा ने भारत में स्पिनरों की मददगार पिचों की वकालत करते हुए कहा कि ऐसी पिच टीम की ताकत है और संघर्ष कर रहे बल्लेबाजों को इस पर रन बनाने का तरीका ढूंढ़ना होगा। होल्कर स्टेडियम में तीसरे दिन के पहले सत्र में आस्ट्रेलिया से नौ विकेट की करारी शिकस्त झेलने के बाद रोहित ने कहा कि नौ मार्च से अहमदाबाद में अंतिम टेस्ट में टीम स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलना चाहेगी।

**स्पिन पिच की वकालत**

- कहा, हम भारत में पिचों को लेकर काफी बात करते हैं
- जब हम विदेश यात्रा करते हैं तो अन्य टीमें भी घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठातीं हैं

रोहित ने तर्क दिया कि उनकी टीम ने ऐसी पिचों पर लगातार 15 सीरीज में जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा, 'हम आमतौर पर सीरीज से पहले तय करते हैं कि किस तरह की पिचों पर खेलना चाहेंगे। ऐसी पिचों पर खेलना हमारा फैसला था। मुझे नहीं लगता कि हम बल्लेबाजों पर दबाव बना रहे हैं। जब हम जीतते हैं तो सब अच्छा लगता है। हमसे हमारी बल्लेबाजी के बारे में नहीं पूछा जाता।'


भारतीय कप्तान ने कहा, 'जब हम हारते हैं तो इस बारे में बात की जाती है। हमने इस तरह की पिचों पर खेलने का फैसला किया है, और हम जानते हैं कि हमें चुनौती दी जा सकती है, लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं।' रोहित ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो पिच को लेकर बहुत ज्यादा बात हो रही है। जब हम भारत में खेलते हैं तो ध्यान केवल पिच पर होता है। मुझे नहीं लगता कि यह आवश्यक है।''

इससे पहले नागपुर और दिल्ली की पिच ने भी काफी ध्यान आकर्षित किया था। लेकिन इंदौर की पिच पर गेंद खेल की शुरुआत से ही काफी अधिक टर्न कर रही थी। दिलीप वेंगसरकर, मैथ्यू हेडन और मार्क वॉ उन पूर्व क्रिकेटरों में से है जिन्होंने कहा था कि पिच टेस्ट क्रिकेट के लिए यह अच्छा नहीं है। लगातार तीसरी बार मैच तीन दिन के अंदर खत्म हुआ।

भारतीय कप्तान ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पूर्व क्रिकेटरों ने इस तरह की पिचों पर खेला हैं। इस तरह की पिचों पर हम खेलना चाहते हैं। यह हमारी ताकत है। इसलिए जब आप घर में खेल रहे हों तो आप हमेशा अपनी ताकत से खेलते हैं और इस बात की चिंता नहीं करते कि लोग किस बारे में बात कर रहे हैं।' रोहित ने कहा, 'हमारी ताकत स्पिन गेंदबाजी और बल्लेबाजी की गहराई है। जब हम विदेश यात्रा करते हैं तो अन्य टीमें अपनी घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाती है।'

पूर्व खिलाड़ियों ने यह भी तर्क दिया है कि टेस्ट मैचों का पांच दिनों तक नहीं चलना इस खेल के लिए अच्छा नहीं है। मैच जल्दी खत्म होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मैं इसके बारे में क्या कह सकता हूं। मैच को पंच दिनों तक चलने के लिए खिलाड़ियों को अच्छा खेलना होगा। भारत के बाहर भी मैच पांच दिनों तक नहीं चलता हैं। कल दक्षिण अफ्रीका में तीन दिनों में खेल समाप्त हो गया। यह कौशल के बारे में है। लोगों को कौशल के अनुकूल होना होगा। अगर पिच गेंदबाजों की मदद कर रही हैं, तो बल्लेबाजों को अपना कौशल दिखाना होगा।'

# आस्ट्रेलिया की भारत पर नौ विकेट से जीत



**इंदौर : तीसरे टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया को जीत दिलाने पर लाबुशेन और ट्रेविस हेड।**

## इस जीत से आस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में स्थान किया पक्का

**इंदौर (भाषा)।** आस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को तीन दिन के अंदर भारत को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर चार मैचों की सीरीज में वापसी की और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली। आस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 76 रने के लक्ष्य को एक विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इस जीत के बाद भी आस्ट्रेलिया सीरीज में 1-2 से पीछे है।

ट्रेविस हेड (नाबाद 49) और मार्नस लाबुशेन (नाबाद 28) ने पारी की शुरुआती ओवरों में मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के बाद 18.5 ओवरों में आस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। भारत में जीत मेहमान टीमों के लिए दुर्लभ होती है और आस्ट्रेलिया के लिए भी यह अलग नहीं था, जिसने छह साल में भारतीय धरती पर अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के लिए पिछले 10 वर्षों में यह केवल तीसरी हार है। टीम को नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट से पहले अपनी योजनाओं पर फिर से काम करने की आवश्यकता होगी।

सीरीज में इस्तेमाल हुई पिचों की भी तीखी आलोचना हुई है और यह देखाना दिलचस्प होगा कि क्या भारत स्पिन के अनुकूल पिचों की प्राथमिकता को जारी रखेगा क्योंकि घरेलू टीम के बल्लेबाज भी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के लिए बुरी तरह संघर्ष करते दिखे हैं। भारत अपनी दो पारियों में केवल 109 और 163 रन ही बना सका। आस्ट्रेलिया टीम जिस तरह से नागपुर और दिल्ली की दूसरी पारी लड़खडाई थी उससे लग रहा था कि शुक्रवार को पहले सत्र में कुछ भी हो सकता है।

जीत के लिए 76 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आस्ट्रेलियाई टीम को रविचंद्रन अश्विन ने दिन की दूसरी गेंद पर उस्मान ख्वाजा को कैच आउट कराकर चमत्कार की उम्मीद जगाई। अश्विन की यह गेंद तेजी से टर्न लेते हुए ख्वाजा के बल्ले का किनारा लेते हुई विकेट कीपर कोना भरत के दस्तानों में चली गई। स्कोर बोर्ड पर बिना किसी रन के पहला विकेट गंवाने के बाद टीम दबाव में थी लेकिन लाबुशेन ने रविंद्र जडेजा की गेंद पर चौका लगाकर दबाव कम किया।

**तीसरा टेस्ट**

- चार मैचों की सीरीज में अब आस्ट्रेलिया 2-1 से पीछे
- छह साल में भारतीय धरती पर पहली जीत दर्ज की आस्ट्रेलिया ने
- मैच में 11 विकेट झटकने वाले नाथन लियोन बने प्लेयर ऑफ द मैच

**स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| **भारत** (पहली पारी) - | **109** |
| **आस्ट्रेलिया** (पहली पारी) - | **197** |
| **भारत** (दूसरी पारी) - | **163** |
| **आस्ट्रेलिया** (दूसरी पारी) - | |
| उस्मान ख्वाजा का. भरत बो. अश्विन | 00 |
| ट्रेविस हेड (नाबाद) | 49 |
| मार्नुस लाबुशेन (नाबाद) | 28 |
| **अतिरिक्त -** | **01** |
| **कुल -** (18.5 ओवर में एक विकेट पर) | **78** |
| **विकेटपतन** - 1/0 | |
| **गेंदबाजी** - अश्विन 9.5-3-44-1, जडेजा 7-1-23-0, उमेश 2-0-10-0 | |



*प्लेयर ऑफ द मैच नाथन लियोन*

हेड और लाबुशेन को आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है लेकिन दोनों ने बिना कोई जोखिम लिए शुरुआती 10 ओवर में सिर्फ 13 रन बनाए। पारी के 10वें ओवर में गेंद बदलने के बाद मैच का रुख आस्ट्रेलिया की ओर मुड़ गया। अश्विन इस गेंद से संतुष्ट नहीं थे और हेड ने उनके ओवर में चौका और छक्का जड़कर अपने इरादे जात दिए। हेड और लाबुशेन ने इसके बाद जडेजा के खिलाफ चौके लगाए और फिर मैच पर आस्ट्रेलिया की पकड़ बन गई। लाबुशेन ने चौका लगाकर आस्ट्रेलिया को यादगार जीत दिलाई।

## संक्षिप्त खबरें

### इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 132 रन से हराकर सीरीज जीती

**मीरपुर।** सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय के 12वें वनडे शतक की मदद से इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां दूसरे वनडे मैच में बांग्लादेश को 132 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। रॉय ने 124 गेंद का सामना करते हुए 18 चौके और एक छक्के से 132 रन की पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने सात विकेट पर 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके बाद इंग्लैंड के अनुशासित गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 44.4 ओवर में 194 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने 64 गेंद में 76 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

### अंशुल ने संयुक्त बढ़त बनाई

**अहमदाबाद।** स्थानीय प्रबल दावेदार अंशुल पटेल ने शुक्रवार को गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जो दिन का सबसे कम स्कोर भी रहा जिससे वह पटना के अमन राज (70) के साथ संयुक्त बढत हासिल करने में सफल रहे। अंशुल (66, 71, 67) 12 अंडर 204 के कुल स्कोर से अमन (66-68-70) के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। इनके बाद आर्यन रूपा आनंद (71-69-69) कुल सात अंडर 209 के स्कोर से तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। वह शीर्ष पर चल रहे गोल्फरों से पांच शॉट पीछे हैं।

### प्रणवी, रिधिमा कट में

**जोहांसबर्ग।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और रिद्धिमा दिलावरी ने जोबर्ग लेडीज ओपन के कट में जगह हासिल करने में सफल रही। रिद्धिमा ने सनशाइन लेडीज टूर पर पांच टूर्नामेंट में से चौथे में कट हासिल किया। वह दो दौर के बाद इवन पार स्कोर के साथ संयुक्त-29वें स्थान पर हैं। प्राणवी संयुक्त 17वें स्थान पर है। तीन अन्य वाणी कपूर (75-78), अमनदीप द्राल (76-78) और दीक्षा डागर (78-77) बृहस्पतिवार को कट में जगह बनाने में विफल रहे।

# भारत में कप्तानी करना शतरंज के खेल की तरह, हर गेंद के कुछ मायने होते है : स्मिथ

**इंदौर (भाषा)।** पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में भारत के खिलाफ यहां आस्ट्रेलिया को यादगार जीत दिलाने वाले कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि उन्हें इस देश में अपनी टीम का नेतृत्व करना पसंद है क्योंकि हर गेंद पर कुछ होने की संभावना रहती है जिससे स्थिति शतरंज के खेल की तरह होती है।

टीम के नियमित कप्तान कमिंस अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए आस्ट्रेलिया लौट गए है। भारत के 2017 के दौरे पर स्मिथ टीम के कप्तान थे और उन्होंने कहा कि वह पांच दिनों तक सपाट पिचों की जगह इस दौरे पर अब तक मिली स्पिनरों की मदद वाली पिच पर खेलना पसंद करेंगे। सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जीत के बारे में पूछे जाने पर स्मिथ ने कहा कि उन्हें अपनी टीम पर गर्व है क्योंकि शुरुआती दो टेस्ट मैच को तीन दिनों के अंदर गंवाने के बाद उसने शानदार वापसी की।

स्मिथ ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'ऐसी जीत को हासिल करना काफी मुश्किल है। टॉस गंवाने के बाद हमारे लिए इस खेल में शीर्ष पर पहुंचना इस समूह की प्रतिभा और आत्मविश्वास को दर्शाता है।' उन्होंने कहा, 'हमने दिल्ली में एक खराब सत्र के कारण मैच गंवा दिया। इससे उबरने के लिए हमें अच्छा ब्रेक मिला और हमने अच्छी तैयारी के साथ यहां आए।' उन्होंने कहा, 'यह हमारी मानसिक स्थिति को मजबूत करने के बारे में था। यह अपने तरीकों पर भरोसा करने के बारे में था। यह विश्वास रखने के बारे में था कि हम सफल होंगे और मैच का परिणाम हमारे हक में होगा।'

भारत दौरे पर छह साल में पहली बार टेस्ट में जीत का स्वाद चखने के बाद स्मिथ ने कहा, 'हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करके खुश हैं। यह जो जाहिर तौर पर कुछ समय से हमारी योजना का हिस्सा था। इस टीम के लिए इसे हासिल करना जश्न मनाने लायक है।' स्मिथ ने हालांकि कहा कि उन्होंने कप्तानी की अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली । यह टीम कमिंस की है और वही इसकी अगुआई करेंगे। उन्होंने कहा, 'मेरा समय (कप्तानी का) पूरा हुआ। यह अब पैडी (पैट कमिंस) की टीम है। मुझे खुशी है कि मैंने इस सप्ताह उन परिस्थितियों में बागडोर संभाली जब कमिंस यहां नहीं हैं।'

# ऋचा ने रैंकिंग में लगाई 21 पायदान की छलांग

**दुबई (भाषा)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने शुक्रवार को बल्लेबाजों के लिए जारी ताजा आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 21 पायदान की छलांग लगाई जिससे वह 22वें स्थान पर पहुंच गईं। हाल में समाप्त हुए टी-20 विश्व कप में रिचा ने शानदार प्रदर्शन किया था जिससे वह टूर्नामेंट की 'मोस्ट वैल्यूएबल टीम' में शामिल किए जाने वाली एकमात्र भारतीय रहीं।

सिलीगुड़ी की 19 साल की ऋचा ने 68 के औसत से 136 रन बनाए और वह स्मृति मंधाना (151 रन) के बाद दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। उन्होंने तीन नाबाद पारियां खेलीं जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ 31 रन, वेस्ट इंडीज के खिलाफ 44 रन और इंग्लैंड के खिलाफ 47 रन शामिल रहे। रैंकिंग में सबसे बड़ी छलांग श्रीलंका की विश्मी गुणरत्ने और इंग्लैंड की स्पिनर चार्ली डीन ने लगाई। गुणरत्ने 95 पायदान की छलांग से 169वें स्थान पर पहुंची।

# दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नए कोच नियुक्त



**नई दिल्ली (भाषा)।** टोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के सहायक कोच रहे दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नए कोच होंगे। भुवनेश्वर और राउरकेला में जनवरी में हुए विश्व कप में भारतीय टीम के क्वार्टर फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाने के बाद तत्कालीन कोच ग्राहम रीड ने इस्तीफा दे दिया था। रीड के कोच रहते ही भारत ने टोक्यो ओलंपिक में 41 वर्ष बाद कांस्य जीता था।

हॉकी इंडिया ने 10 मार्च से एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू मैचों से पहले शुक्रवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के 48 वर्ष के फुल्टन को करीब 25 साल कोचिंग का अनुभव है और वह औपचारिकतायें पूरी करते ही टीम से जुड़ेंगे। 48 वर्ष के फुल्टन टोक्यो ओलंपिक 2020 में खिताब जीतने वाली बेल्जियम टीम के सहायक कोच रहे हैं। वह भुवनेश्वर में 2018 विश्व कप जीतने वाली बेल्जियम टीम के सहयोगी स्टाफ का भी हिस्सा थे।

फुल्टन 2014 से 2018 के बीच आयरलैंड की पुरुष टीम के मुख्य कोच रहे जब टीम ने रियो ओलंपिक 2016 के लिए क्वालीफाई किया था। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली सौ वर्ष में वह पहली आयरिश टीम थी जिसके कारण उन्हें 2015 में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एफआईएच कोच भी चुना गया।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने यहां जारी एक बयान में फुल्टन की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा, 'मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष टीम के लिए क्रेग फुल्टन को मुख्य कोच चुना है। मैं उनके खिलाफ खेल चुका हूं और अब भारतीय टीम के नए दौर में उनके साथ काम करूंगा।' उन्होंने कहा, 'उनके पास अपार अनुभव है और उनकी कार्यशैली टीमों में आत्मविश्वास बढाती है। मैं भारत में उनका स्वागत करता हूं।' वहीं फुल्टन ने कहा, 'भारतीय हॉकी टीम का मुख्य कोच बनना सम्मान की बात है। भारत का हॉकी में सुनहरा इतिहास रहा है और मैं मौजूदा टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहता हूं जिसमें कई प्रतिभावान खिलाड़ी हैं।'

# मध्य प्रदेश 294 रन पर सिमटा शेष भारत की बढ़त 275 रन

**ग्वालियर (भाषा)।** ऑफ स्पिनर पुलकित नारंग (65 रन देकर चार विकेट) और तेज गेंदबाज नवदीप सैनी (56 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से शेष भारत ने शुक्रवार को यहां ईरानी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के तीसरे दिन पिछले सत्र की रणजी चैंपियन मध्य प्रदेश को पहली पारी में 294 रन पर समेटकर 190 रन की बढ़त हासिल की। शेष भारत ने स्टंप तक एक विकेट गंवाकर 85 रन बना लिए थे जिससे उसकी कुल बढ़त 275 रन की हो गई है। उसने पहली पारी में 484 रन बनाए थे।

**ईरानी ट्रॉफी**

पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 58 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दूसरे छोर पर उनके साथ अभिमन्यु ईश्वरन 26 रन बनाकर खेल रहे हैं जिन्होंने पहली पारी में शतक बनाया था। मध्य प्रदेश ने सुबह तीन विकेट पर 112 रन से आगे खेलना शुरू किया जिसमें यश दूबे ने अपने नाबाद 53 रन को शतक में और हर्ष गवली ने 47 रन को अर्धशतक में बदला।

दूसरे दिन दो विकेट झटकने वाले नवदीप सैनी ने गवली (54 रन) की पारी समाप्त की। पीठ की चोट से वापसी करने वाले सैनी ने 20 ओवर में 56 रन देकर तीन विकेट लिए। नारंग ने शानदार गेंद से दूबे को बोल्ड कर उनके और सारांश जैन के बीच छठे विकेट के लिए 96 रन की भागीदारी का अंत किया। दूबे ने 16 चौकों की मदद से 109 रन की पारी खेली। उनके आउट होने के बाद मध्य प्रदेश ने अपने अंतिम पांच विकेट 53 रन के अंदर गंवा दिए। जैन ने 66 रन की अर्धशतकीय पारी खेली जिसमें सात चौके और एक छक्का जड़ा था। नारंग ने जैन को आउट करने के बाद निचले क्रम को समेट दिया। उन्होंने 65 रन देकर चार विकेट हासिल किए।

# पश्चिम हीरोज और यंगस्टर की आसान जीत

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** मैन ऑफ द मैच कार्तिक, एमेनुएल और स्थापन्न खिलाड़ी अमन के गोलों से यंगस्टर फुटबाल क्लब ने दिल्ली एफसी ए डिवीजन लीग में फ्रंटियर एफसी को 3-0 से परास्त कर अभियान शुरू किया। दिन के दूसरे मुकाबले में पश्चिम हीरोज ने रॉयल एफसी को इतने ही अंतर से हराया। विजेता टीम के लिए मैन आफ द मैच हिती सेब, नली रेंगसोंग, मॉनसन मैथ्यू के गोल दर्शनीय रहे। हिती और नली को रोक पाना रॉयल की रक्षापंक्ति के लिए मुश्किल काम साबित हुआ। खासकर, हिती का कलात्मक खेल दर्शनीय रहा।

यंगस्टर की जीत की खास बात उसकी रक्षापंक्ति का ठोस प्रदर्शन था तो अग्रिम पंक्ति ने बेहतर तालमेल से फ्रंटियर की रक्षा दीवार को तोड़ा और स्कोर किया। पश्चिम हीरोज ने एक टीम के रूप में ठोस खेल दिखाया। मौकों को भुनाना और मजबूत रक्षण हीरोज का हथियार बना।

# नोएडा वंडर्स की धमाकेदार जीत

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** मैन आफ द मैच प्रदीप यादव 6/29 की घातक गेंदबाजी के दम पर नोएडा वंडर्स ने 8वें राजपति मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली कोल्टस को 150 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नोएडा वंडर्स ने दिल्ली रणजी खिलाड़ी हितेन दलाल 82 रन, रितिक अरोरा 56 रन व पार्थ जैन के नाबाद 52 रनों की मदद से 40 ओवर में 7 विकेट पर 264 का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली कोल्टस के चेतन्या ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कोल्टस की पूरी टीम 18.2 ओवर में मात्र 114 रनों पर सिमट गई। दिल्ली कोल्टस की तरफ से चेतन्या ने 57 रनों की पारी खेली। प्रदीप यादव ने छह व विवेक धामी ने दो विकेट झटके। प्रदीप यादव को शानदार गेंदबाजी के लिए स्पोर्ट्स सन मैन आफ द मैच आलोक सेठ ने प्रदान किया। **संक्षिप्त स्कोर -** नोएडा वंडर्स : 40 ओवर में 7/264 (हितेन दलाल 82 रन, रितिक अरोरा 56 रन, पार्थ जैन नाबाद 52 रन, चेतन्या 3/47), दिल्ली कोल्टस : 18.2 ओवर में 114/10 ( चेतन्या 57 रन, अभय चौहान 28 रन, प्रदीप यादव 6/29, विवेक धामी 2/31)।

**डीडीसीए लीग : नीरज ने झटके छह विकेट**

नीरज यादव की घातक गेंदबाजी 6/18, आर्यन चौधरी (30 रन, 1/43) और मयंक सिधाना 101 रन ना., राजेंद्र बिष्ट 58 रन ना. के शानदार खेल से एफसीआई ने डीडीसीए लीग मुकाबले में मोहन मीकिन्स को नौ विकेट से हराया। **संक्षिप्त स्कोर -** मोहन मीकिन्स : 37 ओवर में 192/10 (हार्दिक शर्मा 101 रन, नीरज यादव 6/18, आर्यन चौधरी 1/43), एफसीआई : 16 ओवर में 196/1 (मयंक सिधाना 101 रन ना., राजिंदर बिष्ट 58 रन ना. आर्यन चौधरी 30 रन, हार्दिक शर्मा 1/39)।

**गौरव गौतम का शतक**

गौरव गौतम 100 रन, सितेंद्र मलिक 75 रन, शिवम शर्मा 3/28, परविंदर अवाना 2/22 के शानदार खेल से केंद्रीय सचिव ने सुपर स्टार क्लब को 38 रन से पराजित किया। **संक्षिप्त स्कोर -** केंद्रीय सचिव : ओवर 40 में 281/10 (गौरव गौतम 100 रन, सितेंद्र मलिक 75 रन, वरुण वत्स 4/48), सुपर स्टार क्लब : 40 ओवर में 243/7 (मोहम्मद तैफ 103 रन, शिवम शर्मा 3/28, परविंदर अवाना 2/22)।

**प्रतीक व सुमित चमके**

प्रतीप की शानदार गेंदबाजी 5/19 और सुमित माथुर 79 रन ना. की बेहतरीन पारी की मदद से रोहतक रोड जिमखाना ने एसबी यूथ क्लब को 10 विकेट से हराया। **संक्षिप्त स्कोर -** एसबी यूथ : 23 ओवर में 103/10 (यथार्थ छाबड़ा 27 रन, पार्टिक 5/19), रोहतक रोड : 10 ओवर में बिना विकेट खोए 109/10 (सुमित माथुर 79 रन ना. ध्रुव कौशिक 26 रन ना.)।

मजबूत रिश्ते खुशी और आनन्द की कुंजी हैं। चाहे वह अपने परिजनों के साथ समय बिताना हो या किसी ऐसे व्यक्ति के लिए होना हो जिसे आपकी आवश्यकता है। दूसरों के साथ लम्बे समय तक चलने वाले संबंध बनाना एक सुखी पूर्ण जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है

- हर्ष गोयनका @hvgoenka

डचों ने एक सप्ताह में ही एक राजमार्ग के नीचे सुरंग बना दी। यह कौशल हमें हासिल करना चाहिए। यह श्रम बचत के बारे में नहीं है बल्कि समय बचत के बारे में है। उभरती हुई अर्थव्यवस्था में यह भी महत्वपूर्ण है। तेजी से बुनियादी ढांचे के निर्माण का मतलब है तेजी से विकास और सभी को लाभ

-आनन्द महिन्द्रा @anandmahindra



## संक्षिप्त खबरें

### जिंदल लि. आंध्र प्रदेश में 10 हजार करोड़ का निवेश करेगी

**विशाखापत्तनम।** जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड आंध्र प्रदेश में इस्पात संयंत्र स्थापित करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के चेयरमैन नवीन जिंदल ने शुक्रवार को बताया कि इस संयंत्र से प्रतिवर्ष 30 लाख टन इस्पात का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र से 10,000 रोजगार पैदा होंगे। नवीन जिंदल ने यहां वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2023 में कहा, ‘‘राज्य में निवेश बढाते हुए हम 10,000 करोड़ रुपये का निवेश कर कृष्णापट्टनम के पास 30 लाख टन इस्पात का उत्पादन करेंगे। इससे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से 10,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।’’ जिंदल ने कहा कि समूह सौर, वायु और हाइड्रो जैसी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने के साथ-साथ अपने मौजूदा सीमेंट संयंत्रों की क्षमता बढाने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार से करार कर रहा है। समूह राज्य में बंदरगाह, पाइपलाइन और एक एमएसएमई पार्क में भी निवेश कर रहा है।

### झारखंड सरकार ने 1.16 लाख करोड़ का बजट पेश किया

**रांची।** झारखंड सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1.16 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट अनुमान पिछले वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) से 15 प्रतिशत ज्यादा है। हेमंत सोरेन सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 1.01 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा, ‘‘मैं वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सदन में 1,16,418 करोड़ रुपये का बजट पेश करता हूं।’’ वित्त मंत्री के बजट भाषण के दौरान विपक्षी दल- भाजपा और आजसू पार्टी के सदस्य विरोध जताते हुए सदन से बाहर चले गए। वित्त मंत्री उरांव ने घोषणा की कि राज्य में मोटे अनाज (मिलेट्स) के उत्पादन को बढावा देने के लिए 50 करोड़ रुपये की लागत से एक अभियान चलाया जाएगा।

### एक्सिस निफ्टी जी.सेक सेप्टेम्बर 2032 इंडेक्स फंड लांच

**मुंबई।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपने नए फंड ऑफर एक्सिस निफ्टी जी.सेक सेप्टेम्बर 2032 इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह निफ्टी जी.सेक सेप्टेम्बर 2032 इंडेक्स के घटकों में निवेश करने वाला एक ओपन.एंडेड टारगेट मैच्योरिटी डेट इंडेक्स फंड है। इसकी न्यूनतम निवेश राशि 5000 रुपये और उसके बाद 1 रुपये के गुणकों में है। निकास शुल्क शून्य है।

# आरबीआई ने अमेजन पे पर लगाया 3.06 करोड़ का जुर्माना

**मुबंई (भाषा)।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने अमेजन पे (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड पर 3.06 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) और अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) से संबंधित कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने पर लगाया गया। आरबीआई ने एक बयान में कहा, ‘‘यह पाया गया कि संस्था केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) आवश्यकताओं पर आरबीआई के निर्देशों का पालन नहीं कर रही थी।’’

■ केन्द्रीय बैंक ने पीपीआई और केवाईसी नियमों का पालन न करने पर कंपनी पर लगाया यह जुर्माना


■ अमेजन पे ई-कामर्स दिग्गज अमेजन की डिजिटन भुगतान शाखा है

आरबीआई ने अमेजन पे (इंडिया) को एक कारण बताओ नोटिस जारी करके पूछा था कि आखिर निर्देशों का पालन न करने के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए।

इसके बाद कंपनी के जवाब पर विचार करने के बाद आरबीआई इस नतीजे पर पहुंचा कि उसके निर्देशों का पालन नहीं करने के आरोप सही हैं और ऐसे में उस पर मौद्रिक जुर्माना लगाया गया। केंद्रीय बैंक ने हालांकि कहा कि यह जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों के कारण लगाया गया है और इसका मकसद अमेजन पे (इंडिया) का अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर टिप्पणी करना नहीं है। अमेजन पे ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन की डिजिटल भुगतान शाखा है।

# सेंसेक्स 900 व निफ्टी 272 अंक उछला

**मुबंई (भाषा)।**



वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी कोषों की ताजा लिवाली के चलते शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स करीब 900 अंक चढ गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 272 अंक से ज्यादा का उछाल आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 899.62 अंक या 1.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,808.97 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 1,057.69 अंक यानी 1.79 प्रतिशत बढकर 59,967.04 पर पहुंच गया था।

इसी तरह निफ्टी 272.45 अंक यानी 1.57 प्रतिशत बढकर 17,594.35 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी और टाइटन बढने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे।

दूसरी ओर टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले और एशियन पेंट्स में गिरावट रही। अन्य एशियाई बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में बंद हुए। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढत के साथ बंद हुए।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 12,770.81 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ‘‘मुद्रास्फीति के बारे में चिंता करने की तुलना में आज बाजार के पास खुश होने के अधिक कारण थे। अडाणी के शेयरों में विदेशी निवेश की रिपोर्ट के चलते पीएसयू बैंकों में तेजी आई। इससे कमजोर भावनाओं को दूर करने में मदद मिली। एफआईआई की लिवाली से इस धारणा को और बल मिला।’’

गौरतलब है कि मुश्किल दौर से गुजर रहे अडाणी समूह ने अपनी चार सूचीबद्ध कंपनियों में कुछ हिस्सेदारी अमेरिकी संपत्ति प्रबंधक कंपनी जीक्यूजी पार्टनर्स को 15,446 करोड़ रुपये में बेची है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.07 प्रतिशत घटकर 84.69 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

### अडाणी समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली (भाषा)।** अडाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को तेजी दर्ज की गई। इससे पहले समूह ने अपनी चार सूचीबद्ध कंपनियों की कुछ हिस्सेदारी अमेरिकी संपत्ति प्रबंधन कंपनी जीक्यूजी पार्टनर्स को 15,446 करोड़ रुपये में बेच दी थी। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर बीएसई पर 16.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,879.35 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए। दिन के कारोबार के दौरान यह 18.56 प्रतिशत के उछाल के साथ 1,905 रुपये प्रति शेयर तक भी पहुंच गए।

तीन कारोबारी सत्रों में समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में 1.42 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। वहीं, अडाणी पोर्ट्स के शेयरों में 9.81 प्रतिशत, अडाणी ट्रांसमिशन, अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी टोटल गैस के शेयरों में पांच-पांच प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। अडाणी पावर के शेयर में 4.99 प्रतिशत बढ़त हुई। अडाणी विल्मर के शेयर 4.99 प्रतिशत, एनडीटीवी के शेयर में 4.98 प्रतिशत बढ़त और एसीसी के शेयर में 5.11 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। समूह की ज्यादातर कंपनियों के शेयर सुबह के कारोबार में अपने उच्च स्तर पर पहुंच गये।

# आंध्र प्रदेश में 10,000 मेगावॉट का सौर बिजलीघर लगाएगी रिलायंस

**विशाखापत्तनम (भाषा)।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि उनका समूह आंध्र प्रदेश में 10,000 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना लगाएगा। यहां दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अंबानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अब दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह, आंध्र प्रदेश मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में उल्लेखनीय रूप से बढा है।

अंबानी ने कहा, ‘‘आज सुबह, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम अपना निवेश जारी रखेंगे और हम राज्य में 10,000 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना लगाएंगे।’’ उन्होंने कहा कि रिलायंस ने अपनी केजी डी-6 परिसंपत्तियों और उससे जुड़ी गैस पाइपलइन में लगभग 1.50 लाख करोड़ का निवेश किया है।

अंबानी ने कहा कि आज रिलायंस केजी डी-6 बेसिन में जो गैस उत्पादित कर रहा है, वह देश मं स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को गति दे रहा है और जल्दी ही कुल गैस उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत का योगदान देगा। उन्होंने यह भी कहा कि समूह आंध्र प्रदेश में 50 हजार रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। साथ ही देश भर में राज्य के उत्पादों को पहुंचाने के लिए रिलायंस रिटेल, प्रदेश से कृषि, कृषि आधारित उत्पादों और अन्य उत्पादों की अधिक से अधिक खरीद करेगी।

रिलायंस जियो के बारे में उन्होंने कहा कि जियो ट्रू 5जी का क्रियान्वयन आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश में 2023 के अंत तक पूरा हो जाएगा। अंबानी ने खुदरा क्षेत्र में क्रांति का जिक्र करते हुए कहा कि रिलायंस रिटेल ने आंध्र प्रदेश के छह हजार गांवों में एक लाख 20 हजार से अधिक किराना व्यापारियों के साथ साझेदारी की है। डिजिटल युग में भी छोटे व्यापारी फल-फूल सकें इसके लिए उन्हें आवश्यक उपकरणों से लैस किया गया है।

रिलायंस रिटेल ने आंध्र प्रदेश में 20,000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार दिए हैं। आंध्र प्रदेश की क्षमता का जिक्र करते हुए उन्होंने भरोसा जताया कि राज्य नए भारत की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### अडाणी समूह सीमेंट संयंत्र, डाटा सेंटर करेगा स्थापित

**विशाखापट्टनम (भाषा)।** अडाणी समूह आंध्र प्रदेश में दो सीमेंट विनिर्माण संयंत्र, 15,000 मेगावाट के अक्षय ऊर्जा संयंत्र और एक डाटा सेंटर स्थापित करेगा। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी के बेटे करन अडाणी ने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि समूह राज्य में अपनी उपस्थिति बढाकर दोगुनी करना चाहता है। यहां आयोजित आंध्र प्रदेश वैश्विक निवेशक सम्मेलन में उन्होंने कहा कि समूह की योजना राज्य के कृष्णापट्टनम और गंगावरम में संचालित दो समुद्री बंदरगाहों की क्षमता बढाकर दोगुनी करने की है। हालांकि उन्होंने कोई निश्चित आंकड़ा नहीं दिया।

यह निवेश राज्य में पहले से ही निवेश किए गए 20,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त होगा। इससे राज्य में 18,000 प्रत्यक्ष और 54,000 परोक्ष रूप से रोजगार पैदा होंगे। समूह की अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) करन अडाणी ने कहा कि समूह राज्य में कडप्पा और नादिकुडी में एक करोड़ टन प्रतिवर्ष सीमेंट उत्पादन क्षमता वाले सीमेंट संयंत्र और विशाखापट्टनम में 400 मेगावाट का डाटा सेंटर स्थापित करेगा। अडाणी समूह पर अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा रिपोर्ट जारी कर धोखाधड़ी का आरोप लगाए जाने के बाद परिवार का कोई सदस्य पहली बार सार्वजनिक स्थान पर आया था।

### *टाटा मोटर्स ने यात्री वाहन उत्पादन में 50 लाख का आंकड़ा किया पार*

**नई दिल्ली (भाषा)।**

*प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने यात्री वाहन उत्पादन के मामले में संयुक्त रूप से 50 लाख के आंकड़े को पार कर लिया है। कंपनी ने 10 लाख यात्री वाहनों का आंकड़ा 2004 में , और 20 लाख वाहन निर्माण का आंकड़ा 2010 में पार किया था। टाटा मोटर्स ने 30 लाख का आंकड़ा 2015 में जबकि 40 लाख वाहन निर्माण का आंकड़ा 2020 में पार किया था।*

*टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने एक बयान में कहा, ‘‘प्रत्येक 10 लाख से अगले आंकड़े तक जाने की यह यात्रा उतार-चढाव से भरी है।’’ कंपनी ने कहा कि उसने कोविड महामारी और पूरी दुनिया के वाहन उद्योग को प्रभावित करने वाले सेमीकंडक्टर की कमी के संकट के बावजूद तीन साल के भीतर 40 लाख कारों से 50 लाख इकाइयों तक पहुंचने का कारनामा कर दिखाया। टाटा मोटर्स 50 लाख यात्री वाहनों का उत्पादन करने की उपलब्धि पर देशभर में अपने ग्राहकों और कर्मियों के साथ जश्न मनाने के लिए अभियान चलाएगी। कंपनी ने कहा कि उसकी सभी विनिर्माण इकाइयों और क्षेत्रीय कार्यालयों पर एक माह तक उत्सव मनाया जाएगा।*

# दीर्घकालिक दृष्टिकोण से पर्यटन को दी जा सकती है नई ऊंचाई

**नई दिल्ली (भाषा)।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लीक से हटकर सोच और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से पर्यटन को नई ऊंचाई पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में दूर-दराज क्षेत्रों के गांव भी अब पर्यटन के नक्शे पर आ गये हैं। ‘पर्यटन का मिशन मोड में विकास’ विषय पर आयोजित बजट-पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने पर्यटन स्थलों पर बहुभाषी सूचना बोर्ड लगाने की भी बात कही। इसके अलावा उन्होंने ऐसे ऐप विकसित करने पर जोर दिया, जिनमें देश की विभिन्न भाषाओं में सूचना दी गई हो।

उन्होंने कहा कि आज का भारत ‘नई कार्य संस्कृति’ के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने इस साल के बजट को लोगों से मिल रही प्रशंसा पर खुशी जताते हुए कहा कि किसी ने ऐसे बजट-पश्चात वेबिनार के बारे में नहीं सोचा होगा। उन्होंने कहा, ‘‘लेकिन हमारी सरकार ने बजट से पहले और बाद में सभी संबंधित लोगों को जोड़ा और उनके साथ काम किया।’’

प्रधानमंत्री ने कहा, ‘यह वेबिनार पर्यटन क्षेत्र में बदलाव के लिए है और जब सभी संबंधित लोग साथ आते हैं तो हमें अपना मनचाहा परिणाम तय समय के अंदर मिल जाता है।’ मोदी ने कहा, ‘‘कुछ लोग सोचते हैं कि पर्यटन एक काल्पनिक शब्द है, जो सिर्फ उच्च आयवर्ग के लोगों के लिए है। लेकिन भारत में, इसका लंबा सामाजिक-सांस्कृतिक अर्थ है।’ प्रधानमंत्री ने कहा, ‘लीक से हटकर सोच और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से पर्यटन को नई ऊंचाई पर ले जाया जा सकता है।’ उन्होंने जोर देकर कहा कि धार्मिक स्थलों की वजह से पर्यटन क्षेत्र में भारी उछाल आया है और पिछले साल सात करोड़ लोग काशी विश्वनाथ मंदिर गए। मोदी ने कहा कि इस मंदिर को पुनरोद्धार से पहले यहां हर साल लगभग 70-80 लाख श्रद्धालु पहुंचते थे लेकिन पुनरोद्धार के बाद पिछले साल यहां सात करोड़ श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने इसके बाद बताया कि केदारनाथ में केदारघाटी के पुनर्निर्माण से पहले जहां वहां सिर्फ चार-पांच लाख श्रद्धालु पहुंचते थे वहीं बाद में वहां 15 लाख श्रद्धालु पहुंचे।

## विविध

# यूके और भारत की लॉ बिरादरी के बीच बढ़ रही नजदीकियां

**नई दिल्ली, (एसएनबी)।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर सरकार के साथ देश विदेश के संगठन भी अपनी भूमिका निभा रहे है। ब्रिटेन और भारत के कानून विरादरी भी इस मौके पर एक दूसरे के नजदीक आ रहे हैं। यूके-इंडिया लीगल पार्टनर्शिप के अध्यक्ष सॉलिसिटर अजीत मिश्रा का कहना है कि विदेशी लॉ फर्मो का भारत में आने से भारतीय वकीलों और लॉ फर्मो को नुकसान होने की बात निर्मूल है। भारत में आर्बिट्रिशन हब बनने से भारतीय लॉ फर्मों और कारपोरेट जगत को फायदा होगा।




■ यूके हाई कोर्ट की पहली भारतीय मूल की जज जस्टिस चीमा और फली नरीमन पुरस्कृत

■ विदेशी लॉ फर्मों का भारत आने से भारतीय वकीलों को नुकसान नहीं होगा : सॉलिसिटर मिश्रा

इडिया 75 एंड वियोंड विषय पर ब्रिटेन के लॉ विरादरी ने भारतीय लॉ विरादरी के साथ करीबी रिश्ता कायम करने और मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता में एक दूसरे देश में वकीलों का वकालत करने और लॉ फर्म खोलने के रास्ते में आ रही अड़चनों को दूर करने के विषय पर चर्चा की। दिल्ली में आयोजित समारोह में दोनों देशों के कानूनविदों को सम्मानित किया गया। ब्रिटेन में पहली एशियाई और भारतीय भूल की जज जस्टिस चीमा को कैरी मॉरिसन- वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड, राजीव लूथरा को मैनेजिंग पार्टनर ऑफ द ईयर का अवार्ड और प्रसिद्ध भारतीय न्यायविद फली सैम नरीमन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। इस मौके पर इंग्लैंड एंड वेल्स की लॉ सोसाइटी की अध्यक्ष लुबना शुजा, सर रॉबर्ट फ्रांसिस और लेडी फ्रांसिस, इनर टेम्पल के ग्रेग डोरी और इंग्लैड एंड वेल्स के बार काउंसिल के अन्य सदस्य शामिल हुए।

इस मौके पर यूकेआईएलपी के अध्यक्ष सोलिसिटर अजीत मिश्रा ने एक बातचीत में कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच चल रही एफटीए वार्ता में एक विषय कानूनी समझौता भी है। इस समझौता में एक दूसरे देश में लॉ फर्म खोलना और काम करने की स्वतंत्रता पर समझौता होना है। हमारी संस्था इस मुद्दे पर भारतीय कानून विरादरी से बातचीत कर उनकी आशंकों को दूर कर रही है। उनका कहना है कि भारत में विदेशी लॉ फर्म फौजदारी मुकदमें लड़ने के लिए नहीं आयेंगे। वे काररपोरेट मामलों को देखेंगे। भारत में अंतरराष्ट्रीय आर्बिट्रेशन सेंटर स्थापित होने से कारेपोरेट जगत को भी फायदा होगा। अभी भारतीय कंपनियों को सिंगापुर या लंदन जाना पड़ता है।

# चुनावी हार स्वीकार नहीं कर पा रहे राहुल : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर खुफिया एजेंसियों की निगरानी में होने के उनके दावों को लेकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि लगातार चुनावी हार का सामना करने के बाद वह विदेशी धरती से भारत की छवि खराब कर रहे हैं।

■ कहा, विदेशी धरती से भारत को कर रहे हैं बदनाम



ठाकुर ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि पेगासस जासूसी मुद्दे की जांच करने वाली उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त तकनीकी समिति को राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं को अपने फोन सौंपने से किसने रोका था। राहुल गांधी ने मशहूर कैंब्रिज विश्वविद्यालय में दिए व्याख्यान में दावा किया था कि उनके और कई अन्य विपक्षी नेताओं के फोन में पेगासस स्पाइवेयर था और गुप्तचर अधिकारियों ने खुद उन्हें बताया था कि बातचीत करते हुए वह सावधान रहें क्योंकि उनकी बातों को रिकॉर्ड किया जा रहा है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भारत में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट कर रहे हैं। ठाकुर ने राहुल गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा, ‘विदेशी धरती पर फिर एक बार राहुल गांधी रोने धोने का काम कर रहे हैं। नतीजे क्या आएंगे उनको पता था और पेगासस का मुद्दा उनके दिलो-दिमाग पर बैठा हुआ है।’

उन्होंने सवाल उठाया कि पेगासस मामले में राहुल गांधी की ऐसी क्या मजबूरी थी कि उन्होंने अपना मोबाइल फोन जमा नहीं करवाया? उन्होंने कहा, ‘वो नेता जो भ्रष्टाचार के चलते जमानत पर है। ऐसा क्या था उनके फोन में कि उनको छिपाने की जरूरत पड़ गई। उन्होंने और अन्य नेताओं ने अपना मोबाइल फोन क्यों जमा नहीं करवाया?’ पेगासस एक स्पाइवेयर है जिसे इस्राइली साइबर सुरक्षा कंपनी एनएसओ ग्रुप टेक्नॉलॉजीज ने बनाया है। यह एक ऐसा प्रोग्राम है जिसे अगर किसी स्मार्टफोन में डाल दिया जाए, तो कोई हैकर उस स्मार्टफोन के माइक्रोफोन, कैमरा, ऑडियो और टेक्स्ट मेसेज, ईमेल और लोकेशन तक की जानकारी हासिल कर सकता है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि बार-बार झूठ बोलना और विदेशी धरती, दोस्तों और एजेंसियों का इस्तेमाल करना कांग्रेस नेता की एक आदत सी बन गई है। उन्होंने कहा, ‘भारत को बदनाम करने की आदत सी बन गई है उनकी। ये नफरत राहुल गांधी की प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ तो हो सकती है लेकिन देश को बदनाम करने की ये साजिश बार-बार जो विदेशी धरती से होती है...कभी विदेशी दोस्तों के माध्यम से होती है, यह अपने आप में प्रश्नचिह्न खड़ा करती है कि कांग्रेस का एजेंडा क्या है।’ केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का मान-सम्मान बढा है और आज दुनिया के बड़े-बड़े नेता उनके नेतृत्व का लोहा मान रहे हैं। उन्होंने कहा, ‘राहुल गांधी किसी और की नहीं, कम से कम इटली की प्रधानमंत्री और उनके नेताओं की ही सुन लेते।’

ज्ञात हो कि भारत दौरे पर आई इटली की प्रधानमंत्री ज्यॉर्जिया मेलोनी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की थी और उन्हें ‘दुनियाभर में सबसे चहेते नेता’ के रूप में संबोधित किया। ठाकुर ने कहा कि दुनिया के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा किए जाने को राहुल गांधी और कांग्रेस स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनादेश और चुनावों में लगातार मिलती हार को भी स्वीकार नहीं कर पाई है। त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय के चुनावी नतीजों का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि यह अपने आप में दिखाते हैं कि कैसे जनता बार-बार नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद देती है।

# देश में एक दिन में कोरोना के 283 नए मामले

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 283 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,87,162 हो गई है। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 2,525 हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना वायरस संक्रमण से अभी तक 5,30,772 लोगों की जान गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 4,41,53,865 लोग संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.63 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

# 10 साल के अनुभव वाले वकील व पेशेवर बन सकेंगे उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि 10 साल का अनुभव रखने वाले वकील और पेशेवर राज्य उपभोक्ता आयोग और जिला मंचों के अध्यक्ष और सदस्यों के तौर पर नियुक्त होने के पात्र होंगे।

■ सुप्रीम कोर्ट ने अनुभव के पैमाने में की कटौती

शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारें उपभोक्ता संरक्षण (नियुक्ति के लिए योग्यता, भर्ती की पद्धति, नियुक्ति की प्रक्रिया, कार्यकाल की अवधि, इस्तीफा और राज्य आयोग और जिला आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों को हटाने के) नियम 2020 में उपयुक्त संशोधन करें ताकि राज्य आयोग और जिला मंचों का अध्यक्ष और सदस्य बनने के लिए 10 साल के अनुभव पर्याप्त हो।

फिलहाल राज्य आयोग के लिए 20 साल और जिला मंचों के लिए 15 साल का अनुभव जरूरी था। न्यायाधीश एम.आर. शाह और न्यायाधीश एम.एम. सुंदरेश ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत इंसाफ करने के लिए प्रदान की गई शक्ति का इस्तेमाल कर निर्देश दिया कि उपयुक्त संशोधन किए जाने तक यह व्यवस्था लागू रहेगी कि जिस शख्स के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक डिग्री है और योग्यता, ईमानदारी और प्रतिष्ठा है तथा विशेष ज्ञान एवं उपभोक्ता मामलों, कानून, लोक मामलों, प्रशासन और अर्थशास्त्र में कम से कम 10 साल का अनुभव है तो वह इन पदों के लिए योग्य है।

पीठ ने यह भी कहा कि जिन लोगों के पास वाणिज्य, उद्योग, वित्त, प्रबंधन, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, लोक स्वास्थ्य या औषधि के क्षेत्र में इतना ही अनुभव है वे भी राज्य आयोग के अध्यक्ष और सदस्य के पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र हैं। पीठ ने कहा, ‘हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत यह भी निर्देश देते हैं कि राज्य आयोग और जिला आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति दो पर्चो वाली लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर की जाए।’

# वामपंथी चरमपंथ से जुड़े मामलों में 20 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली (भाषा)।** वामपंथी चरमपंथियों के धन के स्रोत पर कड़ी कार्रवाई करते हुए एनआईए ने 152 बैंक खातों और विशेष सावधि जमा रसीदें, एक फर्म तथा उसके विभिन्न साझेदारों की 20 करोड़ रुपये से ज्यादा राशि के मुचुअल फंड खाते जब्त किये हैं। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि संघीय एजेंसी ने पहली बार वामपंथी चरमपंथ से जुड़े मामलों में इतनी बड़ी राशि जब्त की है।

एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि 124 विशेष सावधि जमा रसीद सहित 152 बैंक खाते, मैसर्स संतोष कंस्ट्रक्शंस और उसके साझेदारों का एसबीआई मुचुअल फंड खाता, जिसमें 20.65 करोड़ रुपये से ज्यादा राशि हैं, को गैरकानूनी गतिविधियां (निषेध) कानून के तहत जब्त किया गया है। अधिकारी ने बताया कि इन खातों को पहले सीआरपीसी के प्रावधानों के तहत फ्रीज कर दिया गया था, लेकिन जांच के दौरान उनका संबंध आतंकवाद होने की बात सामने आयी और इस कारण यूएपीए के तहत उन्हें जब्त किया गया है। प्रवक्ता ने बताया, ‘जांच में सामने आया है कि मैसर्स संतोष कंस्ट्रक्शंस के साझेदारों में से एक मृत्युंजय कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह का भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेतृत्व से करीबी संबंध था। उसने भाकपा (माओवादी) के क्षेत्रीय समिति के सदस्य रवीन्द्र गंझू को माओवादी गतिविधियां चलाने के लिए नकद मुहैया कराया।’ एनआईए ने बताया कि झारखंड के लातेहार जिले में तुकैया मोड़ पर गंझू के नेतृत्व में भाकपा (माओवादी) ने 22 नवम्बर, 2019 को चांदवा थाने के पीसीआर वाहन पर हमला कर चार पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी और हथियार लूट लिए थे, और इसी मामले की जांच के दौरान उक्त तथ्य सामने आए।

शक्तिशाली होकर भी क्षमा करने वाले और द्ररिद्र होकर भी दान करने वाले सदैव आदरणीय होते हैं।
-अरुण गोविल@arungovil12



बचपन में होली पर पकवानों का अपना आनंद होता था। अक्सर माएं ऐसे मौकों पर हमारे लिए पकवान बनाने में लगी रहती थीं और हम इस ताक में रहते थे कि कब कुछ निकले और हमें खाने को मिल जाए। यह सुकून ही सबसे ज्यादा याद आता है।
-डा. सुमिता मिश्रा@sumitamisra



# भारत में बच्चों में मोटापा



विश्व मोटापा दिवस आज

2035 तक नौ प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की आशंका : अध्ययन

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में अगर रोकथाम, उपचार और सहायता उपायों में सुधार नहीं होता है, तो बच्चों में मोटापे के मामलों में 2035 तक नौ प्रतिशत वार्षिक वृद्धि होने की आशंका है। विश्व मोटापा दिवस से पहले जारी एक वैश्विक अध्ययन में यह बात कही गई है। हर साल चार मार्च को विश्व मोटापा दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद स्वास्थ्य के अनुरूप वजन हासिल करने व बनाए रखने और मोटापे के वैश्विक संकट को दूर करने में मदद के लिए किए जा रहे व्यवहारिक कार्यो को प्रोत्साहित करना तथा समर्थन देना होता है।

'वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन' द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि यदि रोकथाम, उपचार और सहायता उपायों में सुधार नहीं किया गया तो 12 वर्ष के अंदर आधी से अधिक वैश्विक आबादी अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2035 तक मोटापे के शिकार लोगों की दर 11 प्रतिशत हो जाएगी। 2020 से 2035 के दौरान वयस्कों में मोटापे के मामलों में 5.2 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि होगी। 'वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2023' नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 में भारत में लड़कों में मोटापे का जोखिम तीन प्रतिशत था, लेकिन 2035 तक यह जोखिम 12 प्रतिशत तक बढ जाएगा और लड़कियों के लिए जोखिम 2020 में दो प्रतिशत था, लेकिन अगले 12 वर्षो में यह बढकर सात प्रतिशत हो जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे भारत के राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर 1.8 प्रतिशत तक प्रभाव पड़ने की आशंका है।'वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन' के अध्यक्ष प्रोफेसर लुईस बाउर ने कहा, ''इस साल की रिपोर्ट एक स्पष्ट चेतावनी है कि आज मोटापे को दूर करने में विफल रहने पर, हम भविष्य में गंभीर परिणाम भुगत सकते हैं। बच्चों और किशोरों में मोटापे की दर तेजी से बढना विशेष रूप से चिंता का विषय है।''

# गुर्दे को दवाओं के नुकसान से बचाने के लिए बरतें सावधानी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** गुर्दे से जुड़ी बीमारियों में बढ़ोतरी हो रही है लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि 60 फीसद मामलों में गुर्दे को क्षति दूसरी बीमारियों में ली जाने वाली दवाओं के सेवन के कारण होती है। इसलिए गुर्दे की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि दवाओं के सेवन में बेहद सावधानी बरती जाए। वे दवाएं न लें या कम से कम लें जो गुर्दे को नुकसान पहुंचाती है। आमतौर एक दवा के कई विकल्प मौजूद होते हैं। दूसरे, यदि विकल्प नहीं मिले तो दवा की निम्न खुराक लेनी चाहिए और वह सीमित अवधि तक ही लेनी चाहिए। आमतौर पर लोग बिना डाक्टर से पूछे कई दवाओं को लंबे समय तक खाते रहते हैं। यदि उस दवा के गुर्दे के लिए नुकसान है तो इससे खतरा पैदा हो सकता है।



- 60 फीसद मामलों में गुर्दे को क्षति दूसरी बीमारियों में ली जाने वाली दवाओं के सेवन के कारण होती है
- दर्द निवारक से लेकर एंटीबायोटिक, एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल, एंटी कैंसर, मनोरोग तक की दवाएं गुर्दे को क्षति पहुंचाती हैं
- ये दवाएं गुर्दे की कार्यप्रणाली, कोशिकाओं, फ्री रेडिकल्स की संख्या में इजाफा करके, सूजन पैदा करके गुर्दे को क्षति पहुंचाती हैं
- आमतौर एक दवा के कई विकल्प मौजूद होते हैं, यदि विकल्प नहीं मिले तो दवा की निम्न खुराक लेनी चाहिए और वह भी सीमित अवधि के लिए
- इसलिए वे दवाएं न लें या कम से कम लें जो गुर्दे को नुकसान पहुंचाती हैं

एमिल फार्मास्युटिकल्स की तरफ से आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम किडनी मंथन में बेंगलुरू मेडिकल कालेज एंड रिसर्च सेंटर के इंटरनल मेडिसिन के प्रोफेसर प्रभु एस. ने शुक्रवार को यह बात कही।

उन्होंने देश विदेश में हुए अनेक अध्ययनों का जिक्र करते हुए अपने प्रजेंटेशन में कहा कि दर्द निवारक से लेकर एंटीबायोटिक, एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल, एंटी कैंसर, मनोरोग तक की दवाएं गुर्दे को क्षति पहुंचाती है। ये दवाएं गुर्द की कार्यप्रणाली, कोशिकाओं, फ्री रेडिकल्स की संख्या में इजाफा करके, सूजन पैदा करके गुर्दे को क्षति पहुंचाती है।

उन्होंने ऐसी दर्जनों दवाओं का ब्योरा भी रखा। लेकिन कहा कि सबसे अहम बात यह है कि इस खतरे से कैसे बचा जाए। उन्होंने कहा कि उन दवाओं का सेवन नहीं करना चाहिए जो गुर्दे को नुकसान पहुंचाती है।

एमिल फार्मास्युटिकल के कार्यकारी निदेशक डॉ. संचित शर्मा ने कहा कि किडनी सुरक्षा के लिए जरूरी है कि दवाओं के सेवन में बेहद सावधानी बरती जाए। वे दवाएं न लें या कम से कम लें जो किडनी को नुकसान पहुंचाती है। विश्व किडनी दिवस के उपलक्ष्य में लोगों में गुर्दे के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए कंपनी ने छह दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया है।

इसमें जाने-माने विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। एमिल ने अपनी दवा नीरी केएफटी को गुर्दे के उपचार की वैकल्पिक दवा के रूप में पेश किया है। उन्होंने बताया कि इस बेविनार में लोगों को सवाल पूछने की भी अनुमति है। कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को डा. प्रभु एस. के अलावा डा. एस. के. मिश्रा, डा. सत्या एन. डोरनाला, तथा डा. संजीव शर्मा ने अपने विचार रखे।

# मानुषी छिल्लर आईएएफ पर आधारित फिल्म में करेंगी काम

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस और पूर्व ब्यूटी क्वीन मानुषी छिल्लर को सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस द्वारा भारतीय वायु सेना (आईएएफ) पर आधारित एक तेलुगु-हिंदी एरियल एक्शन ड्रामा में काम करने का ऑफर मिला है। वरुण तेज अभिनीत इस फिल्म में मानुषी एक राडार अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी।



अपने रोल के बारे में बात करते हुए मानुषी कहती हैं, मैं सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स के साथ काम करने और एक्शन फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं। उन्होंने कहा, मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं अपने निर्देशक शक्ति प्रताप सिंह की आभारी हूं, और मैं भारतीय वायु सेना में अधिकारियों के जीवन और यात्रा को जानने के लिए उत्साहित हूं। वरुण तेज के साथ स्क्रीन स्पेस करने की यह एक रोमांचक शुरूआत है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित, यह अनटाइटल्ड फिल्म देशभक्ति और मनोरंजन करने वाली फिल्म है।

भारत द्वारा अब तक देखे गए सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक से लड़ने के दौरान उनके सामने आने वाली चुनौतियों को फिल्म प्रदर्शित करेगी।अनटाइटल्ड फिल्म (वीटी13) का निर्माण सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स के संदीप मुद्दा द्वारा किया जा रहा है।

यह नंदकुमार अब्बिनेनी और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट द्वारा सह-निर्मित है। शक्ति प्रताप सिंह हाडा अनुभवी विज्ञापन-फिल्म निर्माता, सिनेमैटोग्राफर और वीएफएक्स के प्रशंसक इस फिल्म के साथ अपने निर्देशन की शुरूआत करेंगे। शक्ति प्रताप सिंह हाडा, आमिर खान और सिद्धार्थ राज कुमार द्वारा लिखित, फिल्म को तेलुगु और हिंदी में एक साथ शूट किया

# दक्षिणी स्पेन में सबसे पुराना मानव जीनोम मिला

**बर्लिन (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक दल ने एक व्यक्ति का 23,000 साल पुराना जीनोम डेटा बरामद किया है। माना जा रहा है कि यह व्यक्ति आखिरी हिमयुग के चरम पर संभवतः यूरोप के सबसे गर्म स्थान पर रहता था। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, सबसे पुराना मानव जीनोम दक्षिण स्पेन के कुएवा डेल मलालमुएर्जो से बरामद हुआ है। इसके अलावा, देश के कुएवा डी अर्डेल्स सहित अन्य स्थानों से प्राचीन किसानों का सात हजार से पांच हजार साल पुराना जीनोम मिला है।

वैज्ञानिकों ने दक्षिण स्पेन के आंदालुसिया में स्थित कई पुरातात्विक स्थलों से बरामद प्राचीन मानव डीएनए का विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा कि स्पेन के दक्षिणी हिस्से से बरामद सबसे पुराना मानव जीनोम यूरोप के अनुवांशिक इतिहास में रहस्य की एक और कड़ी जोड़ता है। दरअसल, किसी जीव की मौत के बाद उसका डीएनए अनुकूल जलवायु परिस्थितियों में केवल निर्धारित अवधि के लिए सुरक्षित रहता है। गर्म और शुष्क जलवायु में प्राचीन अवशेषों से डीएनए अलग करना वैज्ञानिकों के लिए बड़ी चुनौती है। आंदालुसिया में जलवायु परिस्थितियां उत्तरी अफ्रीका के समान हैं। हालांकि, उत्तर अफ्रीकी देश मोरक्को की एक गुफा से मनुष्य का 14,000 साल पुराना डीएनए सफलतापूर्वक बरामद किया गया था। वैज्ञानिकों ने कहा कि शोधकर्ता अब आखिरी हिम युग के दौरान जिब्राल्टर के जलडमरूमध्य में हिम युग आबादी के शरण लेने के लिए दक्षिणी इबेरियन प्रायद्वीप के चयन की वजह और अलग-अलग समुदायों के बीच संपर्क बिंदुओं का पता लगा सकते हैं, जब समुद्र का स्तर आज की तुलना में बहुत कम था।



मध्य और दक्षिणी यूरोप के लोगों का आनुवंशिक वंश, जो अंतिम हिम युग यानी आज से 24,000 से 18,000 साल पहले अस्तित्व में थे, उन लोगों से अलग है, जो यूरोप में बाद में बसे। हालांकि, उस महत्वपूर्ण अवधि के जीनोम डेटा के अभाव के कारण अब तक पश्चिमी यूरोप की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई थी। कुएवा डेल मलालमुएर्जो से बरामद मानव जीनोम का 23 हजार साल पुराना अवशेष अंततः उस समय का डेटा उपलब्ध कराता है, जब यूरोप का बड़ा हिस्सा बर्फ की बड़ी चट्टानों से ढंका हुआ था।


# जेनरेशन जेड के युवाओं को कंगना रनौत ने कहा गाजर मूली

**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा है कि जेनरेशन जेड यानि आज के युवा घर खरीदने का खर्च वहन नहीं कर सकते। उन्हें कमिट करने से नफरत है और यहां तक कि वे सेक्स करने में भी आलसी हैं। एक्ट्रेस ने इस जेनरेशन के लोगों को गाजर मूली कहा है। उसने शुक्रवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखाः जेनरेशन जेड... हा हा उनके पैर लाठी के समान पतले है, वे अपना ज्यादातर समय बातचीत करने, देखने या पढ़ने की तुलना में फोन पर बिताते हैं, वे कमिटमेंट में अक्षम हैं और मानते हैं कि उन्हें बॉस का पद मिलना चाहिए, जिसका वे सम्मान नहीं करते। उनके बॉस अनुशासन में विश्वास करते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन जेनरेशन-जेड केवल जल्दी सफलता को अधिक महत्व देती है।उन्होंने आगे कहा : जेनरेशन-जेड को स्टारबक्स और एवोकैडो टोस्ट बहुत पसंद है, लेकिन वे घर खरीदने का जोखिम नहीं उठा सकते, वे किसी को इंप्रेस करने के लिए ब्रांडेड कपड़े किराए पर ले सकते हैं, लेकिन कमिटमेंट करने या शादी करने से नफरत करते हैं, स्टडी में यहां तक पता चला है कि वे सेक्स करने में भी आलसी हैं, वे सचमुच गाजर मूली की तरह है। उनके लिए बड़ी-बड़ी आंखें और सिली स्लैंग, ब्रेन वॉश करना बहुत आसान है... मिलेनियल्स ज्यादा बेहतर हैं, हम रूल करते हैं! कंगना वर्तमान में चंद्रमुखी 2 की शूटिंग कर रही हैं। पी. वासु द्वारा अभिनीत यह तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म चंद्रमुखी की अगली कड़ी है, जिसमें रजनीकांत और ज्योतिका हैं।



# मेरी पर्सनैलिटी बहुत बोरिंग रणबीर कपूर

**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर का कहना है कि वह सोशल मीडिया से दूर रहना पसंद करते हैं और अपने पर्सनल साइड को कम दिखाना पसंद करते हैं, ताकि उनके फैंस पर्दे पर उन्हें देखने में ज्यादा दिलचस्पी लें। उन्होंने खुद को बोरिंग बताया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर हर समय लोगों का मनोरंजन करते रहना उनके लिए संभव नहीं है।



उन्होंने कहा : वास्तव में इसके बहुत से कारण हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इन दिनों एक्टर्स के रूप में हमारे सीक्रेट्स खुलते जा रहे हैं। लोग प्रोमोशन या विज्ञापन करते समय हमें हर जगह स्क्रीन पर देख रहे हैं और वे हमें सोशल मीडिया पर भी देखते हैं, ऐसे में फैंस की थिएटर में देखने की इच्छा कम हो जाती है। इसलिए, मेरा विजन है कि मैं खुद को दर्शकों को कम दिखाऊं ताकि वे मेरे किरदार से बेहतर तरीके से जुड़ सकें और उस पर ज्यादा विश्वास कर सकें। रणबीर कपूर को उनकी फिल्म वेक अप सिड से प्रसिद्धि मिली और दर्शकों ने उन्हें फिल्म अजब प्रेम की गजब कहानी में एक रोमांटिक हीरो के रूप में देखा और बाद में वह पॉलिटिकल ड्रामा राजनीति में एक अलग अवतार में आए। एक अभिनेता के रूप में उन्होंने रॉकस्टार और बर्फी जैसी फिल्मों में अपनी प्रतिभा साबित की।



# बड़े मियां छोटे मियां में काम करती नजर आएंगी सोनाक्षी सिन्हा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेाी सोनाक्षी सिन्हा बड़े मियां छोटे मियां में काम करती नजर आयेंगी। अली अब्बास ाफर के निर्देशन में बन रही फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका है। अब इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा की इंट्री हो गयी है।

सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, 'मैं बड़े मियां छोटे मियां का हिस्सा बनने के लिए काफी उत्साहित हूं। अक्षय के साथ काम करना हमेशा अच्छा अनुभव रहता है। यह टाइगर के साथ मेरी पहली फिल्म होगी। अली अब्बास जफर कमाल के निर्देशक हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि बड़े मियां छोटे मियां ब्लॉकबस्टर रहेगी। मैं चाहती हूं कि दर्शक इस फिल्म को थिएटर में देखें और जमकर एन्जॉय करें।'गौरतलब है कि वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित एएजेड फिल्म के सहयोग से बनीं'बड़े मियां छोटे मियां', को वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया हैं।



# ऑस्कर्स की प्रेजेंटर बनेंगी दीपिका पादुकोण

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ऑस्कर्स की प्रेजेंटर की भूमिका में नजर आयेंगी। यह साल ऑस्कर 2023 में भारत के लिए गर्व करने वाले पल लेकर आया है। जहां एक तरफ'छेल्लो शो'और'आरआरआर'का'नाटू नाटू'सॉन्ग ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हुआ है, वहीं दूसरी ओर अब दीपिका पादुकोण का भी ऑस्कर अवॉर्ड के साथ कनेक्शन जुड़ गया है। दीपिका पादुकोण 13 मार्च को होने वाले ऑस्कर्स की प्रेजेंटर बनेंगी। दीपिका पादुकोण ने इसकी जानकारी फैन्स को दी है। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में बताया कि उनके अलावा ऑस्कर 2023 में ड्वेन जॉनसन, माइकल बी जॉर्डन, जेनिफर कोनली, सैम्युल एल जैक्सन, मेलिसा मेक्कार्थी, जो सलदाना, जोनाथन मेजर्स, क्वेस्टलव और डोनी येन ऑस्कर में प्रेजेंटर हैं। इनके अलावा रिज अहमद, एमिली ब्लंट, ग्लेन क्लोज, एरियाना डीबोस, जेनेल मोनाए और सैम्युल एल जैक्सन भी ऑस्कर प्रेजेंटर होंगे।